सेंसेक्स 71,683.23 ▲ +496.37
डॉलर 83.070 ▼ -0.093

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

	अधिकतम	न्यूनतम	(न्यूनतम)
रांची	22.0	09.0	16.0
धनबाद	22.0	10.0	18.0
जमशेदपुर	27.0	10.0	21.0
पलामू	22.0	09.0	17.0

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची, पौष शुक्ल पक्ष 09, विक्रम संवत 2080 | रांची, शनिवार, 20 जनवरी 2024, वर्ष-24, अंक- 343, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय | जय श्रीराम, अब होगा प्राचीन भारतीय विज्ञान ... 8 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | 'अन्नपूर्णी' विवाद पर नयनतारा ने मांगी ... 12 | देश-विदेश

रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,000

चांदी (1 किलो) 77,000

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर आज से काम करने लगा है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है।

यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

एक नजर

राष्ट्रपति भवन का 'अमृत उद्यान' 2 फरवरी से जनता के लिए खुलेगा

नई दिल्ली। राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 2 फरवरी से आम लोगों के लिए खुल जाएगा। घूमने-फिरने के शौकीन लोग फरवरी और मार्च माह में प्रत्येक सोमवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन उद्यान में जाकर अलग-अलग फूलों की खूबसूरती देख सकते हैं। राष्ट्रपति भवन की ओर से शुक्रवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया है कि उद्यान उत्सव-1 के तहत राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 2 फरवरी से 31 मार्च तक जनता के देखने के लिए खुला रहेगा। लोग सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक यहां घूमने जा सकेंगे।

एसबीआई के सीएसपी से 4.40 लाख की लूट

मेदिनीनगर। जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के खजुरी नौडीहा पुलिस पिकेट के समीप एसबीआई के एक ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएसपी) में शुक्रवार को दिनदहाड़े 4.40 लाख की लूट की घटना को अंजाम दिया गया। इस घटना को तीन अपराधियों ने तमंचे के बल पर अंजाम दिया है। सूचना के बाद पुलिस अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी में जुट गयी है।

ईडी की कारवाई के खिलाफ आदिवासी संगठनों ने किया राजभवन मार्च

बंगाल में पत्थर चला था, यहां तीर-धनुष चलेगा

■ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को छुआ भी गया तो जल उठेगा पूरा झारखंड ■ केंद्र सरकार, भाजपा, राज्यपाल व जांच एजेसियों को भी दी चेतावनी

भाजपा में हिम्मत है तो सीएम से राजनीतिक मुकाबला करें

नवीन मेल संवाददाता। रांची

ईडी की ओर से मुख्यमंत्री को एक के बाद एक लगातार आठ समन भेजे जाने से नाराज कई आदिवासी संगठनों ने शुक्रवार को पारंपरिक हरवे-हथियार व वेश-भूषा में मोरहाबादी से रेडियम रोड, कचहरी रोड होते राजभवन तक आक्रोश मार्च किया। यहां आयोजित सभा में वक्ताओं ने केंद्र सरकार, राज्यपाल और ईडी पर बेहद कड़ा प्रहार करते हुए चेतावनी दी कि बंगाल में ईडी पर पत्थर चला था, यहां तीर-धनुष चलेगा। नेताओं ने ईडी के समन को राजनीतिक से प्रेरित बताया और कहा कि एक आदिवासी सीएम के खिलाफ षड्यंत्र किया जा रहा है। चेतावनी दी कि अगर सीएम को छुआ भी गया तो झारखंड जल उठेगा। आदिवासी सेना के अध्यक्ष अजय कच्छप ने राजभवन, राज्यपाल और भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि वह साजिश करना बंद करें। राज्यपाल केंद्र का एजेंट बनकर काम करना बंद करें नहीं तो उन्हें तमिलनाडु वापस भेज दिया जाएगा। केंद्रीय सरना समिति के बैनर तले आयोजित इस सभा में अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि एक आदिवासी सीएम को परेशान किया जा रहा है। सरकार गठन के बाद से हेमंत सोरेन सरकार को गिराने, अस्थिर करने का प्रयास किया जा रहा है। जब इसमें भाजपा सफल नहीं हुई तो अब हेमंत सोरेन को केंद्रीय जांच एजेसियों के माध्यम से परेशान और तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। यह सीधे तौर पर आदिवासी पर प्रहार और हमला है जिसे आदिवासी समाज कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। केंद्र की भाजपा सरकार का यही रवैया रहा तो आने वाले दिनों में विरोध का स्वरूप और तेज होगा। संगठन के नारायण उरांव ने कहा कि अगर भाजपा में हिम्मत है तो वह सीएम से राजनीतिक मुकाबला करे, पीछे से वार करना छोड़ दे, नहीं तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।

कार्यक्रम में यह संगठन हुए शामिल

- केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, नारायण उरांव
- भारतीय आदिवासी वि.प. के कुंदरसी मुंडा
- सरना समिति कांके के अध्यक्ष सोनू खलखो
- क्षेत्रीय पड़हा समिति के अजीत उरांव
- पड़हा राजा बुधवा मुंडा
- कल्याणपुर सरना समिति के दिनेश कच्छप
- वामसेफ के जयंत कच्छप
- आदिवासी सेना के अध्यक्ष अजय कच्छप
- एचईसी विस्थापित मोर्चा के राहुल उरांव
- सरना समिति पिठोरिया के योगेंद्र उरांव
- सरना समिति कांके के सुरेंद्र लिंडा
- भारतीय आदिवासी विकास के लाली महली
- जिला परिषद के कमिश्नर मुंडा
- मसीही समाज के माइकल कच्छप
- संथाल मांझी समाज दिशोम के मोहन सोरेन
- बेदिया विकास परिषद सहित कई आदिवासी संगठनों के अगुवा व कार्यकर्ता

ईडी कार्यालय के बाहर बढ़ाई सुरक्षा मुख्यमंत्री से आज होगी पूछताछ

ईडी के रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। ईडी के खिलाफ आदिवासी संगठनों के आक्रोश को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात किया गया है। ईडी कार्यालय को बैरिकेडिंग कर घेर दिया गया है। शुक्रवार को आदिवासी संगठनों ने ईडी द्वारा आदिवासी सरकार और आदिवासी मुख्यमंत्री को अस्थिर करने का प्रयास का आरोप लगाते हुए मोरहाबादी मैदान से राजभवन तक मार्च करेंगे और वहां धरना-प्रदर्शन करेंगे। इसे लेकर राजभवन से लेकर मोरहाबादी मैदान तक भी पुलिस बल की तैनाती की गई है। उल्लेखनीय है कि 20 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ होनी है। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ईडी ने मुख्य सचिव, डीजीपी और रांची एसएसपी को भी पत्र लिखा था। ईडी झारखंड में अवैध खनन, जमीन फजीर्वाड़ा, शराब घोटाला सहित अन्य मामले की जांच कर रही है।

दूसरे समन पर भी हाजिर नहीं हुए साहिबगंज डीसी

ईडी के समन के बावजूद साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय दूसरी बार भी नहीं पहुंचे। अवैध खनन मामले में ईडी ने 17 जनवरी को समन कर उन्हें 19 जनवरी को पूछताछ के लिए ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने को कहा था। इससे पहले डीसी रामनिवास यादव को बीते छह जनवरी को समन भेजकर 11 जनवरी को पूछताछ के लिए ईडी ने बुलाया था लेकिन वह ईडी के समन के बावजूद भी उपस्थित नहीं हुए थे। उल्लेखनीय है कि ईडी ने अवैध खनन मामले में 12 ठिकानों पर एक साथ तीन जनवरी को छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने विभिन्न आपत्तिजनक डिजिटल उपकरण, दस्तावेज, रिकॉर्ड और रुपये की नकदी बरामद की। साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव के कैंप कार्यालय से 7.25 लाख रुपये सहित 36.99 लाख रुपये बरामद किये गये थे। इसके अतिरिक्त साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव के आवासीय परिसर से 9 एमएम बोर के 19 कारतूस, .380 एमएम के 2 कारतूस और 45 पिस्टल के 5 खाली खोखे भी बरामद किये गये। ईडी ने यह छापेमारी झारखंड, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और बिहार राज्यों में स्थित 12 परिसरों में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की थी।

रांची स्मार्ट सिटी को मिला राष्ट्रीय सम्मान

नवीन मेल संवाददाता। रांची

स्मार्ट सिटी रांची को एक बार फिर राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया है। नई दिल्ली के प्रगति मैदान में पिछले तीन दिनों से आयोजित 31वें कन्वर्जेंस इंडिया और 9वीं स्मार्ट सिटी इंडिया एक्सपो में रांची को सम्मानित किया गया। कन्वर्जेंस इंडिया कार्यक्रम में शुक्रवार को रूस के मास्को शहर के मंत्री सर्गेई चेरेमिन ने यह सम्मान दिया। रांची स्मार्ट सिटी की ओर से सीईओ अमित कुमार और जीएम (टेक्निकल) राकेश कुमार नंदक्योलियार ने सम्मान ग्रहण किया। यह अवार्ड स्टेट ऑफ आर्ट ग्रीनफील्ड टाउनशिप के लिए दिया गया। रांची स्मार्ट सिटी का यह मैनडेट है कि 656 एकड़ जमीन पर एबीडी क्षेत्र में निर्मित होने वाली हर बिल्डिंग कम से कम दो रेटिंग की होनी चाहिए। डेवलपर यदि चाहे तो वो पांच रेटिंग तक बिल्डिंग का निर्माण कर सकते हैं। इसके साथ इस नए क्षेत्र में ग्रीन इनिशिएटिव के ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

गीता कोड़ा को आयकर रिटर्न नहीं भरने के मामले में मिली अग्रिम जमानत

रांची। आयकर रिटर्न नहीं भरने से जुड़े एक मामले में आरोपित सिंहभूम सांसद गीता कोड़ा की अग्रिम जमानत पर शुक्रवार को कॉमर्शियल कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एमसी झा की अदालत ने अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने मामले में गीता कोड़ा की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली। याचिकाकर्ता की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता जयशंकर तिवारी ने पैरवी की। आयकर विभाग की ओर से आर्थिक अपराध के तहत गीता कोड़ा के खिलाफ 2009-10 में आयकर रिटर्न नहीं भरने को लेकर और उसका सही जानकारी नहीं देने के आरोप में चार जनवरी 2012 में अदालत में केस दर्ज किया गया है। इसी मामले में गीता कोड़ा ने 20 दिसंबर को राहत के लिए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी।

रामराज्य से मिली सबका साथ व सबके विकास की प्रेरणा : मोदी

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के सोलापुर में लोगों से 22 जनवरी को अपने घरों को राम ज्योति से रोशन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 22 को जलाई जाने वाली राम ज्योति लोगों के जीवन से गरीबी दूर करने के लिए प्रेरणा बनेगी। वह यहां 2,000 करोड़ की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पहले दिन से प्रयास कर रही है कि श्रीराम के आदर्शों पर चलते हुए देश में सुशासन और ईमानदारी का राज हो। ये रामराज्य ही है जिसने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की प्रेरणा दी है। मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि हमारे देश में लंबे समय तक गरीबी हटाओ के नारे लगते रहे लेकिन गरीबी नहीं हटी। गरीबों के नाम पर योजनाएं तो बनाई जाती थीं, लेकिन उनका लाभ गरीबों को नहीं मिलता था। उनके हक का पैसा बिचौलिए लूट जाते थे। पहले की सरकारों की नीति, नीयत और निष्ठा कठघरे में थी। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मेरी सरकार ने गरीबी हटाने के उद्देश्य से योजनाएं लागू कीं। 2014 में सरकार बनते ही मैंने कहा था, "मेरी सरकार गरीबों के लिए समर्पित सरकार है। इसलिए हमने एक के बाद एक ऐसी योजनाएं लागू कीं, जिससे गरीबों की मुश्किलें कम हों और उनका जीवन आसान बने।" उन्होंने कहा कि ये समय हम सभी के लिए भक्ति-भाव से भरा हुआ है। 22 जनवरी को वो ऐतिहासिक क्षण आने वाला है, ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

हमारे देश में लंबे समय तक गरीबी हटाओ के नारे लगे लेकिन गरीबी नहीं हटी

हमने एक के बाद एक ऐसी योजनाएं बनाईं, जिससे गरीबों की मुश्किलें कम हुईं

ईडी ने 29-30 जनवरी के लिए लालू-तेजस्वी को फिर से भेजा समन

नई दिल्ली। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। ईडी ने जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू और उनके बेटे तेजस्वी को अपने पटना कार्यालय में पूछताछ के लिए पेश होने को लेकर फिर से समन जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को दी जानकारी में बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने इस महीने के अंत में जमीन के बदले रेलवे में नौकरी के कथित घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के मामले में लालू और तेजस्वी को पटना कार्यालय में उपस्थित होने के लिए नया समन जारी किया है। लालू को 29 जनवरी को पेश होने के लिए कहा गया है, तेजस्वी को 30 को बुलाया गया है।

इंडिया

राम जन्मभूमि का शाह बानो मामले से संबंध

सुनील बादल

अयोध्या में 22 जनवरी को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे जो 5 अगस्त 2020 को हुए भूमि-पूजन कार्यक्रम में भी उपस्थित थे। वर्ष 1986 में कानूनी विवाद के बीच राम जन्मभूमि परिसर का ताला खुला था। कांग्रेस ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्योता ठुकराया तो ताला खुलवाने वाली घटना की चर्चा फिर से आम हो गई। वरिष्ठ कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि कांग्रेस वो पार्टी है जिसके नेता राजीव गांधी ने ही इस राम मंदिर का शिलान्यास, इस मंदिर का ताला खुलवाने का काम किया था। 22 दिसंबर 1949 की रात को अयोध्या में विवादित बाबरी ढांचे के नीचे हिंदू मूर्तियां प्रकट हुईं। इस घटना के बाद वहां तनाव हो गया। 29 दिसंबर 1949 को फैजाबाद की एक अदालत ने बढ़ते सांप्रदायिक तनाव को काबू करने के लिए इस स्थल को सरकार को सौंप दिया। कुछ ही समय बाद परिसर में ताला लग गया। जबकि आजादी के पहले से चली आ रही कानूनी लड़ाई चलती रही। दावा किया जाता है कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल में इस विवाद को सबसे बड़ी हवा मिली, जिसमें शाह बानो केस की बड़ी भूमिका मानी गई। मध्य प्रदेश के इंदौर की रहने वाली मुस्लिम महिला शाहबानो को पति मोहम्मद अहमद ने 62 वर्ष की उम्र में तलाक दे दिया था। उनके शौहर ने 1978 में तीन तलाक कहते हुए उनको घर से निकाल दिया था। शाहबानो उस वक्त पांच बच्चों की मां थीं। बच्चों और अपनी जीविका का कोई जरिया न होने से पति से गुजारा लेने के लिए शाह बानो ने अदालत का रुख किया। शाह बानो कोर्ट पहुंचीं। सात साल चली कानूनी लड़ाई के बाद 23 अप्रैल 1985 के दिन सर्वोच्च अदालत का फैसला तलाकशुदा महिला के पक्ष में आया। कोर्ट ने सीआरपीसी की धारा 125 के तहत फैसला दिया। इसमें कहा गया कि यह हर किसी पर लागू होता है, फिर चाहे वह व्यक्ति किसी भी धर्म का हो। इसके साथ ही अदालत ने निर्देश दिया कि शाह बानो को निर्वाह-व्यय दिया जाए। जाने-माने लेखक रामचंद्र गुहा अपनी किताब 'इंडिया आफ्टर नेहरू' में लिखा है कि न्यायाधीशों ने याचिका के संदर्भ से बाहर जाते हुए कुछ सामान्य टिप्पणी भी की। उन्होंने संविधान की धारा 44 का जिक्र करते हुए समान नागरिक संहिता का हवाला दिया और इस पर खेद जताया कि संविधान की ये धारा एक 'मृत दस्तावेज के बराबर' हो गई है। उन्होंने कहा कि लोगों में ऐसी धारणा बन गई है कि सिर्फ मुसलमानों को ही अपने निजी कानूनों में सुधार के लिए आगे आना चाहिए। विवादित विचारों वाले कानून के प्रति व्याकुल प्रतिबद्धता को दूर कर एक समान नागरिक संहिता, राष्ट्र के एकीकरण में मददगार साबित होगी। पुस्तक में लिखा गया कि सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी को पूरे मुस्लिम समुदाय के प्रति एक गैर-जरूरी टिप्पणी के रूप में देखा गया। मुस्लिम धर्मगुरुओं ने फैसले की ये कहकर आलोचना की कि यह इस्लाम पर एक हमला है। देशभर की मस्जिदों में इसका विरोध किया गया। मुस्लिम धर्म गुरुओं ने सुप्रीम कोर्ट और शाहबानो की कड़ी आलोचना की। दूसरी तरफ कुछ इस्लामी विद्वानों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह शरीयत के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा कि इस्लाम में ये प्रावधान है कि तलाक देते समय पति को अपनी पूर्व पत्नी की मृत्यु या उसके पुनर्विवाह तक उसको उचित गुजारा भत्ता देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के तीन महीने बाद जी.एम. बनात वाला नाम के सांसद ने संसद में एक प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया। इस बिल में मुसलमानों को धारा 125 के दायरे से मुक्त करने की बात कही गई थी। सदन में इस बिल का विरोध तत्कालीन केंद्रीय गृह राज्य मंत्री आरिफ मोहम्मद खान ने किया। उन्होंने अदालत के फैसले का समर्थन किया। 'इंडिया आफ्टर नेहरू' किताब में राम चंद्र गुहा लिखते हैं कि आरिफ मोहम्मद खान को प्रधानमंत्री का समर्थन हासिल था और कांग्रेस पार्टी द्वारा बिल के विरोध में जाने के कारण यह बिल संसद में गिर गया। लेकिन सदन के बाहर यह बहस चलती रही। दूसरी तरफ इंदौर में कट्टरपंथियों ने शाहबानो को धर्मच्युत करार कर दिया, उसके घर के बाहर धरना प्रदर्शन किया गया और पड़ोसियों से उसके बहिष्कार की मांग की गई। 15 नवंबर 1985 को शाहबानो, कट्टरपंथियों के दबाव के सामने झुक गईं और उन्होंने एक कागजी बयान पर अंगूठे का निशान लगा दिया, जिसमें कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले की जिम्मेदारी उन पर नहीं है और वह गुजारा भत्ते को लोकसेवा लिए दान दे देंगी। इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि मुस्लिम निजी कानून में किसी तरह का न्यायिक हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। अदालती फैसले के बाद उपजे विरोध के बीच 1985 के अंत में उत्तर भारतीय राज्यों में उप-चुनाव हुए। इनमें कांग्रेस बुरी तरह पराजित हुई। गुहा अपनी किताब में लिखते हैं कि राजनीतिक विश्लेषकों ने 'शाहबानो मामले' को इसकी वजह बताया।

मुंडा ने राष्ट्रपति से मुलाकात कर पीएम जनमन अभियान से कराया अवगत



एजेंसी। नई दिल्ली

केन्द्रीय जनजातीय कार्य और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उन्हें प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के तहत किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया है। मुंडा ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि उन्होंने गुरुवार को राष्ट्रपति मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) द्वारा विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के कल्याण के क्षेत्र में पिछले 02 महीने में हुई उपलब्धियों से अवगत कराया है।

मुंडा ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति को बताया है कि देश के पर्वतीय और सीमावर्ती क्षेत्रों सहित दूरदराज के इलाकों में 02 महीने के भीतर 8,000 से अधिक शिविरों का आयोजन किया गया। इनमें लगभग 11 लाख से अधिक पीवीटीजी समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया है।

एक नजर

कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्रा ने ब्रोंज मेडल जीतकर सिल्ली का नाम रोशन किया

सिल्ली। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सिल्ली कक्षा 11 की छात्रा लक्ष्मी कुमारी का चयन एनसीईआरटी द्वारा आयोजित राष्ट्र स्तरीय कला उत्सव हुआ था जिसका आयोजन दिल्ली में किया गया जिसमें पारंपरिक वाद्य यंत्र ढोल वादन में ब्रोंज मेडल जीतकर झारखंड एवं सिल्ली का नाम रोशन की। इस सफलता पर वार्डन मेरी अल्मा रुंडा, शिक्षिका चंद्रिका कुमारी, अनामिका लकड़ा एवं पूरे स्कूल परिवार की ओर से बधाई दिया है।

आजसू पार्टी ने ठंड को देखते हुए कंबल का किया वितरण

मुरी। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार के दिन आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के निदेर्शानुसार बंसारूली के महुआ टोली और जामनीटाड में विधवा महिला, वृद्ध व्यक्ति और असहाय लोगों के बीच बढी कड़ाके ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया गया। पार्टी की तरफ से ग्रामीणों को बताया गया कि गरीब एवं और असहाय लोगों के समस्या के निदान के लिए पार्टी हमेशा खड़ी रहेगी और हर संभव मदद करने का प्रयास करेगी। इस मौके पर गौतम कृष्ण साहू, उप प्रमुख आरती देवी, क्षेत्रीय प्रभारी लक्ष्मण महतो, ग्राम प्रभारी प्रेमचंद हजाम, सोमरा माझी, धनेश्वर बेदिया, उमेश महतो, शंकर महतो, केशव महतो, रॉबिन साहू, विश्वनाथ महतो ,रीता देवी, संजू देवी, पूरण माँझी समेत कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

20 को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित खूंटी दौरे पर संशय

खूंटी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 20 जनवरी को खूंटी दौरा प्रस्तावित है। वे यहां से अबुआ आवास योजना के लाभुकों के खाते में पैसे ट्रांसफर करेंगे। हालांकि, मुख्यमंत्री को 20 जनवरी को ईडी के सामने पूछताछ के लिए पेश भी होना है। ऐसे में संभावना है कि उनका खूंटी का कार्यक्रम रद्द भी हो सकता है। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सभा एनएचपीसी मैदान में होगी। यहीं से वे लाभुकों के खाते में पैसा ट्रांसफर करेंगे। इसके अतिरिक्त अन्य योजनाओं की भी शुरूआत होगी। इस संबंध में खूंटी डीसी लोकेश मिश्रा ने बताया कि 20 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का खूंटी आगमन होना है। डीसी ने कार्यक्रम के रद्द होने की संभावना जताते हुए बताया कि प्रशासन की तरफ से तैयारियां की जा रही हैं। साथ ही बताया कि अबुआ आवास योजना के लाभुकों के खाते में डीबीटी के माध्यम पैसा ट्रांसफर किये जाने की जानकारी मिली है।

खनन प्रभावित गांवों की सूची उपलब्ध कराएं अधिकारी : डीसी

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभा कक्ष में शुक्रवार को जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की न्यास परिषद और प्रबंधकीय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा पूर्व में ली गई योजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही नई योजनाओं की स्वीकृति के संदर्भ में चर्चा की गई। मौके पर उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को पूर्व में ली गई योजनाओं का उपयोगिता प्रमाण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जिले में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित पंचायत गुटजोरा, मुरही, भंडरा, घुनसुली, लोधमा, लरता, बमरजा, डोडमा, अम्मा, सुंदारी, बिचना, हस्सा और सोदे के विभिन्न गांवों के प्रतिवेदन के आलोक में उपायुक्त ने गांवों के नाम का अनुमोदन किया। साथ ही जनप्रतिनिधियों से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित अन्य गांवों की सूची उपलब्ध कराने को कहा। जिले में जॉब आरिएंडटेड प्लेसमेंट प्रोगाम के तहत कोचिंग सेंटर की स्थापना एवं संचालन संबंधित योजना की स्वीकृति पर परिचर्चा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि प्रारंभ में एक सौ विद्यार्थियों को जॉब आरिएंडटेड प्लेसमेंट प्रोगाम के तहत कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उक्त सेंटर में एसएससी, सीजीएल, आईबीपीएस, रेलवे एवं एसआई की कोचिंग की व्यवस्था होगी। पॉलिटेकनिक कॉलेज छात्रावास, एरेंडा में एक सौ छात्रों को खेल प्रशिक्षण के लिए पॉलिटेकनिक कॉलेज छात्रावास की मरम्मत सहित अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित योजना की स्वीकृति पर चर्चा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि उक्त कॉलेज के छात्रों को हॉकी एवं फुटबॉल का प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में पंचायतों में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्रों के जीर्णोद्धार के लिए योजना की स्वीकृति पर परिचर्चा के दौरान जिला खनन पदाधिकारी द्वारा चयनित आंगनबाड़ी सेंटरों के मरम्मत कराने के प्रस्ताव स्वीकृति दी गई।

डीएसपीएमयू में अभाविप ने की 22 जनवरी को परीक्षा स्थगित करने की मांग

नवीन मेल संवाददाता। रांची अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय इकाई के द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में 22 जनवरी को होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित करने के संबंध में आज कुलपति को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें अभाविप ने यह मांग की कि आगामी 22 जनवरी को विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली सभी परीक्षाओं को स्थगित किया जाए और नई तिथि दी जाए। अभाविप ने मांग करते हुए कहा कि 22 जनवरी को प्रभु राम के सबसे प्रतीक्षित मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा होने वाली है जिसे पूरा भारत देश इस शुभ दिन को त्योहार की तरह मना रहे है, ऐसे में जब केंद्र सरकार के द्वारा आधे दिन की छुट्टी समेत कई राज्य सरकारों ने भी छुट्टी की घोषणा की है, ऐसे में परीक्षा का संचालन कराना नीतिसंगत नहीं है। अतः विश्विद्यालय प्रशासन को 22 जनवरी की परीक्षा को स्थगित करते हुए नई तिथि की घोषणा करनी चाहिए। मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पवन नाग , सतीश केशरी, गौरव भूमिहार, प्रिंस , ऋतिक , सोनू एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

न्यूज बॉक्स

भगवान राम के आदर्शों का पालन करें : मनोरंजन कुमार

मांडर। थाना परिसर में शुक्रवार को शान्ति समिति की बैठक प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार की अध्यक्षता में की गई। थाना प्रभारी विनय यादव ने कहा कि खुशी की बात है की 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। इसमें सभी लोगों को सद्भाव और प्रेम से मिलकर इस उत्सव को मानना है। भगवान राम के आदर्शों का पालन करना है और सच्चे राम भक्त होने का परिचय देना है। साथ ही उन्होंने सभी संप्रदाय के लोगों से इस खुशी में शरीक होने की बात कही और मिलजुल कर हर्षोल्लास के साथ दीपोत्सव मनाने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि अफवाहों से बचे। बैठक को मांडर प्रमुख फिलीप सहाय एक्का, समाजसेवी आबिद अंसारी, रामबालक ठाकुर, छेदी साहु, भुवनेश्वर सिंह ने अपने अपने विचार रखे। संचालन अनुप राम ने किया। मौके पर इंस्पेक्टर अवधेश ठाकुर, उप प्रमुख अमानत अंसारी, चटवल मुखिया लक्ष्मण भगत जमील मलिक, शैलवाहन राम, रसीद अंसारी, जगदेव, छेदी साहु, आबिद अंसारी, मनोज साहु समेत अन्य लोग मौजूद थे।

ऊर्दू शिक्षकों के पद समाप्त करने को लेकर झारखंड सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

चान्हो। झारखण्ड में उर्दू पद समाप्त करने को लेकर झारखंड सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। चान्हो प्रखण्ड के सोंस में शुक्रवार को उर्दू पद समाप्त करने को लेकर झारखंड सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। साथ ही सरकार के नये नियमावली पत्र प्रारूप की कॉपी जलायी गयी। इस मौके पर लोगों ने कहा कि झारखंड सरकार मुसलमानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। अगर ऊर्दू शिक्षकों के पद को पुनः बहाल नहीं किया जाता है तो जोरदार आंदोलन किया जाएगा। मौके हिफजुर रहमान, मो तालिब, शम्स नवाज, मौलाना इकबाल तंजील, ओबेदुल्ला तहसीन समेत काफी तादाद में लोग मौजूद थे।

स्कूल के कमरे का हुआ शिलान्यास

चान्हो/मांडर। डी एम एफ टी मद अंतर्गत चान्हो प्रखंड के ताला राजकीयकृत मध्य विद्यालय में चार अतिरिक्त कमरे का शिलान्यास मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को किया। इस अवसर पर बोलते हुए श्रीमती तिर्की ने कहा कि मनुष्य का सबसे बड़ा हथियार शिक्षा है शिक्षा के विकास में हमसे जितना अधिक से अधिक हो पाएगा मैं करूंगी साथ उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि चाहे दो रोटी कम खाना पड़े लेकिन अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा जरूर दें। वही मांडर प्रखण्ड के मुड़मा में लोगों की समस्याओं को सुनकर संबंधित विभाग को दिशा निर्देश देते हुए त्वरित निष्पादन करने का आदेश दिया । मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद इश्तियाक, प्रखंड अल्पसंख्यक अध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, प्रखंड युवा अध्यक्ष इरशाद खान, मंडल अध्यक्ष प्रमोद लाल, मंडल अध्यक्ष राम उरांव, पंचायत अध्यक्ष रामनाथ उरांव, अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष जमाल अंसारी, ऐनल अंसारी, एहसान अहमद, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक, आबिद अंसारी, अर्जुन महतो, प्रमिला देवी समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

बिरसा कॉलेज में सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन

खूंटी। बिरसा कॉलेज खूंटी में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह मनाया गया। इसके तहत सप्ताह भर कॉलेज में सड़क सुरक्षा विषय पर आयोजित प्रतियोगिताओं डिक्लामेशन, निबंध, पेंटिंग, स्लोगन, भाषण तथा क्विज के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नेहरू युवा केंद्र रांची के उपनिदेशक सर्वेंद्र प्रताप सिंह और विशिष्ट अतिथि रांची विवि के अंग्रेजी विभाग के प्रो ओम प्रकाश उपस्थित थे। रहे। सर्वेंद्र सिंह ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि बिरसा की धरती के युवाओं में अपार संभावनाएं हैं जिससे ये आसमान छू लेंगे।

आरजेडी प्रभारी जीपी यादव पहुंचे रांची, बैठक आज

नवीन मेल संवाददाता। रांची प्रदेश राजद कार्यकारिणी की बैठक शनिवार (20 जनवरी) को होगी। यह बैठक सुबह 11 बजे प्रदेश कार्यालय में होगी। बैठक में भाग लेने के लिए प्रदेश प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव शुक्रवार को रांची पहुंचे। इसकी जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि बैठक के उपरांत राजद का मिलन समारोह होगा। जिसमें अन्य दल के सैकड़ों नेता कार्यकर्ता राजद की सदस्यता ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव,राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला प्रसाद यादव,पूर्व मंत्री बिहार सरकार श्याम रजक उपस्थित रहेंगे। बैठक कि अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव करेंगे। बैठक में मंत्री,सभी पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, सभी प्रदेश पदाधिकारी, प्रकोष्ठ अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य,सभी जिलाध्यक्ष महानगर अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। बैठक में शामिल होने के लिए झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर राजद नेताओं ने जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा, युवा राजद अध्यक्ष रंजन यादव, मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, रंजीत यादव, संतोष यादव, नागेश्वर यादव, चंदन शर्मा, रमाकांत शर्मा आदि शामिल थे।

जीवन ऊर्जा को अपने लक्ष्य व राष्ट्र के लिए लगाएं : डॉ उमाकांतानंद सरस्वती

नवीन मेल संवाददाता।ब रांची हरिद्वार धाम से पधारे श्री श्री 1008 जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी डॉक्टर उमाकांतनंद सरस्वती जी महाराज के पावन सानिध्य में अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर झारखंड की राजधानी रांची के हरमू मैदान में श्री राम कथा का यह आयोजन किया जा रहा है। हम सभी लोगों के लिए परम सौभाग्य की बात है की श्री मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पावन कथा के श्रवण की अमृत वर्षा का लाभ परम पूज्य स्वामी डॉ उमाकांतनंद सरस्वती जी महाराज के मुखारविंद से प्राप्त हो रहा है। ब्यास पीठ पर विराजमान स्वामी जी को चंदन, वंदन, माल्यार्पण और आरती के बाद महाराज जी कथा अमृत वर्षा का लाभ देते हुए कहा। उन्होंने कहा गोस्वामी जी कहते है कि नाव पानी मे रहे लेकिन पानी नाव में ना आवे वरना नाव डूब जाएगी उन्होंने कहा माया हमारे अंदर नही आवे ये अगर आता है तो संस्कारी दुर्गणों से हम भरे है। उन्होंने कहा वृक्ष कितना भी विशालकाय हो जड़े कमजोर तो वो गिर जाएगा बुरी आदतें सहूलियत के रूप में आती है हम सोचते है कुछ दिन बाद छोड़ देंगे लेकिन ऐसा संभव नही जीवन मे बुराइया आनंद देने आती है लेकिन फिर छूटती नहीं। जीवन को सुखद बनाना है क्योंकि जवानी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा जीवन ऊर्जा को अपने लक्ष्य व राष्ट्र के लिए लगावे। पूण्य, तपस्या, दान, सहयोग ही आपको पूण्य दिलाएगा।

भगवान का जन्म हुआ रावण के विनाश के लिए देवताओ के संग कथाओ के प्रसंग पर चर्चा की भगवान के राजयोग की चर्चा की। राम जी के चरित्र पर चर्चा की। राम जी के वनवास पर चर्चा कर प्रसंग बताया। जब सारी दुनिया सोती है तो साधु जागता है। भगवान के वनवास, केवट के प्रभु प्रेम,सहित प्रभु के बनवास से प्रेरित सभी चर्चा प्रसंग को बताया।

सुपर डिविजन क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

रांची। जिला क्रिकेट संघ द्वारा एक्सएल डाटा सर्विस सुपर डिविजन क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन शुक्रवार को मेकॉन स्टेडियम में हुआ. एक्सएल डाटा सर्विसेज के निदेशक विश्वजीत मिश्रा एवं मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब के सचिव पीके दास के द्वारा दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया. उद्घाटन मैच मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब और हेहल स्पोर्टिंग बीच खेला गया. जिसमें मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब ने जीत हासिल की साथ झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के पूर्व उपाध्यक्ष एवं हजारीबाग क्रिकेट संघ के सचिव संजय सिंह के निधन होने पर दो मिनट का मौन रखा गया. उद्घाटन समारोह में जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष सुनील कुमार कार्यकारी सदस्य रमेश कुमार, मुजफ्फर अली,मुन्ना, सहायक सचिव नंदजी पांडे ,कन्वेनर सुभाष चटर्जी एवम मुक्तेश सिंह,अजमल हुसैन और मेकॉन क्लब के सदस्य आदि मौजूद थे.

बेड़ो में नहीं थम रहा जंगली हाथियों का उत्पात

बोदा के चार किसानों की खड़ी फसलों को रौंदकर किया बर्बाद

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो बेड़ो प्रखंड के बोदा गांव के नगड़ा चौरा व केन टांड़ में चार जंगली हाथियों ने गुरुवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे उत्पात मचाते हुए मटर,आलू,सरसो,गेहूं, लहसुन व दो पानी मशीन व 400 फिट फीता को तोड़ कर और फसलों को खाकर व रौंद कर बर्बाद कर दिया। जहां हाथियों ने फुलमनी देवी के आलू,सरसो व पानी फीता 400 फिट,कृष्णा यादव के मटर गेंहू व सरसो सुदामा यादव का गेहूं लहसुन चरकु मुंडा के खलियान में रखे धान,बर्तन व ड्रम के फसल खाकर व रौंद कर बर्बाद कर दिया। वही सुधीर मुंडा व बिरसा उरांव के पानी मशीन को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं खेतों में रौंदे फसलों को देखकर किसान कराह रहे हैं। इधर जंगली हाथियों के चलते ग्रामीण शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाने को विवश हैं। साथ ही गांव के ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हैं। वहीं जिम्मेदार उदासीन हैं। आए दिन हाथियों द्वारा किसानों के तैयार फसल बर्बाद होने से उन्हें चिंता सता रही है कि दुकानदारों व बैंक का कर्ज कैसे चुकता करेंगे। इधर घटना की सूचना पर जिप सदस्य पूर्वी पार्वती भगत के प्रतिनिधि सह भाजपा नेता जगरनाथ भगत ने बोदा गांव का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। वहीं ग्रामीणों व किसानों को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

खूंटी में बाइक टकरायी पेड़ से एक की मौत, दो घायल

कर्रा। खूंटी के जरियागढ़ थाना क्षेत्र के गोविंदपुर-डोड़मा मुख्य पथ पर सोटेया मोड़ में हुई सड़क दुर्घटना में एक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान लिमड़ा गांव निवासी सुजल कच्छप (17 वर्ष) के रूप में की गयी है। घायलों में लिमड़ा गांव के ही अनुज कुजूर और प्रकाश उरांव शामिल हैं। जानकारी के अनुसार तीनों एक ही बाइक पल्सर में सवार होकर बाला मोड़ से लिमड़ा वापस आ रहे थे। इसी क्रम में बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी। बाइक की रफ्तार तेज होने के कारण सुजल को गंभीर चोट आयी और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी।

बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान का हुआ समतलीकरण, बच्चों में हर्ष

किसी भी प्रतिनिधि ने नहीं दिखाई रुचि : ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता और हजारों लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी अपेक्षित बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान को बेड़ो के पूर्व उपप्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय के प्रयासों के बाद मैदान को खेलने योग्य बनाया गया। इधर मैदान को खेलने योग्य बनते देख बच्चों के चेहरे खुशी से झलक उठे। इस दौरान मैदान में खेल खेल रहे बच्चों ने मैदान को खेलने योग्य बनाने को लेकर बेड़ो के पर्व उपप्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय का आभार प्रकट किया। इस दौरान आसपास के ग्रामीणों ने कहा कि देखा जाए तो बेड़ो के एकमात्र ऐतिहासिक मैदान होने के बावजूद इस मैदान की ओर अभी तक ना ही किसी सांसद और ना ही किसी विधायक ने ज्यादा रुचि दिखाई हो। पूर्व में मैदान में स्टेडियम बने कई वर्ष बीत गए लेकिन अब तक मैदान में बच्चों के लिए शौचालय की व्यवस्था समेत कई मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो सकी। आज से पहले बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में क्रिकेट, फुटबॉल समेत कई प्रकार के बड़े खेल आयोजित की जाती थी। लेकिन दिन-ब-दिन मैदान के उबड़-खाबड़ होने के बाद यहां के खेल प्रेमियों में मैदान ठीक ना होने को लेकर निराशा छा गई थी, और धीरे-धीरे प्रखंड मुख्यालय में खेल प्रेमियों में खेल के प्रति रुचि खत्म हो गया था। केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा खेल पर विशेष ध्यान दिए जाने के बाद भी महादानी मैदान का विकास नहीं हो सका है। लेकिन वर्ष 2023 में महादानी मैदान समतलीकरण के नाम पर हजारों रुपए खर्च किए गए, इसके बावजूद भी मैदान ठीक तरीके से खेलने योग्य नहीं बन पाया था। मैदान के उबड़-खाबड़ होने की खबर के बाद अपने संज्ञान में लेते हुए बेड़ो के पूर्व उप प्रमुख सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने पलमा से गुमला सड़क निर्माण के आरकेडी कंपनी की मदद से उबड़-खाबड़ महादानी मैदान को खेलने योग्य बनवाया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने कहा कि मैदान की स्थिति देखकर वे आरकेडी कंपनी के सीजीएम लक्ष्मण सेठी से बात कर उबड़-खाबड़ मैदान को खेलने योग समतलीकरण करने का आग्रह किया। इसके बाद आरकेडी कंपनी के डीपीएम मनोरंजन सिंह सीनियर इंजीनियर व प्रभात कुमार नंदा की देख रहे में महादानी मैदान का समतलीकरण किया गया। इधर उबड़-खाबड़ महादानी मैदान के समतलीकरण होने से धनंजय कुमार राय ने आरकेडी कंपनी के पदाधिकारी का धन्यवाद किया।

विधायक ने कुंजला में कार सेवकों को किया सम्मानित

खूंटी। अयोध्या नगरी में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा सामरोह को लेकर खूंटी के विधायक और भाजपा कें वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने शुक्रवार को ग्रामीणों के साथ मुरहू प्रखंड के राजा कुंजला स्थित त्रिदेव मंदिर की साफ-सफाई की। मौके पर विधायक ने कहा कि स्वच्छता सब जगह जरूरी है, चाहे मंदिर हो रसोई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता में ही ईश्वर का वास होता है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य सिर्फ मंदिर की सफाई करना नहीं, बल्कि लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरुकता लाना है। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबसे बड़ा सपना देश का साफ-सुथरा रखना। इसको लेकर घर-घर शौचालय बनाये गये। उन्होंने कहा कि हमारा भी दायित्व है कि हम अपने इलाके को स्वच्छ रखें। विधायक प्रतिनिधि ग्राम अध्यक्ष काशीनाथ महतो ने कहा कि कुंजला से भी कई कारसेवक अयोध्या गये थे। विघायक ने कारसेवकों तेजू महतो, भादया प्रधान, श्याम तांती शामिएको अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया।

कार्यालय – जिला पशुपालन पदाधिकारी, सिमडेगा
जिला पशुपालन कार्यालय, डिप्टी टोली, सिमडेगा, पिन कोड– 835223
Gmail Id- dahosimd@gmail.com

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लाभुकों द्वारा लाभुक अंशदान राशि जमा करने हेतु अपील

सरकार के सचिव कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के राज्यादेश संख्या–10 रा०(वि०) दिनांक 14.06.2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत पशुपालन प्रक्षेत्र की योजना/कार्यक्रमों के लिए सिमडेगा जिला के पात्र लाभुकों का चयन जिला स्तरीय समिति से किया गया है। निदेशानुसार योजना के क्रियान्वयन हेतु लाभुकों को Escrow/Dedicated Bank Account खोला जाना है इसके पश्चात् ही लाभुक के खाता में सरकारी अनुदान की राशि DBT की जाएगी।

Indian Bank Simdega शाखा के द्वारा प्रखंड में तिथि निर्धारित कर योजना के लाभुकों का बैंक खाता खोला जा रहा है। खाता खोलने की गति में तेजी लाने हेतु पंचायत स्तर पर भी बैंक प्रतिनिधि के द्वारा खाता खोला जा रहा है जिसकी सूचना प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी एवं जिला पशुपालन पदाधिकारी सिमडेगा के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

अतः सभी चयनित लाभुकों से अपील है कि यथाशीघ्र अपना Escrow/Dedicated Bank Account खुलवाना सुनिश्चित करेगें एवं अपना लाभुक अंशदान संबंधित बैंक में यथाशीघ्र जमा कर जमा–पर्ची/साक्ष्य, जिला पशुपालन कार्यालय में जमा करेगें ताकि उनके खाते में सरकारी अनुदान की राशि DBT की जा सके। चयनित लाभुकों की सूची सभी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी के पास उपलब्ध है। ससमय लाभुकों के द्वारा लाभुक अंशदान की राशि जमा नहीं की जाती है तो प्रतीक्षा सूची से लाभुकों को बदल दिया जाएगा।

राज्यादेश के आलोक में योजना के अनुसार एवं लाभुक वर्ग के अनुसार लाभुक अंशदान का ब्यौरा निम्न प्रकार है –

क्र० सं०	कार्यक्रम/योजना का नाम	योजना लागत	सरकारी अनुदान की राशि एवं प्रतिशत	लाभुक अंशदान की राशि
1	बकरा विकास योजना (4+1)	24800/–	75% अधिकतम 18600/–	6200/–
			90% अधिकतम 22320/–	2480/–
2	सूकर विकास योजना (4+1)	57800/–	75% अधिकतम 43350/–	14450/–
			90% अधिकतम 52020/–	5780/–
3	बैक्यार्ड लेयर (लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन) की योजना (400)	118200/–	75% अधिकतम 88650/–	29550/–
			90% अधिकतम 106380/–	11820/–
4	ब्रायलर कुक्कुट पालन की योजना (500)	67500/–	75% अधिकतम 50625/–	16875/–
			90% अधिकतम 60750/–	6750/–
5	बत्तख चुजा वितरण की योजना (15)	1700/–	75% अधिकतम 1275/–	425/–
			90% अधिकतम 1530/–	170/–

नोट – उपरोक्त योजनाओं में सूचना एवं सहयोग और अधिक जानकारी हेतु सबंधित प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी/भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी/जिला पशुपालन कार्यालय, सिमडेगा से संपर्क किया जा सकता है।

निवेदक
ह०/–
जिला पशुपालन पदाधिकारी, सिमडेगा

PR.NO.316523 Simdega(23-24):D

प्रमंडलीय आयुक्त ने की गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा

कार्यक्रम स्थल पर बनवाएं वाटरप्रूफ पंडाल, बैठने की हो समुचित व्यवस्था

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची। गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों और विधि-व्यवस्था को लेकर दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त दशरथ चंद्र दास ने समीक्षा बैठक की। उन्होंने मोरहाबादी मैदान की विशेष साफ सफाई के साथ पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। कार्यक्रम स्थल पर वाटरप्रूफ पंडाल, गैलरी, कुर्सी की व्यवस्था, मैदान समतलीकरण, बैरिकेडिंग, स्टेज और साउंड बॉक्स के लिए टावर निर्माण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। आयुक्त ने मंच की साज सज्जा और मंच पर वीवीआईपी के बैठने की व्यवस्था, मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम, परेड में शामिल कैडेटों के लिए अल्पाहार एवं पुष्प सज्जा की व्यवस्था आदि से संबंधित तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। समारोह के दौरान विधि-व्यवस्था और झांकियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रामीण एसपी, रांची नगर निगम के नगर आयुक्त, एसएसपी, ट्राफिक

डीएसपी, सिटी एसपी रांची, अपर जिला दंडाधिकारी, उप निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, जिला परिवहन पदाधिकारी, कमांडिंग आफिसर आर्मी हेडक्वाटर, जिला नजारत उप समाहर्ता, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, गोंदा, प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्यप्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, अग्निशामक पदाधिकारी, आड्रे हाउस सहित संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

राजधानी हुई राममय, गली और मंदिर को सजा रहे लोग

नवीन मेल संवाददाता। रांची

अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राजधानी रांची का माहौल भक्तिमय हो गया है। शहर और ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों को अलग-अलग और आकर्षक तरीके से सजाया गया है। मंदिरों में हनुमान और भगवान राम के झंडे और पताका लगाया गया है। सभी मंदिरों और आसपास के क्षेत्रों में भगवा रंग का पताका और झंडे लगाकर कर पूरे क्षेत्र को सजाया गया है। करीब सभी मंदिरों में सुबह से भजन-कीर्तन हो रहे है। शहर के अपर बाजार, शहीद चौक, महावीर चौक, कचहरी रोड, रातू रोड, मेडिकल चौक बरियातू, मेन रोड हनुमान मंदिर, चर्च रोड, चुटिया, डोरंडा, हिनू और धुर्वा में रामभक्तों के द्वारा जगह जगह भगवान राम और हनुमान के झंडे लगाये गये है। सड़क के उपर कपड़ें का भगवा पताका लगाकर पूरे क्षेत्र को भगवामय कर दिया गया है। जिससे पूरा क्षेत्र भागवान राम की भक्ति में

धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने मंदिरों व शहर में की भगवा झंडे लगाए

लीन नजर आ रहा है। इसके अलावा शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों के द्वारा भगवा झंडा और दीप का वितरण किया जा रहा है। विभिन्न संगठनों द्वारा प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को सुबह से धार्मिक आयोजन की तैयारी की गयी है। मंदिरों और शहर के कई क्षेत्रों में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण के लिए बड़े एलइडी स्क्रीन लगाया जा रहा है। जिसमें रामभक्त और राहगीर प्राण प्रतिष्ठा की अनुष्ठान को देख सकेंगे।

अवध में राम आए हैं गीत बाबूलाल ने किया लांच

रांची। भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एव खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक व झारखंड के लोक गायक आशुतोष द्विवेदी के अवध में राम आए है गीत का लॉन्चिग किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने रांची स्थित आवास पर पोस्टर का अनावरण एव यूट्यूब पर अपलोड करके लॉन्चिग किया। इस अवसर भाजपा ओबीसी मोर्चा के राजीव रंजन, रजनीश पांडेय, सिंधु बाला, गीत के प्रोड्यूसर ए के दिवाकर, संगीतकार हर्ष उपाध्याय, गीतकार अंबुज राय समेत कई लोग उपस्थित थे।

पहाड़ी मंदिर में 22 को होंगे कई धार्मिक आयोजन

रांची। अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान 22 जनवरी को रांची पहाड़ी मंदिर में कई आयोजन किया जाएगा। पहाड़ी मंदिर विकास समिति की ओर से बताया गया कि पहाड़ी मंदिर में 22 जनवरी को सुबह 7 बजे से प्रभु श्री राम का रंगोली बनाया जाएगा। संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। दोपहर एक बजे जब अयोध्या में आरती होगी, तो उसी वक्त यहां पर भी महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद महा भंडारे में भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। शाम में मंदिर परिसर और आसपास 1008 दीपों जलाया जाएगा। इसके बाद राम जानकी के स्वरूप की आरती की जाएगी।

यातायात नियमों का पालन करेंगे शिक्षक

रांची। डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के शिक्षकों ने हेलमेट लगाकर यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। शिक्षकों ने आम जनता को हेलमेट लगाकर ही दोपहिया वाहन चलाने का संदेश दिया। कहा कि सड़क पर चलने के समय स्वयं को सर्तक रखे और दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। विद्यालय के प्राचार्य एस के मिश्रा ने संदेश दिया कि जिंदगी ईश्वर प्रदत्त अमूल्य वरदान है। हमें इसकी रक्षा करनी चाहिए। इससे सभी का लाभ है।

समिति के कार्यालय के जीर्णोद्धार का शिलान्यास

रांची। श्री राम भरत मिलाप समिति डोरंडा के कार्यालय का जीर्णोद्धार राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश के सांसद निधि से होगा। सांसद ने इस मद में 14.50 लाख रुपये निर्गत करवाए। निर्माण कार्य का शुक्रवार को शिलान्यास किया गया। अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष रोहित शारदा ने सभी अतिथियों का स्वागत शाल एवं राम दरबार का चित्र देकर किया। सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि डोरंडा राम भक्तों का एक महत्वपूर्ण स्थान है। कार्यालय के जीर्णोद्वार होने से आप लोगों को सामाजिक कार्यो को करने में सुविधा होगी। समाज सेवा से जुड़े और अधिक कार्य होंगे। हटिया के विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा जनकल्याण के कार्य में लगे रहती है।

मारवाड़ी अधिवेंशन के मार्च में, पोस्टर का विमोचन

रांची। प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की 22 वीं प्रांतीय सभा सह लघु अधिवेशन समागम आगामी 30 एवं 31 मार्च को होगी। इसका आयोजन रांची में समर्पण शाखा के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन जूम के माध्यम से किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र भट्टर, प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराम सुल्नातिया, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, राष्ट्रीय सहायक मंत्री विकास खंदेलिया, प्रांतीय उपाध्यक्ष, प्रांतीय महामंत्री एवं युवा साथियों की उपस्थिति में समागम अनुभव एवं युवा जोश का पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर का विमोचन शाखा अध्यक्ष युवा श्वेता भाला, विनीता सिंघानिया, प्रांतीय अध्यक्ष युवा अरुण गुप्ता ने किया। सार्थक अग्रवाल ने कार्यकम का संचालन सह धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर सपना सिंघानिया, शशि बांका, सुमिता लाठ, पूजा सरावगी, दीपिका टेकरीवाल, ज्योति अग्रवाल, शुभा अग्रवाल, स्मिता केडिया, राधा डोलिया, रोजी खंडेलवाल, कोमल पोद्दार, रितु पोद्दार, कोमल, मीना ताइवाला और मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल उपस्थित थे।

मारवाड़ी सम्मेलन ने 500 राम भगवा ध्वज बांटी

रांची। अयोध्या धाम में निर्मित श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिला मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से भगवा ध्वज का वितरण किया जा रहा है। अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि 22 जनवरी को मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पुरुलिया रोड स्थित स्वर्णभूमि अन्नपूर्णा सेवा केंद्र एवं पहाड़ी रोड स्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा केंद्र में श्री राम उत्सव एवं दीपोत्सव मनाया जाएगा। श्री रामचंद्र जी की पूजा-अर्चना, प्रसाद भोग एवं श्री राम का भगवा ध्वज फहराया जाएगा। इस दिन दोनों अन्नपूर्णा सेवा में भोजन प्रसाद वितरण किया जाएगा। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा 22 को आकर्षक एवं भव्य बनाने के लिए जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा अपर बाजार के तीन स्थानों पर करीब 500 राम प्रभु के भगवा ध्वज का वितरण किया गया।

एक नजर

श्री महावीर मंडल रांची की ओर से झंडा और दीप का वितरण

रांची। अयोध्या में हो रहे स्थापना मोहत्सव के उपलक्ष्य में श्री महावीर मंडल रांची के द्वारा स्थापना मोहत्सव की तैयारियों की जा रही है। लोगों को अपने घरों और आसपास के क्षेत्र में झंडा लगाने के लिए श्री महावीर मंडल की ओर से दीप और झंडा का वितरण किया जा रहा है। वितरण कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा एवं अध्यक्ष अशोक पुरोहित, अर्जुन राम, लंकेश सिंह, गोपाल पारीक और रमेश केडिया शामिल थे। श्री मिश्रा ने बताया कि श्री महावीर मंडल रांची के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में प्रभु श्री राम के भक्तों के बीच दीप एवं झंडो का वितरण किया जा रहा है।

जेवीएम में कक्षा 11वी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

रांची। जवाहर विद्या मंदिर में ग्यारहवी कक्षा के सत्र 2024-25 में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आवेदन की प्रक्रिया 15 जनवरी से शुरू हुआ जो 14 मार्च तक चलेगा। आवेदन करने के इच्छुक छात्र स्कूल के अधिकारिक वेबसाइट पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दौरान होगा पाठ

रांची। श्री रामलला मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में भी विशेष सजावट किया जाएंगा। मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में सैकड़ों की संख्या में ध्वजा फहरायें जाएंगे। मंदिर की सजावट विद्युत और दीपों के प्रकाश से किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के समय पर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में रामरक्षा स्तोत्रम, रघुवीर गद्यम और श्रीविष्णु सहस्त्रनाम का निरंतर पाठ होगा। फिर भजन और हरि नाम संकीर्तनम होंगे और शाम को प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

यूजीसी नेट का दिसंबर सेशन का रिजल्ट जारी

रांची। यूजीसी नेट दिसंबर सेशन का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। हालांकि इसका सर्टिफिकेट अभी जारी नहीं किया गया है। यूजीसी का रिजल्ट आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते है। एनटीए ने रिजल्ट की घोषणा गुरुवार देर रात की है। रिजल्ट देखने के लिए अभ्यर्थियों का अप्लीकेशन नंबर और डेट ऑफ बर्थ का होना अनिवार्य है। यूजीसी के अधिकारिक वेबसाइट में जाकर छात्र स्कोर कार्ड भी डाउनलोड कर सकते हैं। नेट की परीक्षा दिसंबर 2023 में ली गयी थी। यूजीसी नेट की परीक्षा साल में दो बार होती है। पहली जून सेशन में और दूसरी दिसंबर सेशन में।

जिले के सभी बैंक निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने में जुट जाएं : राजीव

पीएमईजीपी की स्टेक होल्डर्स के साथ कार्यशाला सह निरीक्षण बैठक का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

पीएमईजीपी की कार्यशाला सह निरीक्षण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति और अब तक की उपब्धियों पर स्टेक होल्डर्स के साथ विचार विमर्श किया गया। होटल कैपिटल हिल में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योग विभाग के सचिव जितेन्द्र कुमार सिंह ने किया। मुख्य अतिथि पूर्वी क्षेत्र, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के सदस्य मनोज कुमार सिंह, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के सहायक निदेशक राजीव मलहोत्रा के साथ एसएलबीसी डीजीएम, बैंक ऑफ इंडिया के डीजीएम ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मौके पर आरबीआई रांची के डीजीएम सहित अग्रणी जिला बैंकों के प्रबंधक उपस्थिति थे। सहायक निदेशक, खादी और ग्रामोद्योग आयोग राजीव मलहोत्रा ने पीएमईजीपी की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। साथ ही वर्ष 2023-

24 के लिए निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने की सभी बैंकों से अपील की। कहा कि सभी को साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है। क्योंकि, लक्ष्य प्राप्त न करने की स्थिति में हमारे प्रदेश के हिस्से की मार्जिन मनी सब्सिडी के रूप में केन्द्र सरकार से प्राप्त राशि दूसरे प्रदेश को दे दी जाती है। जो लक्ष्य प्राप्त करने की स्थिति में हमारे बेरोजगारों के हिस्से में आनी थी। निरीक्षण बैंठक में उद्योग सचिव ने बैंकों द्वारा आवेदन के रिजेक्शन पर चिंता जताई तथा बैंकों को अपने पास आवेदन 30 दिन से ज्यादा पेंडिंग न रखने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि मनोज कुमार सिंह ने सभी स्टेक होल्डर्स को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम द्वारा प्रधानमंत्री के सपने को पूरा करने के साथ ही जुड़े हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को समायोजित करने का एक सुअवसर बताया। सभी बैंकों के पदाधिकारियों ने इस वित्तीय वर्ष में अपने-अपने बैंकों के निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने का भरोसा दिलाया। राज्य खादी और ग्रामोद्योग आयोग के सहायक निदेशक सुनील कुमार मिश्रा ने उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

मारवाड़ी सम्मेलन का अधिवेशन सह पदस्थापना समारोह 21 को

रांची। जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, स्वागताध्यक्ष कमल कुमार केडिया एवं स्वागत मंत्री पवन शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि जिला अधिवेशन सह पदस्थापना समारोह 21 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से प्रारंभ होगा। इस समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के सत्र 2024-26 के लिए अध्यक्ष पद का शपथ ग्रहण करेंगे। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ, उद्घाटनकर्ता हटिया विधायक नवीन कुमार जायसवाल, सम्मानित अतिथियों में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्षा नीरा बथवाल, अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार केडिया सहित अन्य उपस्थित रहेंगे। अधिवेशन में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। जिला अधिवेशन में 101 नए सदस्य बनाने का भी लक्ष्य रखा गया है।

गुरु नानक सत्संग सभा का 191 सदस्यीय जत्था पटना से लौटा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा के 191 श्रद्धालुओं का जत्था पटना से शुक्रवार की सुबह रांची लौट गया। पटना में प्रकाश पर्व में शामिल होने के बाद जत्था पटना-हटिया ट्रेन से रांची लौटे। जत्थे ने पटना साहिब में प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाली गई प्रभातफेरी, नगर कीर्तन तथा प्रकाश पर्व के दीवान में अपनी हाजिरी भरी। रांची से यह जत्था सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा, मनीष मिढ़ा, इंदौर मिढ़ा, रमेश पपनेजा, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, मोहित मुंजाल एवं चंदन गिरधर के नेतृत्व में 14, 15 एवं 16 जनवरी को अलग-अलग जत्थे में ट्रेन एवं बस से रवाना हुआ था। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि जत्था के रांची पहुंचने के बाद सत्संग सभा द्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 357वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 20 एवं परसों 21 जनवरी को विशेष दीवान सजाए जाएंगे। आज 20 जनवरी को सुबह का दीवान 8 से 10:30 बजे तक और रात का दीवान 8 से 12:30 बजे तक सजेगा। 21 जनवरी, रविवार का दीवान सुबह 10:30 से दोपहर 3 बजे तक सजेगा। सभी दीवानों की समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर चलाया जाएगा।

झारखंड में जियोग्राफिकल इंडीकेटर का बड़ा स्कोप : जितेंद्र कुमार

पीएचडी चैंबर का राष्ट्रीय स्तर की बौद्धिक संपदा (आईपी) यात्रा पर सेमिनार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्य में सोइराई व सोहार और डोकरा कला को जीआई टैग मिला है। कई ऐसे प्रोडक्ट को जीआई टैग के लिए चिन्हित किया गया है। किसी भी क्षेत्र का जो क्षेत्रीय उत्पाद है, उससे उस क्षेत्र की पहचान होती है। उस उत्पाद की ख्याति देश-दुनिया में फैलती है तो उसे प्रमाणित करने की प्रक्रिया के प्रति राज्यवासियों की जागरूकता जरूरी है। उद्योग विभाग झारखंड सरकार के सचिव जितेंद्र कुमार ने शुक्रवार को आड्रे हाउस में दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय बौद्धिक संपदा यात्रा पर आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि जीआइ टैग से प्रोडक्ट का वैल्यू बढ़ता है। साथ ही उसका भविष्य सुरक्षित हो जाता है। कार्यक्रम का आयोजन विकास आयुक्त कार्यालय, एमएसएमई मंत्रालय, सरकार के सहयोग से

झारखंड चैंबर का रहेगा साथ

तकनीकी सत्र में झारखंड चैंबर के उपाध्यक्ष आदित्य मलहोत्रा ने कहा कि बौद्धिक संपदा (आईपी) यात्रा पर आयोजित सेमिनार भविष्य के लिए जरुरू है। नये आइडिया को लागू करने में मेहनत लगन और समय लगता है ऐसे में उनकी मेहनत को किसी ने गुप्त रूप से पेटेंट करा लिया तो उनकी मेहनत बेकार चली जाती है। पीएचडी चैंबर का यह कार्य सराहनीय है । झारखंड में इस प्रकार की जागरूकता जरुरी है। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स इस तरह के प्रोग्राम को बढ़ावा देता है। और भविष्य में इस कार्य को सहयोग करते हुए जिला स्तर पर लोगों को जागरूक करने का प्रयास करेगा।

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री रांची ने किया। एमएसएमई डीएफओ के एचओडी सह संयुक्त सचिव इंद्रजीत यादव ने कहा कि अपने नये आइडिया का पेंटेंट जरूर करवायें, जिसे आपके नये आइडिया का लाभ देश और राज्य को मिले।

सचिव के नहीं पहुंचने से जिला परिषद की बैठक स्थगित, सदस्यों में नाराजगी

सचिव को हटाने के लिए सीएम को लिखा जाएगा पत्र, जल्द निर्णय नहीं तो आंदोलन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

जिला परिषद अध्यक्ष के द्वारा बुलाई गयी बैठक में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के अलावा सभी 36 जिला परिषद सदस्य उपस्थित हुए। लेकिन जिला परिषद सचिव नहीं आये। जिस पर जिला परिषद के सभी जनप्रतिनिधियों में नाराजगी जताई। इसके पूर्व की बैठक में भी सचिव नहीं पहुंचे थे। सभी ने एक स्वर में कहा की जिला परिषद के कंप्यूटर या यहां के कर्मचारी को बिना अध्यक्ष को सूचित किए ट्रांसफर कर दिया गया। इस निर्णय पर सभी जिला परिषद सदस्य को आपत्ति है। बैठक में कहा गया कि जिला परिषद अध्यक्ष को सूचित किये बगैर

कर्मचारियों को यहां से ट्रांसफर कर विकास भवन में भेजा गया। यह निर्णय गलत है और सभी स्थानांतरित किये हुए कर्मियों को वापस लाना होगा। सचिव की अनुपस्थिति के कारण जिला परिषद सदस्यों की सहमति से यह बैठक स्थगित कर दी गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि जिला परिषद की ओर से पंचायती राज सचिव, मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री सहित अन्य अधिकारियों को पत्र लिखकर मामले की जानकारी दी जाएगी। यदि जल्द सचिव को नहीं हटाया गया तो कार्यालय में तालाबंदी के साथ आंदोलन किया जाएगा। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, उपाध्यक्ष बीना चौधरी, जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम, मंजू सिंह मुंडा, परमेश्वरी सांडिल, सरस्वती देवी, अनुराधा मुंडा, सरिता देवी, परमेश्वर भगत, आशुतोष तिवारी, विनोदिता तिग्गा, सुषमा देवी, इतवारी कुजूर, किरण देवी, पूनम देवी और रीना देवी आदि उपस्थित थे।

श्री श्याम मित्र मंडल की बैठक में 22 के कार्यक्रम की समीक्षा

रांची। श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री श्याम मित्र मंडल की बैठक अध्यक्ष सुरेश सरावगी की अध्यक्षता में हुई । बैठक में कार्यक्रम के संयोजक व पूर्व सांसद अजय मारू ने विस्तार से तय कार्यक्रम के बारे में बताया। इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में भव्य कार्यक्रम की रूप रेखा को अंतिम रूप दिया गया। कार्यक्रम के उपसंयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि सभी तैयारियां अब अंतिम रूप में की जा रही है। लड्डुओं का प्रसाद लगातार मंदिर परिसर में विशेष निगरानी में बनाया जा रहा है। अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि इस दिन मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को नवीन पोशाक पहनाकर विशेष दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। प्रातः 10 बजे से वेदी पूजन, विग्रह पूजन, हवन पूजन तथा दीप मलिक पूजन का अनुष्ठान प्रारंभ होगा। सुबह 11:30 बजे से हवन शुरू होगा जो निरंतर चार घंटे तक चलेगा।

झारखंड के 7 उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रबंधकों की नियुक्ति

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में पठन-पाठन और शिक्षण गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए स्कूलों में प्रबंधकों की नियुक्ति की गई है। नियुक्त प्रबंधक अपनी संचार कौशल और प्रबंधन से स्कूलों की देखरेख करेंगे। ये शिक्षक, अभिभावकों और छात्रों के बीच समन्वय बनाएंगे। प्रथम चरण में 7 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नियुक्ति की गई है। ये नियुक्ति झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा की गई है। शेष 73 स्कूलों में दूसरे चरण में नियुक्ति की जाएगी। छात्रों को शैक्षणिक वातावरण में रखना और स्कूल की बुनियादी ढांचे को देखने का जिम्मा प्रबंधकों के जिम्मे होगी। स्कूलों की आर्थिक कोष की देखभाल, स्कूल में स्वच्छता, प्रतियोगिताओं, गतिविधियों, स्कूल यात्राओं और वनभोज जैसे आयोजन का ध्यान स्कूल प्रबंधक को रखना होगा। जिनकी नियुक्ति की गयी है। उसमें एसएम ओमाइर को टीवीएस

मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय जगन्नाथपुर, संजय झा को जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बमार्माइंस, शमी अख्तर को जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय धनबाद, अनिल कुमार पांडेय को जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय मेदिनीनगर, शिवरत्न प्रसाद को बरियातू बालिका मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय रांची, शुभेंदु मजूमदार को जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय चाईबासा और राम प्यारे सिंह को जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय हजारीबाग में नियुक्त किया गया।

आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक 'राष्ट्रीय नवीन मेल' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिर्पोटर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिर्पोटर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

आदिवासी संगठनों के राजभवन मार्च में कोई ढोल-नगाड़ा तो कई तीर-धनुष लेकर पहुंचा

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर पूछताछ के लिए ईडी के सम्मन के विरोध में आदिवासी समुदाय सड़क पर उतर आए है। आदिवासी संगठनों ने हेमंत सोरेन के समर्थन और ईडी की कार्रवाई के विरोध में शुक्रवार को रांची में राजभवन मार्च किया। इस राजभवन मार्च के लिए आदिवासी संगठनों के लोग सुबह से मोरहाबादी मैदान में जुटने लगे थे। दोपहर बाद हाथों में हेमंत सोरेन की तस्वीर, तीर-धनुष के साथ सरना झंडा लेकर राजभवन के समक्ष प्रदर्शन करने के लिए निकले। राजभवन मार्च करने आये आदिवासी समुदाय के लोग ढोल और नगाड़ा बजाते हुए चल रहे थे। सभी के हाथों में हेमंत सोरेन की तस्वीर से वाली तख्तियां थी। वहीं बहुत सी तख्तियों में केंद्र सरकार होश में आओ, आदिवासियों को तंग करना बंद करो सहित अन्य नारे लिखे हुए थे। राजभवन मार्च में काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। ज्यादातर महिलाएं पारंपरिक साड़ी पहनी हुई थी।

एक नजर

राज्यपाल रांची, सीएम दुमका और मंत्री जिलों में फहराएंगे तिरंगा

रांची। गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को मोरहाबादी मैदान में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उप राजधानी दुमका में और मंत्रीगण विभिन्न जिला मुख्यालयों में झंडा फहरायेंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने इस संबंध में शुक्रवार को आदेश जारी किया है। साथ ही जिलों के उपायुक्तों, एसएसपी और एसपी को आवश्यक तैयारी का निर्देश दिया है।

ये मंत्री यहां फहरायेंगे

आलमगरी आलम . . . .पाकुड़
रामेश्वर उरांव . . . . .लोहरदगा
सत्यानंद भोक्ता . . . . . .चतरा
चंपई सोरेन सरायकेला-खरसावां
जोबा मांझी प सिंहभूम, चाईबासा
बन्ना गुप्ता पू सिंहभूम जमशेदपुर
बादल . . . . . .गिरिडीह
मिथिलेश कुमार ठाकुर . .गढ़वा
हफीजुल हसन . . . . . .देवघर
बेबी देवी . . . . . .बोकारो

श्री सरोवर महादेव मंदिर में रामलीला नृत्य नाटिका 22 को

रांची। अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन 22 जनवरी को श्री सरोवर महादेव मंदिर प्रांगण में राजस्थान मित्र मंडल की ओर से रामलीला नृत्य नाटिका का आयोजन किया जाएगा। राजस्थान मित्र मंडल के अध्यक्ष अशोक पुरोहित ने शुक्रवार को बताया कि श्री सरोवर महादेव का रुद्राभिषेक पंडित अरुण मिश्रा के जरिये मंत्रोच्चार पाठ किया जाएगा। प्रभु श्रीराम की महा आरती और भजन संकीर्तन होगा। इस अवसर पर विशेष भंडारा होगा। युवा नाट्य अकादमी की ओर से रामलीला नृत्य नाटिका की प्रस्तुति की जाएगी।

अबुआ आवास के मिले 31 लाख आवेदन, 29.97 का हुआ सत्यापन

बंजर भूमि पर कैक्टस लगाने की योजना, वेगन लेदर में होगा उपयोग

मनरेगा में चार वर्षों में 4135 लाख मानव दिवस का हुआ सृजन

ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने दी जानकारी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

ग्रामीण विकास विभाग अबुआ आवास निर्माण से जुड़ी गतिविधियों में लगातार तेजी ला रहा है। अब तक ग्रामीणों से कच्चा मकान को पक्का करने के लिए 31 लाख से अधिक आवेदन मिल चुके हैं। उसमें से 29.97 लाख आवेदनों का सत्यापन किया जा चुका है। उसमें से लगभग एक लाख आवेदन डुप्लिकेट मिले हैं। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कहा कि विभाग बंजर भूमि पर कांटा रहित कैक्टस के पौधे लगाने की योजना पर कार्य कर रहा है। यह पशु चारा के साथ वेगन लेदर निर्माण में भी काम आएगा। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री चंद्रशेखर सूचना भवन के सभागार में पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दे रहे थे।

चालू वित्तीय वर्ष में 911.49 लाख मानव दिवस का सृजन : 4 वर्ष के भीतर मनरेगा के तहत अब तक 4135 लाख मानव दिवस का सृजन किया गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में 900 लाख अनुमोदित मानव दिवस के विरुद्ध अब तक कुल 911.49 लाख मानव दिवस सृजन करते हुए कुल 2962.40 करोड़ रुपए की राशि का व्यय की जा चुकी है। वहीं शत-प्रतिशत मजदूरी का भुगतान किया गया है। साथ ही इस वित्तीय वर्ष में 1100 लाख से अधिक मानव दिवस सृजन का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है। वहीं 4 वर्षों में मनरेगा की 23.73 लाख योजनाओं को पूर्ण किया जा चुका है तथा 6.85 लाख योजनाओं पर कार्य जारी है।

सामाजिक सुरक्षा की राशि बढ़ाई सामाजिक सुरक्षा के तहत मनरेगा अन्तर्गत सृजित पद के विरुद्ध कार्यरत प्रति कर्मी को राज्य सरकार द्वारा दो वर्ष के लिए 05 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिए जाने तथा दुर्घटना से मृत्यु के उपरांत उनके वैध उत्तराधिकारी को 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा रही है। दुर्घटना में मृत्यु अथवा अप्राकृतिक मृत्यु (हत्या सहित) होने अथवा स्थायी रूप से विकलांग/अंगभंग हो जाने पर पहले राशि 75 हजार रुपये दिये जाते थे, जिसे बढ़ाकर 02 लाख रुपया कर दिया गया है। दुर्घटना में आंशिक रूप से विकलांग होने पर पहले 37,500 रुपये दिये जाते थे, जिसे बढ़ाकर 75 हजार रुपये कर दिया गया है। समान्य मृत्यु होने पर पहले 30 हजार रुपये दिये जाते थे, जिसे बढ़ाकर 01 लाख रुपये कर दिये गये हैं। वहीं मनरेगा योजना अन्तर्गत निर्मित डोभा, कुआं में डूबने से मरने वाले मृतकों के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान पहले 50 हजार रुपये दिये जाते थे, जिसे बढ़ाकर 01 लाख रूपया कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 97.83 प्रतिशत निर्माण पूर्ण : प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 97.83 प्रतिशत निर्माण पूर्ण कर लिए गए हैं। 2016-2022 तक इस योजना के तहत 15,92,171 आवासों की स्वीकृति दी गयी थी। इसमें से 15,57,730 आवास पूर्ण हो चुके हैं। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के परफारमेंस इनडेक्स के अनुसार झारखंड राज्य इस मामले में पूरे देश में दूसरे स्थान पर है।

लूट, भ्रष्टाचार व घोटाले का अड्डा बना ग्रामीण विकास विभाग : सीपी सिंह

रांची। भाजपा विधायक एवं पूर्व नगर विकास विभाग मंत्री सीपी सिंह ने हेमंत सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार के चार साल में ग्रामीण विकास विभाग लूट, भ्रष्टाचार एवं घोटाले का अड्डा बन गया है। सिंह भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को प्रेस वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। सिंह ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग गांव के विकास योजनाओं को गति देने का काम करती है लेकिन हेमन्त सरकार में अभी तक मात्र 47 प्रतिशत राशि खर्च दिखाई गई है। सिंह ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग में टेंडर हो रहा है लेकिन छह-छह माह बाद भी टेंडर को खोला नही गया है। झामुमो-कांग्रेस के नेताओं के दबाव में ऐसा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विरेंद्र राम ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर हुआ करते थे जिनके यहां ग्रामीण कार्य विकास विभाग से अवैध कमाए गए करोड़ों रुपये मिले हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत मृत व्यक्ति के नाम पर पैसा निकाला गया है। यहां तक कि जो जेल मे बंद है उनके नाम पर मनरेगा से पैसा निकासी की जा रही है। कागज पर डोभा बनाकर पैसा निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि रघुवर दास सरकार के समय में ग्रामीण सड़कों,पुल पुलियों का निर्माण बड़े पैमाने पर हुआ। उन्होंने कहा कि रघुवर सरकार के समय शुरू किए गए ग्रामीण बागवानी, जोहार योजना को बंद कर दिया गया। सखी दीदी योजना की राशि आवंटन को घटा दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना बंद किया गया इसका कारण यह है कि बालू नहीं मिल रहा है। बालू की कालाबाजारी धड़ल्ले से हो रही है। बालू का दाम आसमान छू रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जानबूझकर धरातल पर लागू नहीं किया जा रहा। उन्होंने कहा कि चार साल से अनेक मनरेगा योजनाएं बंद पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में 74 ऐसे गांव है, जहां एक भी घर में नल से जल नहीं पहुचाया जा सकता है, जिसमें मुख्यमंत्री का जिला साहिबगंज के 22 गाँव सर्वाधिक है। मार्च 2024 तक लक्ष्य प्राप्ति का है। राज्य सरकार ने एक साल का एक्सटेंशन मांगा है। इतना ही नही, इस योजना में कई तरह के अनियमिताएं बढ़ती जा रही है रांची के नामकुम प्रखंड के महिलोंग व टाटी गांव में 3331 घरों में सिर्फ कागज पर ही यह योजना पहुंची है इसी प्रकार आदिवासी बहुल गांव मनिका में लोगों के घरों में नल से जल पहुंचा ही नहीं लेकिन संचिका में काम फाइनल हो चुका है। उन्होंने कहा कि पीएम आवास में झारखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना का हाल बुरा है बालू की अनुपलब्धता और अधिकारियों की लापरवाही के कारण कई जिलों में आवास पेंडिंग है पीएम आवास में बिजोलिया बाद हावी है कोडरमा में बिरहोर का आवास का पैसा बिचौलिया उठाकर खा गए।

बार एसोसिएशन के 16 पदों के लिए मतदान आज

नौवीं बार अध्यक्ष के लिए शंभू अग्रवाल हैं मैदान में, महासचिव पद पर कड़ी टक्कर

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची जिला बार एसोसिएशन (आरडीबीए) का द्विवार्षिक चुनाव के लिए शनिवार को वोट डाला जाएगा। 16 पदों के लिए 74 उम्मीदवार मैदान में खड़े हैं। इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 2163 मतदाता करेंगे। इस बार अध्यक्ष के साथ महासचिव और संयुक्त सचिव प्रशासन पद पर सबकी निगाहें है। चुनाव समिति के सदस्यों की ओर से शुक्रवार को देर रात तक सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली है। आज सुबह नए बार भवन के बेसमेंट में मतदान की प्रक्रिया शुरू होगी। मतदान का समय सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक है। मतपत्रों की गिनती रविवार 21 जनवरी को होगी।

चुनाव समिति के सदस्य अजय कुमार तिवारी एवं अमरेंद्र कुमार झा ने बताया कि वोट के लिए दो बूथ बनाए गए हैं। प्रत्येक बूथ में एक साथ 35 अधिवक्ता सदस्य प्रवेश कर अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे। मतदान को पूरी तरह से पारदर्शी रखा गया है। पूरे मतदान स्थल को सीसीटीवी से निगरानी रखी गयी है। मतदाता को अपना आईडी कार्ड या आधार कार्ड के साथ ड्रेस कोड में मतदान स्थल पहुंचने को कहा गया है।

महासचिव के लिए संजय विद्रोही और अनिल कंठ में टक्कर : आरडीबीए का सबसे महत्वपूर्ण पद महासचिव का होता है। इस पद के लिए निवर्तमान महासचिव संजय कुमार विद्रोही एवं पिछली चुनाव में हार का सामना कर चुके अनिल कुमार कंठ के बीच जबरदस्त मुकाबला दिखता नजर आ रहा है। तीसरे उम्मीदवार प्रदीप सरकार को भी सदस्य कम नहीं आंक रहे हैं।

आठ बार अध्यक्ष पद पर रहे शंभू अग्रवाल फिर मैदान में : अध्यक्ष पद पर आठ बार चुनाव जीत चुके शंभू अग्रवाल नौवीं बार फिर मैदान में दावेदारी ठोकी है। इनका सीधा मुकाबला एके मित्रा से है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी की मां मनोरमा देवी के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने सीएमपीडीआई, कांके रोड स्थित रवींद्र भवन पहुंचकर स्वर्गीय मनोरमा देवी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने न्यायमूर्ति श्री संजय कुमार द्विवेदी एवं उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव के रूप में कार्यभार संभालने के बाद आईएएस अजय कुमार सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से शुक्रवार को औपचारिक मुलाकात की।

डीपीएस में बच्चों ने दिखायी खेल प्रतिभा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

दिल्ली पब्लिक स्कूल वार्षिक खेलकूद महोत्सव में बच्चों ने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गान की प्रस्तुति से किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 6 से लेकर 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने गौरव का प्रतीक विद्यालय के झंडे को फहराया। इसके बाद सभी छह सदनों सतलज, चेनाब, जमुना, झेलम, रावी और गंगा के विद्यार्थियों एवं

राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट्स ने शानदार कदमताल करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में हाई जप, लॉग जप, शॉटपुट, जेवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो का आयोजन किया गया।

विजयी प्रतिभागियों को विशिष्ट अतिथियों द्वारा मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया। अधिकतम 168 अंक अर्जित करने वाला हाउस झेलम विजेता हाउस घोषित किया गया। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में एल्विन सुजेश मिंज, यशराज, प्रिंस शालू सोय और अनित्य अनुपम को पुरस्कृत किया गया। मौके पर प्राचार्य डॉ राम सिंह ने कहा, खेल गतिविधियों से विद्यार्थियों में खेल भावना, समय प्रबंधन, प्रतियोगिता के साथ-साथ अनुशासन के भाव का भी विकास होता है। निःसंदेह ये सारे विशिष्ट गुण उनके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं।

संक्षिप्त खबरें

हाई कोर्ट में सीए मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई दो फरवरी को

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में मनी लॉन्ड्रिंग में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम केस से जुड़े सीए मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका की आंशिक सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया की याचिका की त्रुटि दूर कर ली गई है।इसके बाद हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले के चार्जशीटेड आरोपित मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए दो फरवरी की तिथि निर्धारित की है। मुकेश मित्तल पर वीरेंद्र राम की काली कमाई का लगभग 14 करोड़ रुपये को सफेद करने का आरोप है। इसकी एवज में उसे मोटी रकम कमीशन के रूप में मिलती थी। इसके लिए उसने अपने कर्मचारियों के बैंक खातों का इस्तेमाल किया था। उल्लेखनीय है कि पूर्व में मुकेश मित्तल की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट संबंधी याचिका को इस कोर्ट खारिज कर चुका है। उनकी अग्रिम जमानत याचिका को भी ईडी कोर्ट ने बीते 16 दिसंबर को खारिज कर दिया था। इसके बाद उनकी ओर से हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है।

वीरेंद्र राम की पत्नी एवं पिता की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई दो फरवरी को

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की पत्नी एवं वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में याचिकाकर्ता की ओर से बहस की गई, जो अभी भी जारी है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई दो फरवरी की तिथि निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन ने पैरवी की। पूर्व में ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने गेंदा राम और राजकुमारी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद इन दोनों की ओर से हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है। 21 अप्रैल को वीरेंद्र राम, उनके भाई आलोक रंजन, वीरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी देवी एवं पिता गेंदा राम के खिलाफ ईडी की अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। ईडी की टीम ने वीरेंद्र राम की 39.28 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की थी। जब्त की गई संपत्ति वीरेंद्र द्वारा टेंडर में कमीशन से उगाही अर्जित की गई है। 22 फरवरी, 2023 को वीरेंद्र राम के आवास पर छापेमारी के दौरान उसके रांची के अशोक नगर स्थित आवास से ईडी ने गिरफ्तार किया था। वीरेंद्र राम के ठिकानों में छापेमारी के दौरान ईडी को करीब 40 लाख से अधिक के कैश एवं डेढ़ करोड़ के आभूषण मिले थे।

धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम के मामले में याचिकाकर्ता की हस्तक्षेप याचिका स्वीकृत

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में पलामू में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बाबा बागेश्वर धाम) के 10 से 15 फरवरी तक प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में दाखिल हनुमंत कथा आयोजन समिति की रिट याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में जस्टिस आनंदा सेन की कोर्ट ने याचिकाकर्ता के उस हस्तक्षेप याचिका (आईए) को स्वीकार कर लिया, जिसमें उसने 10 दिसंबर के पलामू उपायुक्त के आदेश को चुनौती दी है। इसी आदेश में उपायुक्त पलामू ने तीन जनवरी को हनुमंत कथा आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम के संबंध में दिए गए वृहत एक्शन प्लान को 10 जनवरी को रद्द कर दिया था। कोर्ट ने याचिकाकर्ता की आईए को स्वीकार करते हुए उसे सोमवार तक फ्रेश पिटीशन दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की फाइनल सुनवाई के लिए बुधवार की तिथि निर्धारित की है। पलामू उपायुक्त ने 10 जनवरी को कानून व्यवस्था की समस्या बताकर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को रद्द करने का आदेश दिया था। पूर्व की सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि पलामू उपायुक्त द्वारा कई कारणों से पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को रद्द किए जाने के बाद प्रस्तावित कार्यक्रम अब फरवरी 10 से 15 फरवरी निर्धारित किया गया है। यह कार्यक्रम अब रैयती भूमि पर होगा। इसके लिए ग्राम सभा से अनुमति भी मिल गई है। अब नया कार्यक्रम स्थल के लिए रैयती भूमि पर चयनित किया गया है। वहां इकोलॉजिकल बैलेंस बिगड़ने जैसी कोई बात नहीं है।कार्यक्रम स्थल ग्राम ओरनार, चैनपुर ब्लॉक, पलामू में निर्धारित है।

कपूर्री ठाकुर की शताब्दी जयंती 24 को

रांची। झारखंड ओबीसी आरक्षण मंच कपूर्री ठाकुर की शताब्दी जयंती 24 जनवरी को मनाएगा। मंच के अध्यक्ष कैलाश यादव ने शुक्रवार को कहा कि 24 जनवरी को हिनू चौक स्थित कपूर्री प्रतिमा के पास दिन के 11 बजे से झारखंड ओबीसी आरक्षण मंच और कपूर्री सेना द्वारा जननायक कपूर्री ठाकुर की शताब्दी जयंती समारोह आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि कपूर्री ठाकुर राजनीति के महानायक और मार्गदर्शक रहे हैं।

गुमला में सात वाहनों को आग लगाने के मामले में दो गिरफ्तार

गुमला। घाघरा थाना क्षेत्रांतर्गत खाली पड़ी परित्यक्त सतकोना पिकेट में सेरेंगदाग माइंस क्षेत्र के भैंसबथान माइंस में खनन कार्य में लगी सात गाड़ियों को प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के रविंद्र गंझू और उसके दस्ता सदस्यों ने आग लगा दी थी। इस संबंध में गुमला के पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि अनुसंधान व पूछताछ के क्रम में सुनील उरांव का नाम नक्सल समर्थकों की सूची में भी है,के कांड में संलिप्तता की बात प्रकाश में आई। सुनील उरांव को थाना पर लाकर पुछताछ करने पर उसके द्वारा पिकेट में लगने वाली गाड़ियों की रेकी करने की बात स्वीकार की गई। साथ ही रेकी करने में अपने एक सहयोगी जयनाथ खेरवार की संलिप्तता की बात बताई गई। जयनाथ खेरवार एक आपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है और उसके विरूद्ध लोहरदगा जिला अंतर्गत अपहरण व लूट जैसे गंभीर कांड दर्ज है। वर्तमान में वह एक अपहरण कांड में फरार चल रहा था।

एक नजर

काठी नेशन कैफे एंड रेस्टुरेंट का सांसद व विधायक ने किया उद्घाटन

रामगढ़। शहर के बिजुलिया गुप्ता कॉमपलेक्स स्थित काठी नेशन कैफे एंड रेस्टुरेंट का उदघाटन शुक्रवार को कार्यक्रम के उदघाटनकर्ता गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं संचालक मनोहर गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विधायक सुनीता चौधरी ने कहा की यहां प्रतिष्ठान आरम्भ होने से आसपास के लोगों एवं यहां से गुजरने वाले राहगीरों को लाभ होगा। जबकि रेस्टुरेंट के संचालक मनोहर गुप्ता ने कहा की यहां पर लोगों को हमारी तरफ से बेहतर सेवा प्रदान किया जाएगा। उदघाटन के मौके पर

झरपो देवी मंडप में अयोध्या महोत्सव को लेकर बैठक संपन्न

टाटीझरिया। झरपो देवी मंडप प्रांगण में अयोध्या में रामलला की महोत्सव को लेकर बैठक रामबिलास साव की अध्यक्षता में किया गया जिसका संचालन छोटन कुमार ने किया बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया की 21 जनवरी 2024 को कलश यात्रा निकाला जाएगा 22 जनवरी 2024 देवी मंडप में पूजा अर्चना हवन प्रसाद वितरण किया जाएगा ग्रामीणों द्वारा पूजा तक 20 जनवरी से लेकर 22 जनवरी 2024 तो पूरे ग्राम में मांस ,दारू बेचने और लेने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। बैठक में उपप्रमुख रवि वर्नवावाल, उपमुखिया राजेंद्र कुमार उर्फ राजा दयाल प्रसाद सुरेंद्र राणा, रामलखन पांडेय , सोनू पंडा, सुबोध पंडा, महेंद्र पंडा ,बढ़न पासवान ,रघुनंदन प्रसाद छोटी महतो ,गणेश राम परमेश्वर महतो सिकंदर प्रसाद ,प्रभु माली , प्रबील महतो सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

पोस्टमार्टम के लिए धरने पर बैठना पड़ा बरही विधायक को

हजारीबाग। बरही विधायक उमाशंकर यादव अकेला को जब यह पता लगा कि उनके क्षेत्र के तीन मृतक कैलाश रविदास, प्रकाश रविदास सदर प्रखंड के बैहरी निवासी अनमोल कुमार की सड़क दुर्घटना में मृत्यु के पश्चात पोस्टमार्टम में देरी हो रही है तो विधायक सीधे शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे. वहां पहुंचकर पोस्टमार्टम के लिए लगातार प्रयास करते रहे लेकिन 2 घंटे तक कोई डॉक्टर नहीं आया तो विधायक श्री अकेला ने नाराज होकर सीधे स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को फोन किया। स्वास्थ्य मंत्री के फोन के बाद तुरंत दो डॉक्टर पोस्टमार्टम करने आए लेकिन विधायक उमाशंकर अकेला उन्हें वहीं पोस्टमार्टम हाउस के पास ही धरने पर बैठ गये।

रामगढ़ की पूजा कुमारी को राज्यपाल ने गोल्ड मेडल देकर किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह का आयोजन गुरूवार को महिलौंग के बसंत कुमार बिरला सभागार में हुआ। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधा कृष्णन, विशिष्ट अतिथि विक्रम साराभाई स्पेस स्टेशन के निदेशक डॉ एस उन्नीकृष्णन नायर, इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ साइंस के प्रो राधाकांत पाढ़ी मौजूद थे। दीक्षांत समारोह के क्रम में रामगढ़ चट्टी बाजार निवासी पूजा कुमारी राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन द्वारा गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। पूजा कुमारी एमबीए में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर अपने बैच की टॉपर बनी थीं। पूजा कुमारी विनोद कुमार पंकज की सुपुत्री हैं। पूजा सहित 23 अन्य छात्र छात्राओं को समारोह के क्रम में गोल्ड मेडल एवं 575 छात्र छात्राओं को डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। पूजा कुमारी को राज्यपाल द्वारा सम्मानित किये जाने पर अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यख महावीर अग्रवाल, प्रमंडलीय सचिव विमल बुधिया, सचिव प्रकाश पटवारी, कोषाध्यक्ष मानिक चंद जैन, उपाध्यक्ष विनय अग्रवाल, हरीश चौधरी, महेश अग्रवाल, विष्णु पोद्दार,उमेश राजगढ़िया, अनिल गोयल आदि ने बधाई दी है।

कांग्रेस का दलित गौरव सम्मान समारोह आज

आगामी लोक सभा चुनाव में कांग्रेस को मिलेगा पूर्ण समर्थन : केदार

नवीन मेल संवाददाता। बरही अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अनुसूचित विभाग का दलित गौरव सम्मान समारोह शनिवार को नगर भवन बरही में आयोजित किया जायेगा. उक्त जानकारी कार्यक्रम के प्रदेश कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने दी. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एससी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान होंगे. प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय संविधान के निमार्ता डॉ भीम राव अंबेदकर के होने के बाबजूद आज अनुसूचित जातियों को अधिकार व सम्मान नही मिल रहा है. अनुसूचित जाति के लोग हासिए पर आ गए हैं. उनके हक और अधिकार पर ग्रहण लग गया है. उन्हे उनके अधिकार और गौरव दिलाने के उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी यह सम्मान कार्यक्रम राज्य के प्रत्येक लोकसभा में आयोजित कर रही है. कांग्रेस ही देश की एकमात्र पार्टी है जहां हर वर्ग को उचित सम्मान मिला है. इन्हीं उद्देश्यों से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत की गई है. जिसमे लोगो का भरपूर सहयोग और समर्थन मिल रहा है. कांग्रेस का जनाधार बढ़ा है. पूर्ण विश्वास है कि आगमी लोस चुनाव में हमारी पार्टी को केंद्र में पूर्ण समर्थन मिलेगा. सामंती शासन का अंत होगा और जनता को एक बार फिर सम्मान अधिकार और हक मिलेगा.

न्यूज बॉक्स

भाजपा की नवगठित कमेटी में तेली समाज की अनदेखी भाजपा को पड़ेगी भारी : अमित साहू

रामगढ़। तेली युवा महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश द्वारा गठित प्रदेश कमेटी में तेली समाज के नेताओं को प्रदेश कमेटी में उचित मान सम्मान नहीं देने की बात कहते हुए गहरा आक्रोश प्रकट किया है। श्री साहू ने कहा है कि प्रदेश के लगभग 13% आबादी वाले तेली समाज को भाजपा सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करती आ रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में समाज को राजनीतिक भागीदारी से वंचित रखने वाले भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ तेली समाज जल्द से जल्द राज्यस्तरीय आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगी। अमित साहू ने कहा कि लगातार कई सालों से भारतीय जनता पार्टी अपने प्रदेश कमेटी में तेली के नाम पर सिर्फ कौलम पूरा करने का कार्य करती आ रही है जो अब बर्दाश्त से बाहर हो गया है। भाजपा तेली समाज की अनदेखी भाजपा के लिए काफी भारी पड़ेगी। उन्होंन प्रदेश कमेटी में जल्द से जल्द तेली समाज की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही है। कहा की ऐसा नहीं होने पर भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ तेली समाज द्वारा आगे आंदोलन के रूप रेखा तैयार किया जाएगा।

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी संस्थान में स्मृति दिवस मनाया गया

रामगढ़। प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी संस्थान न्यू कॉलोनी बागीचा रामगढ़ में बाबा का स्मृति दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के रामगढ़ कैंट महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि सूर्यवंश श्रीवास्तव, नगर परिषद क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि मनोज सिन्हा, विशिष्ट अतिथि अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष हरजीत सिंह मौजूद थे। स्मृति दिवस पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर बीके कृष्णा भाई ने बाबा की जीवनी पर प्रकाश डाला और बताया कि भगवान ब्रम्हा साक्षात बाबा के काया में विराजमान है और बाबा का संदेश सुनाया। साथ ही अतिथियों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर सभी की सुख शांति और समृद्धि की कामना की गई। मौके पर बीके चन्दन कुमार, अर्जुन कुमार, देवंती माता,अम्बिका माता सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थे।

समाज सेवी उगन सिंह का निधन अपूरणीय क्षतिः मुखिया

बरकट्ठा। प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत ग्राम कोनहरा कला निवासी समाजसेवी उगन सिंह के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं मुखिया अब्बास अंसारी ने शोकाकुल परिवार से मिलकर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों का ढांढस बंधाया। मुखिया ने बताया कि स्व उगन सिंह के निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।मृतक कोनहरा कला के समाज को सींचने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी कमी हमेशा खलेगी। मौके पर श्यामलाल सिंह,गुरुसहाय सिंह, ईश्वर यादव, कुलदीप सिंह, सुरेंद्र सिंह, चंद्रिका महतो, बहादुर सिंह, जीवन यादव,फुशन सिंह,राजू यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

एआईएमआईएम ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

बरही। स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के द्वारा राज्य में उर्दू शिक्षक के पद को मरणशील घोषित करने को लेकर एआईएमआईएम पार्टी ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीओ को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेखित है कि राज्य में उर्दू के 3712 पद रिक्त है, जिसके लिए शीघ्र बहाली प्रक्रिया प्रारंभ करने की आवश्यकता है। वहीं विभिगीय प्रमोशनल नियमावली 2024 में उर्दू शिक्षक के पद को ही मरणाशील घोषित कर दिया गया है। जो उर्दू शिक्षा के लिए चिंता का विषय है। उर्दू भाषियों में सरकार के उक्त निर्णय से असंतुष्टि और आक्रोश है। इसे तत्काल प्रभाव से वापस लेते हुए उर्दू शिक्षको की बहाली प्रारंभ करने की प्रक्रिया सुनिश्चित किया जा सके। जिससे राज्य में उर्दू का भी समुचित विकास हो सके। ज्ञापन पत्र विधासभा प्रभारी सहित सूरज कुमार दास के नेतृत्व प्रखंड उपाध्यक्ष उमेश कुमार यादव, मो जुनैद आदि ने संयुक्त रूप से दिया।

रतवे में श्रीश्री 108 रुद्र महायज्ञ सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा आज से, तैयारियां पूरी

रामगढ़। रतवे पंचायत अंतर्गत ग्राम काचाडाडी में श्रीश्री 108 रुद्र महायज्ञ सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा तीन दिवसीय कार्यक्रम 20 जनवरी से प्रारंभ होगा। उक्त आशय की जानकारी यज्ञ समिति के अध्यक्ष राजनाथ महतो ने जानकारी ने दी। उन्होंने बताया कि 20 जनवरी शनिवार से जल यात्रा समेत कई कार्यक्रम, 21 जनवरी को नगर भ्रमण और 22 जनवरी को प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा पूणार्हुति समेत कई कार्यक्रम किए जाएंगे। इधर, महायज्ञ को लेकर मंदिर का साथ साज सज्जा, यज्ञ मंडप एवं प्रवचन कार्यक्रम स्थल की तैयारी पूरी कर ली गई है। 20 एवं 21 जनवरी को संध्या बेला में धनबाद के प्रवचनकर्ता मोहन बाबा द्वारा प्रवचन कार्यक्रम एवं 22 जनवरी को रात्रि में भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को वाराणसी से आये यज्ञाचार्य आचार्य पंडित वीरेंद्र पांडेय द्वारा विधिवत एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न करवाया जाएगा । साथ ही अन्य कार्यक्रमों का आयोजन होगा ।

डेली मार्केट में लगी भीषण आग से आहत कांग्रेसी मुन्ना सिंह ने जताया दुख

हजारीबाग। शहर के मेन रोड स्थित डेली मार्केट में भीषण आग लगने से लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक दुकाने जलकर खाक हो गई। जिसपर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने दुःख प्रकट करते हुए कहा कि यह घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है इस दुःख की घड़ी में हमारी सहानुभूति डेली मार्केट के व्यवसायियों के साथ है। मौके पर उनकी टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर स्थित का जायजा लिया , स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि जब वे दुकान खोलने पहुंचे तब इस घटना का पता चला घटना स्थल पर दमकल की तीन गाड़ियों ने पहुंच कर आग पर काबू पाया आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं लग पाया है जिसपर श्री सिंह ने प्रशासन से उचित जांच की मांग की।

22 को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 17 माइल में पूजा

नवीन मेल संवाददाता। टाटीझरिया प्रखंड के डहरभंगा पंचायत अंतर्गत गोधेया गांव के 17 माईल चौक जो एनएच 100 विष्णुगढ़ और हाजरीबाग जाने वाले मैन रोड पर स्थित है। गोधेया राम भक्त समती के संरक्षक चांदो ठाकुर ,अध्यक्ष करण राणा ,सचिव संजय शर्मा ,कोषाध्यक्ष सुनील कुमार के नेतृत्व में श्रद्धालुओ के सहयोग से 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हनुमान मंदिर परिसर में गाजे बाजे के साथ धूम धाम से पूजा अर्चना कीर्तन भजन करने की बात को कहा गया। उन्होंने यह भी कहा कि 17 माईल चौक में लाइट की व्यवस्था नहीं रहने के कारण हजारों की संख्या में पैदल साइकिल ,दो पहिया,चार पहिया वाहनों से दिन रात यात्रियों का आवागमन होता है जो अंधेरा होने के कारण इन्हे चोरी आपातकालीन दुर्घटना संबंधी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है इसी रास्ते बरकट्ठा विधानसभा सभा और मांडू विधान सभा क्षेत्र के कई नेता मंत्रियों का आवागमन होता है । लेकिन अब तक मामले का किसी ने सुध तक नहीं लिया। उन्होंने सरकारी विभाग या नेता मंत्रियों से निजी खर्च कर लाइट की मांग किया है।

सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत, तीन घंटे जीटी रोड जाम

पूर्व विधायक की पहल से हटा जाम

नवीन मेल संवाददाता। बरही बीते रात्रि जीटी रोड लश्करी मोड़ के समीप हुई सड़क में उरवां के दो लोगों की मौत हो गई थी। दुर्घटना का मुख्य कारण जीटी रोड चौड़ीकरण कार्य करने वाली राज केसरी कंस्ट्रक्शन की लापरवाही बताया गया। शुक्रवार की सुबह मुआवजे की मांग करते हुए अंत्यपरीक्षण के बाद मृतक का शव रखकर एनएच-2 जाम कर दिया। जिससे सड़कों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही एसडीपीओ दल बल के साथ पहुंचकर जाम हटाने का प्रयास किया, परंतु जामकर्ता डटे रहे। जानकारी होते ही पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ जामस्थल पर पहुंचे। उन्होंने भी निर्माण कार्य में हो रही देरी और अनियमित कार्य के लिए कंस्ट्रक्शन कंपनी को दोषी ठहराते हुए घटना के लिए जिम्मेवार माना। साथ ही जामकर्ताओं की मांग को जायज बताते हुए कंस्ट्रक्शन कंपनी को तत्काल मुआवजा भुगतान करने की बात कही। अंततोगत्वा पूर्व विधायक की पहल पर कंपनी साढ़े तीन लाख मुआवजा भुगतान के लिए तैयार हुई और जाम हटाया गया। जाम स्थल पर कंपनी के प्रतिनिधि सहित भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान अंसारी, पूर्व मुखिया छोटन ठाकुर, कृष्णा यादव, उरवा मुखिया मनोज पासवान आदि कई लोग मौजूद थे।

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के चयनित लाभुक खाता खुलवाएं

अंशदान खाते में शीघ्र जमा करें लाभुक : सुधीर मंगलेश

नवीन मेन मेल संवाददाता। रामगढ़ मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ जरूरतमंद लोगों को सफलता पूर्वक मिले इसको लेकर दुलमी प्रखंड के सभागार कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता दुलमी बीडीओ सुनील प्रजापति ने की। कार्यशाला में मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव साव, उप प्रमुख धर्मधीर महतो, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी शशी सिन्हा उपस्थित थे। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना काफी महत्वकांक्षी योजना है। दुलमी प्रखंड क्षेत्र के गाय पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन,सूकर पालन आदि के जितने भी चयनित लाभुक हैं वे लोग जल्द ही खाता खुलवाएं एवं अंशदान की राशि को खाता में जमा करने का निर्देश दिया गया। ताकि सभी लोगों को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ मिल सके। मौके पर मुखिया उर्मिल देवी,रंजु देवी, राजीव मेहता, परमेश्वर पटेल, चुडगी देवी, अमरुन निशा, उमाशंकर महतो, पंचायत सचिव ममता कुमारी, प्रकाश चटर्जी, बबलू कुमार, बासुदेव महतो, राजीव कुमार, आतिफ कमर, धर्मनाथ केवट, शिवशंकर महतो, रोजगार सेवक रामकुमार महतो,आशीष कुमार, रामु करमाली, कलीन्दर महतो,लखन मुंडा, जितेंद्र शर्मा, मनोज कुमार, पंचायत समिति शेखबहादुर, गोपाल महतो, बैजंती देवी, सुधीर महतो, रविन्द्र महतो, वीणा देवी आदि मौजूद थे ।

बिरहोर टोला में जन मन योजना को लेकर शिविर का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। दारू प्रखंड अंतर्गत जरगा बिरहोर टोला में शुक्रवार को प्रधानमंत्री जनमन योजना शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अलग-अलग योजना का स्टॉल लगाया गया था। प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि प्रखंड में दो स्थान पर शिविर का आयोजन करना है जिसमें आज जरगा बिरहोर टोला में लगाया गया वही दूसरा जल्द ही इरगा में लगाया जाएगा साथ ही उन्होंने कहा कि शिविर में वैसे योग्य लाभुक जिसका आवास, पेंशन, राशन कार्ड, मेडिकल, आंगनवाड़ी इत्यादि में नाम छूटा है वैसे लाभुकों का नाम जोड़ा जा रहा है। साथ ही साथ शिविर में चार व्यक्ति का ऑन द सपोर्ट पीवीटीजी किया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जिसका आवास छूट गया है इसे लेकर 18 आवेदन आया। बिडीओ ने बताया कि प्रधानमंत्री जन मन योजना में आवास को लेकर 2 लाख की राशि दी जाएगी जिसमें से ईरगा में 10 व्यक्ति को आवास का पहला किस्त दिया जा चुका है। इस योजना में लाभुकों को चार किस्तों में आवास की रकम दी जाएगी। इसमें पहला किस्त तीस हजार, दूसरा किस्त पच्चास हजार, तीसरा किस्त एक लाख और अंतिम किस्त बीस हजार दिया जाएगा।

सौहार्द्र

मिलकर मनाएं रघुनंदन के आगमन का उत्सव

राम मंदिर गंगा यमुना तहजीब की मिसाल है

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग अपने देश ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए एक बड़ा मुद्दा बना हुआ था। इस मुद्दे ने देश के हिंदू तथा मुसलमानों के बीच आपसी सौहार्द को कितना बार बिगाड़ा होगा कहा नहीं जा सकता है। दोनों समुदाय एक- दूसरे को शंका की निगाह से देखते थे। इसके हल के लिए कितने बार सर्वदलीय बैठकें भी आयोजित की गई परंतु कोई निदान नहीं निकल पाया। अंतोगत्वा न्यायालय के निर्णय से ही हल निकला। यह विवाद कोई और नहीं बल्कि अयोध्या में ₹राम मंदिर और बाबरी मस्जिद विवाद₹ था। लेकिन वर्षों बाद 9 नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने वर्षों से चल रहे इस मामले पर अपना फैसला सुनाया। इस फैसले में अदालत में विवादित भूमि को हिंदू के पक्ष को देने का फैसला किया जबकि मुस्लिम पक्ष को अयोध्या के बाहरी क्षेत्र में 5 एकड़ जमीन देने की बात कही है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राम मंदिर निर्माण के लिए 09 फरवरी 2020 की तिथि तय की गई थी जिससे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने संसद में मंदिर निर्माण के लिए एक स्वायत्त ट्रस्ट के गठन की घोषणा कर दी और फिर तत्काल ₹राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट₹ का गठन कर दिया गया। कोर्ट के फैसले के बाद अयोध्या में बीते 5 अगस्त 2020 को राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन और शिलान्यास हुआ। श्री राम मंदिर का भूमि पूजन और शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से हुआ। राम मंदिर निर्माण का कार्य पूरा करने के लिए करीब साढ़े 3 साल का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और निर्धारित लक्ष्य में ही मंदिर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। अयोध्या का राम मंदिर देश का सबसे भव्य मंदिर है। इतना भव्य मंदिर देश में कहीं नहीं है। मंदिर परंपरागत नागर शैली से बनाया गया है। मंदिर की लंबाई (पूर्व से पश्चिम) 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट तथा ऊंचाई 161 फीट है। मंदिर तीन मंजिला है और प्रत्येक मंजिल की ऊंचाई 20 फीट है। मंदिर में कुल 392 खंभे व 44 द्वार है। मुख्य गर्भगृह में प्रभु श्रीराम का बालरूप (श्रीरामलला सरकार का विग्रह), तथा प्रथम तल पर श्रीराम दरबार होगा। मंदिर में प्रवेश पूर्व दिशा से, 32 सीढ़ियां चढ़कर सिंहद्वार से होगा। मंदिर को धरती की नमी से बचाने के लिए 21 फीट ऊंची प्लिंथ ग्रेनाइट से बनाई गई है। मंदिर परिसर में स्वतंत्र रूप से सीवर ट्रीटमेंट प्लांट, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, अग्निशमन के लिए जल व्यवस्था तथा स्वतंत्र पॉवर स्टेशन का निर्माण किया गया है, ताकि बाहरी संसाधनों पर न्यूनतम निर्भरता रहे। मंदिर का निर्माण पूर्णतया भारतीय परम्परानुसार व स्वदेशी तकनीक से किया जा रहा है। आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा होने वाला है। अवध के साथ संपूर्ण देश- दुनिया में रामोत्सव मनाने की तैयारी है।

पूजित अक्षत कलश को लेकर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

जय श्री राम के जयकारों से गूंजा बरकट्ठा

रामकृष्ण पांडेय, बरकट्ठा प्रखंड के बरकट्ठा उतरी पंचायत में अयोध्या में हो रहे श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर उत्साहित श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ अयोध्या से आये पूजित अक्षत कलश का शोभायात्रा डाकडीह शिव मंदिर प्रांगण से निकाली गई। शिव मंदिर से ग्रामीणों के द्वारा अक्षत कलश लेकर पूरे बरकट्ठा उतरी पंचायत के सभी गांवों एवं मंदिरों में पूजा-अर्चना करते हुए पूरे गांव ,टोला, गली में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।वहीं महिला, पुरुष एवं नौजवान हजारों की संख्या में अपने-अपने हाथों में भगवा झंडा लेकर उत्साहित होकर गाजे-बाजे के साथ धार्मिक गाने पर झुमते हुए एवं जय श्रीराम के नारा लगाते हुए पूरा गांव भ्रमण किया। साथ ही पुजित अक्षत व निमंत्रण घर घर वितरण किया गया। इस मौके पर मुखिया प्रमिला देवी पंचायत समिति सदस्य प्रीति गुप्ता, पूर्व मुखिया बसन्त साव, विहिप प्रखण्ड प्रमुख संजय यादव, धीरज गुप्ता, अशोक गुप्ता, बिंदु सोनी, पीताम्बर नायक, भाजपा नेता रामचंद्र चौधरी, रामजी मंडल, मोनू मंडल, नरेश मंडल, सुरेश राम, संजय गुप्ता, महेश मंडल, सुरज लाल, रामखेलावन यादव, बजरंग प्रसाद,बाल्की यादव, सुजीत कुमार, बिकी कुमार समेत बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष बच्चे लोग शामिल थे।

एक नजर

भाजपाइयों ने चलाया रामरेखा धाम में स्वच्छता अभियान

सिमडेगा। 22 जनवरी प्रभु श्री राम के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में देवालयों पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष सह धाम में सचिव ओमप्रकाश साहू के नेतृत्व में सिमडेगा के प्रसिद्ध रामरेखा धाम पर स्वच्छता अभियान चलाया गया ।मौके पर ओमप्रकाश साहू ने कहा की समय-समय पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा अनेक सामाजिक कार्य किए जाते हैं इसी क्रम में 22 जनवरी के ऐतिहासिक मौके के उपलक्ष में एक पखवाड़े का स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

ठेठईटांगर प्रखंड में शांति समिति की बैठक संपन्न

ठेठईटांगर। प्रखंड सभागार में 22 जनवरी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अंचलाधिकारी कमलेश उरांव की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार ने लोगों ने शांति पूर्ण माहौल में मंदिरों में पूजा अर्चना करने की अपील की ।वही सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार राय लोगों से अपील की ऐसी कोई भी डीजे में गाना ना बजाये ।जिससे किसी राजनीतिक एवं धार्मिक भावना को ठेस पहुंचे अन्यथा कड़ी कार्रवाई कि जायेगी। बैठक में जिला परिषद पूर्वी कृष्ण बडाईक, प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ,अजहर कुल्लू ,सैयुन टेटे मुमताज आलम ,मोहम्मद अलाउद्दीन शैलेश कुमार शांति समिति के सदस्य एवं अन्य गणमान्यन लोग उपस्थित थे।

गणतंत्र दिवस की तैयारियों की समीक्षा

ठेठईटांगर। प्रखंड सभागार में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस झंडोतोलन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। जिसमें झंडोतोलन कार्यक्रम प्रखंड कार्यालय 8:50 पशु चिकित्सालय 9:10 बैंक ऑफ इंडिया 9:15 रेफरल अस्पताल 9:22 थाना परिसर 9:30 कस्तूरबा आवासीय विद्यालय 9:55 प्रखंड खेल मैदान 10:20 झडोत्तोलन समय सारणी निर्धारित की गई ।प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार एवं प्रखंड खेल मैदान में प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज झंडोतोलन करेंगे। बैठक में अंचलाधिकारी कमलेश उरांव ,सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार राय, जिला परिषद पूर्वी कृष्णा बडाईक, प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज, मुमताज आलम, बीपीओ नीलिमा कुजूर ,जोराम हाई स्कूल प्रधानाध्यापक सुशील प्रभात कुल्लू ,कस्तूरबा गांधी वार्डन पूनम साहू, हिमांशु कुमार मोहम्मद कारू, अजहर कुल्लू ,सैयुन टेटे एवं प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

सिमडेगा सदर थाना में शांति समिति की बैठक

22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन शहर में होंगे कई कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
सिमडेगा सदर थाना परिसर में शुक्रवार की शाम शांति समिति की बैठक हुई, बैठक की अध्यक्षता डीसीएलआर अरुणा कुमारी के द्वारा किया गया। इस मौके पर आगामी 22 जनवरी अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सिमडेगा शहर में होने वाले कार्यक्रम एवं गणतंत्र दिवस को लेकर चर्चा किया गया। जहां पर बताया गया कि 21 जनवरी को विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले सिमडेगा राम जानकी मंदिर में महा आरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया है, इससे पूर्व शहर में विभिन्न क्षेत्रों से शोभायात्रा के रूप में राम जानकी मंदिर पहुंचेगी जहां पर महा आरती का आयोजन किया जाएगा, वहीं 22 जनवरी को सिमडेगा महावीर मंदिर में अखंड हरी कीर्तन एवं संध्या में भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।इसके अलावा जगह-जगह पर मंदिरों में लाइव टेलीकास्ट से अयोध्या राम मंदिर की कार्यक्रम को दिखाया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर थाना प्रभारी ने बताया कि विशेष रूप से पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी ताकि किसी प्रकार से कोई भी परेशानी उत्पन्न ना हो। वह उन्होंने सभी लोगों से इस कार्यक्रम की सफलतापूर्वक संचालन के लिए सहयोग के अपील की है, साथ उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया हो या किसी भी जगह पर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट या फिर विवादित गीत ना बजे इसका विशेष ध्यान रखें, अन्यथा पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी। कोई बताया गया कि गणतंत्र दिवस के दिन सिमडेगा सदर थाना में सुबह 7:30 बजे झंडोत्तोलन का आयोजन किया जाएगा। वही बताया गया कि कार्यक्रम को लेकर सिमडेगा जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की ओर से सभी प्रकार की तैयारी की जा रही है ताकि होने वाले आयोजनों में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में प्रधानाचार्यों ने की बैठक

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में शुक्रवार को संकुल अंतर्गत सभी प्रधानाचार्यों की बैठक संपन्न हुई। बैठक के अध्यक्ष सह संकुल प्रमुख संतोष दास के द्वारा सलडेगा संकुल अंतर्गत सभी सरस्वती शिशु / विद्या मंदिर के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्रों में आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कार, सेवा, स्वावलंबन और अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने विद्यालयों के समग्र विकास में योगदान समर्पित करने की बात कही ।उन्होंने सभी प्रधानाचार्यों को वार्षिक पंचांग एवं बजट बना कर स्थानीय समिति के अनुमोदन उपरांत प्रांत कार्यालय को उपस्थापित करने , मार्च माह में सत्र समाप्ति पर मासिक तलपट और विद्यालय स्टॉक पंजी पूर्ण करने , आगामी नई शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रम के परिवर्तन एवं इसकी समुचित तैयारी पूर्ण करने तथा 22 जनवरी 2024 को निर्धारित श्री राम लल्ला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर यथाशक्ति सहयोग समर्पित करने का निर्देश दिया।

स्वीप कार्यक्रम को लेकर एलआरडीसी ने की बैठक

सिमडेगा। एलआरडीसी सह- वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग अरुणा कुमारी एवम जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के निमित्त स्वीप कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन किया गया ।इस दौरान बैठक में बूथ स्तर पर स्वीप कार्यक्रम एवं गतिविधियों के सफल आयोजन एवं व्यापक रूप से मतदाताओं के बीच जागरुकता कार्यक्रम चलाने पर आवश्यक विचार-विमर्श किया गया ।वरीय पदाधिकारी ने कहा कि जन जागरूकता के लिए स्वीप गतिविधियां बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। सरकार द्वारा जनमत के लिए निर्धारित निर्वाचन मतदान प्रतिशत के लक्ष्य को हासिल करने, मतदान प्रतिशत को बढ़ाने तथा मतदान में सभी की शतप्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले में प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करना होगा। इस हेतु किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूप रेखा पर चर्चा की गई ।बैठक में डीपीएम जेएसएलपीएस मनीषा सांचा, पीपीआईए फेलो, एफएम समग्र शिक्षा, सहित अन्य उपस्थित थे।

पिथरा में हजारों लोगों ने कांग्रेस छोड़ झारखंड पार्टी का थामा दामन

ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान पार्टी की पहली प्राथमिकता : एनोस एक्का

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
झारखंड पार्टी माटी की पार्टी है और जमीन से जुड़कर काम करती है और लोगों की समस्याओं को पहली प्राथमिकता देकर दूर करने का कार्य करती है ताकि लोगों का समस्या खत्म हो उक्त बातें पूर्व मंत्री एनोस एक्का के द्वारा सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत पिथरा पंचायत में आयोजित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के दौरान कही। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय पार्टी बीजेपी हो या कांग्रेस सिर्फ इस क्षेत्र में राजनीति किया है और यहां के समस्याओं को नजरअंदाज करने का काम किया है इसलिए आज इस क्षेत्र में समस्या बहुत है लेकिन समाधान करने वाला कोई नहीं है। अब झारखंड पार्टी आपकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ दूर करेगी, इसके लिए दिन-रात सभी कार्यकर्ता जमीन से जुड़कर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपकी समस्या जो भी हो उसे आप बताएं उन्हें पूरा प्रयास किया जाएगा कि उसे समस्या को खत्म किया जाए। इस क्षेत्र के सीधे-साधे आदिवासियों को कांग्रेस पार्टी के द्वारा ठगने का काम किया है ,लेकिन अब वह दिन दूर नहीं जनता इनका चेहरा बेनकाब करने के लिए आगामी 2024 में झारखंड पार्टी को चुनकर इन्हें सत्ता से बेदखल करेगी। मौके पर उन्होंने अभी से ही 2024 की चुनाव की तैयारी में जुड़ने के लिए सभी लोगों को आवाहन किया वहीं उन्होंने झारखंड पार्टी के नीति सिद्धांतों को अवगत कराया इसके बाद हजारों लोगों ने कांग्रेस पार्टी को छोड़ झारखंड पार्टी का दामन थामा। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में कई प्रकार की जटिल समस्या है लेकिन जिसे दूर करने के लिए आज तक किसी ने भी गंभीरता नहीं दिखाई ।मौके पर झारखंड पार्टी में शामिल होने वालों में से लिबनुस डुंगडुंग, सुनील टेटे,समीर टेटे,मरियाणुस टेटे, रीता डुंगडुंग, एनिमा डुंगडुंग, जोसेफ किंडो, कुलदीप कीड़ो, अजय किंडो ,चार्ल्स कीड़ो, टेक्सफोर बिलुंग, विनोद कुल्लू, तरुण,सोरेन जकरियस सोरेंग, विजय कुलदीप सोरेंग, अब्राहम कुल्लू ,सुमित सोरेंग, निर्दोष डुंगडुंग, टेरेसा किंडो बेंजामिन डुंगडुंग, राजेश नायक, सुनील टेटे,फ्लोरा टेटे, इग्निस टेटे, सैमुएल बरवा सहित हजारों लोगों ने पार्टी का दामन थामा।

लठेठईटांगर में कांग्रेस कमेटी की बैठक सम्पन्न

ठेठईटांगर। प्रखंड कांग्रेस कमेटी का बैठक प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम के अध्यक्षता किया गया ।जिसमें सभी कमेटी के लोग उपस्थित हुआ। बैठक आगामी लोकसभा चुनावों को देखते हुए किया गया साथ ही बताया कि ठेठईटांगर प्रखंड के सभी पन्द्रह पंचायत के पंचायत कमेटी से लेकर बूथ लेवल तक का कमेटी को मजबूत करना है ।ताकि आने वाले चुनाव में कांग्रेस पार्टी को विजय बना सके। साथ ही 30 जनवरी दिन मंगलवार को एक और विशेष बैठक बुलाई गई है जिसमे सभी प्रखंड कांग्रेस कमेटी पंचायत कमेटी और बूथ कमेटी को अनिवार्य रुप से उपस्थित होने को कहा गया है।
मौके पर मौजूद जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष फ्रांसिस बिलुंग, जिला सचिव सह प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज, उप प्रमुख जोरजिना समद, बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश डुंगडुंग, विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू जॉनसन डांग, सुशील बोदरा, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद वहीद बीरबल बड़ाइक, इशाक डुंगडुंग, राजेश मिंज, मंगलदास मिंज, ज्योति लकड़ा, उपस्थित थे।

अनुसूचित क्षेत्र में डीलिस्टिंग भाजपा की साजिश : कोंगाड़ी

कोलेबिरा । प्रखंड अंतर्गत बन्दरचुंआ पंचायत के डुरीलारी में शुक्रवार को काँग्रेस पार्टी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष सुलभ डुंगडुंग के अध्यक्षता मे की गई। बैठक में ग्रामीणों के कई सम्सया पर चर्चा हुई मौके पर मुख्य रूप से कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाडी मौजूद रहे ।लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा डी-लिस्टिंग भाजपा की साजिश है। भारतीय संविधान के पांचवीं अनुसूची में दिये प्रवधानों के तहत अनुसूचित क्षेत्रों मे प्रशासन एवं नियंत्रण के लिए केन्द्र सरकार ने पेसा कानून 1996 बनाया है ।वही उन्होंने कहा जिसमें आदिवासियों एवं मुलनिवासियों का संरक्षण एवं विकास हेतू उनके परंपारिक आजीविका ,अस्तित्व एवं पहचान के लिए जल ,जंगल,जमीन , खनीज सम्पदा ,नौकरी में आरक्षण और जनप्रनिधित्व के पदों में आरक्षण का अधिकार दिया है भाजपा आदिवासी समुदायों में से कुछ को धर्म के नाम पर अनुसूचित जनजाति सुची से हटा कर आदिवासी समुदाय को संख्या में कम कर अनुसूचित क्षेत्र को खत्म करने का साजिश कर रही है।

भू-अर्जन विभाग के कार्यों को लेकर उपायुक्त ने की अधिकारियों के संग समीक्षा बैठक

शीघ्र भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी करने का दिया दिशा-निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को विभिन्न परियोजनाओं में भू-अर्जन संबंधित कार्यों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला अंतर्गत विभिन्न सड़क चौड़ीकरण एवं भारतमाला परियोजना के तहत भू-अर्जन संबंधी कार्यों को लेकर अब तक हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने विभिन्न सड़क चौड़ीकरण मामलों में पेड़ की कटाई से संबंधित आ रही समस्याओं के मद्देनजर आवश्यक निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने संबंधित अंचल अधिकारियों को पथ निर्माण विभाग एवं एनएचएआई के अधिकारियों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में समन्वय स्थापित करते हुए भूमि अधिग्रहण एवं एलाइनमेंट से संबंधित आ रही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने एवं इससे संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इन सब के अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने कोलेबिरा से मनोहरपुर सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए तथा कार्यपालक अभियंता राष्ट्रीय उच्च पथ को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का निर्देश दिया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, डीआरडीए डायरेक्टर -सह- भू-अर्जन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता राष्ट्रीय उच्च पथ, सभी प्रखंड के अंचलाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

संवेदक व नगर परिषद की लापरवाही से अधूरी पड़ी है पुलिया

बड़ी घटनाओं को दे रहा आमंत्रण

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत सिमडेगा हॉकी एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम के पीछे नगर परिषद सिमडेगा द्वारा लाखों रुपए की लागत से पुलिया निर्माण कार्य करवा रही है जहां पर विभागीय लापरवाही और संवेदक की मनमानी की वजह से पलिया काम रुका हुआ है। इधर पुलिया काम रुका होने की वजह से आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है खासकर वहां से गुजरने वाले मोटरसाइकिल चालक साइकिल सवार और स्कूल ही बच्चों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । गुरुवार को हुई बारिश की वजह से वहां पर कीचड़ और जल जमाव यहां पर लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। बताया गया कि वहां पर आवागमन वाले रास्ते में पुलिया निर्माण कार्य से पूर्व किसी प्रकार का कोई भी डायवर्सन नहीं बनाया गया ऐसे में वहां से गुजरने वाले सैकड़ों की संख्या में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह कभी भी बड़ी घटनाओं को आमंत्रित कर सकता है। वहीं वहां पर स्थानीय लोगों के द्वारा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुमित कुमार महतो को आवेदन देकर कहा है कि वार्ड 11 के पुष्पपुर में आरसीसी कलवर्ट हेतु संवेदक द्वारा खड्डा खोदा गया हैं। जिसमें ग्रामीणों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीणों में सुधीर बाड़ा, विपुल खाखा, वसंत कुमार, आलोक सोरेंग, विक्की खाखा, नीरज तिर्की, रोहित बड़ाईक, सागर लोहरा, अभिषेक बड़ाईक, विनोद केरकेट्टा, करीना कुमारी, समीर देवी ,जयंती देवी, दयामणि जोजो लिली बाड़ा अलका बाड़ा, जैस्मिता डांग आकाश लकड़ा सहित कई लोग शामिल है।

क्या कहते हैं नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी : इधर इस मामले में जानकारी लेने पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुमित कुमार महतो ने बताया कि स्थानीय लोगों के द्वारा शिकायत के बाद काम बंद करवाया गया है लेकिन सच्चाई तो यह है कि स्थानीय लोगों द्वारा काम जल्द पूरा करवाने की बात कही जा रही है और वहां पर किसी प्रकार का कार्य शुरू नहीं हुआ है तो ऐसे में शिकायत किस प्रकार से हुई यह जांच का विषय है। कुल मिलाकर यूं कहें कि पब्लिक को परेशान करने के लिए यहां पर नगर परिषद द्वारा काम रोका गया है।

नेशनल हाईवे में गलत साइन बोर्ड से पर्यटकों व वाहन चालकों को हो रही हैं परेशानी

ठेठईटांगर। थाना मुख्यालय के जोराम नेशनल हाईवे से जुड़ा राजाडेरा जाने वाले सड़क के पास मंदिरा डैम का गलत साइन बोर्ड लगा हुआ है ।जिससे नेशनल हाईवे में गुजरने वाले यात्रियों पर्यटकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक सप्ताह पहले ही साइन नेम बोर्ड विभाग के द्वारा लगाया गया है। इससे वाहन चालक भ्रमित हो रहे हैं और उड़ीसा संबलपुर रोड़ समझ गलत रास्ते में घुस जाते हैं जिससे यात्रियों को काफी परेशानी होती है एवं सिंगल रोड रहने से खासकर रात्रि में दुर्घटना का भी आशंकाएं बनी रहती है, साथ ही गलत साइन बोर्ड लगाने में सरकारी राजस्व का भी गलत इस्तेमाल हो रहा है। गलत साइन बोर्ड से लोग भ्रमित हो रहे हैं इससे दिक्कत बढ़ रही है।

आठ महीने बाद काम पर लौटे पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
सिमडेगा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ की शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेंद्र नायक के द्वारा किया गया वहीं मौके पर उन्होंने बताया कि लगातार 8 महीने का अनिश्चितकालीन हड़ताल रहने के बाद सिमडेगा जिला के सभी प्रखंड के पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ अपने कामों पर लौट गए हैं। वहीं जिला अध्यक्ष ने बताया कि मंत्री आलमगीर आलम और पंचायती राज निदेशक निशा उरांव और झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव विनोद कुमार पांडेय द्वारा प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात कर वार्ता हुई थी जिसमें पंचायत सचिवालय में बायोमेट्रिक सिस्टम में हाजिरी बनाने एवं सभी काम में पंचायत सचिवालय को जोड़ने तथा अबुआ आवास मनरेगा , समाज कल्याण ,कौशल विभाग आदि सभी कार्यों में पंचायत सचिवालय सेवको की भूमिका रहेगी इस पर चर्चा हुई है। बैठक में मुख्य रूप से दुबराज माझी, बलिराम सिंह ,दिलबर नाग ,सुखराम माझी ,चमेली साहू ,संजय मांझी, लालचंद मांझी ,सुनीता कुमारी, सहित जिले भर से आए हुए पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ के सदस्य मौजूद रहे।

न्यूज बॉक्स

कलयुगी पुत्र ने मां को मार कर किया घायल, जांच में जुटी पुलिस

पाकरटांड। पाकरटांड थाना क्षेत्र के भंडारटोली गांव में कलयुगी पुत्र भोला लोहरा के द्वारा नशे में धूत होकर अपनी मां को ईंट से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया ।इधर पुलिस की मदद से घायल महिला को इलाज के लिए एंबुलेंस द्वारा सिमडेगा सदर अस्पताल भेजा गया, जहां पर उसकी उपचार चल रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शांति देवी नामक महिला अपने घर के आंगन में बैठी हुई थी इसी दौरान नशे का सेवन कर उसका पुत्र पहुंचा और किसी बात को लेकर अपनी मां से बहस करने लगा और बगल में ही रखे ईट से उसकी मां के माथे पर वार कर मांको घायल कर दिया जानकारी मिलने पर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची एवं घायल महिला को इलाज के लिए सिमडेगा भेजा। वही मामले की पुलिस छानबीन कर रही है।

सेवई पकरीटोली के पास दो बाइक में टक्कर एक युवक का टूटा पैर रिम्स रेफर

सिमडेगा। सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सेवई पकरीटोली के पास शुक्रवार को दोपहर में दो बाइक में सीधी टक्कर हो गई, टक्कर इतनी जोरदार थी की मौके पर दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए ,जबकि दूसरा बाइक सवार युवा घटनास्थल से फरार हो गये । घायल युवक की पहचान टैसेरा टुरुटोली निवासी राजू साहू एवं विजय मांझी के रूप में हुई ।स्थानीय लोगों के मदद से दोनों ही घायलों को इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल ऑटो के माध्यम से भेजा जहां पर राजू साहू की स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राजू और विजय अपने घर की ओर जा रहे थे, इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही बाइक से सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर में विजय को हल्की चोट लगी जबकि राजू का पैर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त एवं हाथ भी क्षतिग्रस्त हो गया ।इधर सदर अस्पताल में इलाज के बाद राजू साहू को 108 एंबुलेंस से रांची रेफर कर दिया गया।

विधायक मद से निर्मित मोरम पथ का विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने किया उद्घाटन

ठेठईटांगर। प्रखंड अंतर्गत राजाबासा गांव में राजाबासा से कहुपनी पथ में विधायक मद से निर्मित मोरम पथ का कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी ने फीता काटकर उद्घाटन किया ।कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया गया। विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जा रहा है ।उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के द्वारा इस सड़क के बारे में बताया गया था कि इस सड़क की स्थिति बहुत ही खराब है, किसी के बीमार हो जाने की हालत में उन्हें ले जाने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है ।चुंकि रोड बोल्डर पथ था और जगह जगह पर बोल्डर निकल गया था ।दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी,इसको देखते हुए अविलम्ब विधायक मद से मोरम पथ देने का कार्य किया गया मौके पर विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, उप प्रमुख जोर्जिना समद, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक कांग्रेस जमीर अहमद, जिला उपाध्यक्ष फ्रांसिस बिलुंग ,प्रखंड विधायक प्रतिनिधि जॉनसन डांग,जमीर हसन ,सुकवन जोजो, मो वाहिद,रॉयन समद,समरसेन बागे, बीरबल बड़ाइक, शाहबाज अली सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

सिमडेगा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में रोजगार मेले का हुआ आयोजन, 77 लोगों की नियुक्ति

सिमडेगा। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवम कौशल विकास विभाग अंतर्गत जिला नियोजनालय, सिमडेगा द्वारा शुक्रवार को एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन परमवीर अल्बर्ट एक्का, स्टेडियम में किया गया ।रोजगार मेला में विभिन्न क्षेत्र के 13 नियोजक उपस्थित थे । आज के मेले में हजारों रिक्तियां उपलब्ध थीं ।इन रिक्तियों के विरुद्ध 77 का चयन किया गया एवं 147 को अगले चरण के लिए शार्टलिस्ट किया गया ।मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी ने सभी उपस्थित को संबोधित करते हुए विभाग से संबधित कार्यक्रम एवम नियोजन सहायता के संबंध में जानकारी दी ।रोजगार मेले में जिला नियोजन कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे।

उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा जागरूकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

सिमडेगा। सिमडेगा परिवहन विभाग के तत्वावधान में 15 जनवरी से 14 फरवरी तक आयोजित हो रहे सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत शुक्रवार को जागरूकता रैली को उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव, सांसद प्रतिनिधि उपेंद्र श्रीवास्तव, विधायक प्रतिनिधि कोलेबिरा मो शामी आलम एवं अन्य के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया ।जागरूकता रैली समाहरणालय से शुरू होकर शहर के विभिन्न चौक-चौराहे से होकर गुजरा। जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव के नेतृत्व में निकली गई जागरूकता बाईक रैली के दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करने के संबंध में जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही सड़क सुरक्षा माह 2024 के दौरान विभिन्न स्थानों पर पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों को गुलाब का फूल देकर हेलमेट लगाने की अपील की गई ।मौके पर जिला परिवहन विभाग के कर्मी गण उपस्थित थे।

झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक कतरास में लगी आग

दो लाख की संपत्ति खाक

नवीन मेल संवाददाता। कतरास
कतरास के भगत सिंह चौक स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में गुरुवार की देर रात आग लग गई। अगलगी की घटना में बैंक में रखा कंप्यूटर सेट, नोट काउंटिंग मशीन, कैश काउंटर व सीसीटीवी कैमरा जल गया है। कुल करीब दो लाख की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है। आग शॉर्ट सर्किट से लगने की बात कही जा रही है। बैंक मैनेजर पल्लवी कुमारी साहा ने बताया कि गुरुवार की शाम लगभग 6:30 बजे बैंक को बंद कर वह अन्य कर्मियों के साथ घर

चली गईं शुक्रवार की सुबह लगभग 9:45 बजे जब बैंक पहुंचीं, तो घटना की जानकारी मिली। उन्होंने तुरंत उच्च अधिकारियों को घटना की सूचना दी। साथ ही कतरास थाना में भी लिखित शिकायत दी। उन्होंने बताया कि घटना के कारण बैंक दो से तीन दिन तक बंद रहेगा।

जेल में बंद शनिचर तूरी की मौत की खबर के बाद सदर हॉस्पिटल में परिजनों से मिले माले नेता राजेश सिन्हा, कहा

मौत की उच्चस्तरीय जांच हो

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
राजधनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव द्वारा दी गई जानकारी के बाद माले नेता राजेश सिन्हा ने जेल में मृत शनिचर तुरी के परिजनों से मिलकर इस मामले में विस्तारपूर्वक जानकारी लिया।

जेल में राजधनवार के अरखांगो बस्ती जो राजधनवार के करीब है। वहां के शनिचर तूरी की मौत हो गई। राजेश सिन्हा ने बताया कि शनिचर तूरी की उम्र लगभग 65 साल जो सितंबर 2023 से जमीन विवाद में जेल में बंद थे। उनकी मौत हो गई है।

जेल के अंदर की सुविधाओं के बारे भी जांच कमिटी बने

जानकारी के अनुसार 9 बजे सुबह शनिचर की तबियत बिगड़ी इसके बाद उसे हॉस्पिटल लाया गया किंतु 10 बजे मौत हो गई। राजेश सिन्हा ने शनिचर तूरी के बेटे सिकंदर तूरी से पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मृत शनिचर तूरी का एक बेटा अभी भी जेल में बंद हैं। कोर्ट से उसको अंतिम संस्कार में जाने आदेश मिल जाये। भाकपा माले मांग करती है कि उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जेल में उच्च स्तरीय जांच हो।

उधर पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने भी कहा कि उच्च स्तरीय जांच हो और जेल में कई सुधार हो। खान-पान आदि पर भी ध्यान रखे। ठंड को देखते हुए कैदियों को ज्यादा सुविधा मिले और एक जांच टीम भी जल्द बने और कैदियों की सुविधा की भी जांच हो।

शांति व्यवस्था को लेकर तिसरी में शांति समिति की बैठक संपन्न

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
22 जनवरी को अयोध्या के भव्य राम मंदिर में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु शुक्रवार को मनसाडीह ओपी परिसर में ओपी प्रभारी अभिषेक रंजन की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। ओपी प्रभारी ने बैठक में उपस्थित लोगों से 22 जनवरी को क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रमों के बाबत जानकारी ली। ओपी प्रभारी अभिषेक रंजन ने कहा कि विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस-प्रशासन तत्पर है। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। यदि

कोई व्यक्ति किसी भी तरह का हुड़दंग करता है तो तुरंत थाने को सूचित करें। शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वालों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। मौके पर एएसआई विश्वनाथ मुर्मू, अनासियस हेम्ब्रम, मनोज यादव, अली हुसैन समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

स्कार्पियो से 104 पेटी अवैध शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

गिरिडीह। जिले की पचंबा थाना पुलिस ने डाक पार्सल और स्कार्पियो में लोड 104 पेटी अवैध शराब जब्त किया है। इस बाबत शुक्रवार को पचंबा थाना प्रभारी मुकेश दयाल सिंह बताया की गुरुवार देर रात हुई छापेमारी के दौरान जब्त दोनों गाड़ियों के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में बिहार के बेगूसराय के भगवानपुर थाना इलाके के राजन कुमार, बोकारो के गांधीनगर थाना इलाके के जरीडीह सूरज सोनी और चंद्रपुरा निवासी आशीष रंजन शामिल हैं। पूछताछ में तीनों ने बताया कि डाक पार्सल और स्कार्पियो में लोड शराब के सारे स्टॉक को बिहार भेजा जा रहा था।

निमियाघाट थाना में हुई शांति समिति की बैठक

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमित्त शुक्रवार को निमियाघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मंदिरों में होने वाले विविध धार्मिक कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द के साथ मनाने को लेकर निमियाघाट थाना में शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता एलआरडीसी जीतराय उरांव व संचालन थाना प्रभारी साधन कुमार ने किया।

बैठक में एसडीपीओ सुमित प्रसाद, इंस्पेक्टर मनोज कुमार, सीओ शशिभूषण वर्मा, बीडीओ अन्वेषा ओना, बीस सूत्री अध्यक्ष डेगलाल महतो, जिप सदस्य धनंजय प्रसाद आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में 22 जनवरी को आहूत कार्यक्रम को सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील दोनों

समुदाय से की गई। वहां उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि उक्त कार्यक्रम के दौरान किसी को ऐसा भड़काऊ गीत या नारा नहीं बजाना है। जिससे किसी की भावना को ठेस पहुंचे। साथ ही डीजे बजाने पर पाबंदी रहेगी। शोभायात्रा निकालने की अनुमति अनुमंडल कार्यालय से लेना पड़ेगा। शोभायात्रा में आग से संबंधित करतब नहीं दिखाना है। उन्होंने कहा कि कोई भी त्योहार या धार्मिक आयोजन आपसी सौहार्द को प्रगाढ़ करने की सीख देती है। जिसे हम सभी को कायम रखना है। बैठक में भाजपा के पिंटू कुमार, डालोराम महतो, दिनेश महतो एसआई अशोक कुमार मुखिया अर्जुन महतो, जितेंद्र दास, सीताराम तुरी, दिलीप कुमार, सुबोध सिन्हा, अजीत कुमार, जमाल अंसारी, सुकुमार दास, भुनेश्वर रविदास, अलाउद्दीन अंसारी, नारायण रविदास, अबुबकर अंसारी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर मंडल, मुनिलाल महतो, शहाबुद्दीन अंसारी, परमेश्वर तुरी, जितेंद्र यादव, संजय कुमार, संजय कुमार, गिरजानंदन प्रसाद, अर्जुन प्रसाद यादव, उमेश ठाकुर आदि उपस्थित थे।

एनटीटीएफ गोलमुरी व एचडीएफसी बैंक का रक्तदान शिविर आयोजित

नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर
एनटीटीएफ आरडी टाटा टेक्निकल एजुकेशन सेंटर में संस्थान व एचडीएफसी बैंक के संयुक्त प्रयास से शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रक्तदाताओं ने भारी मात्रा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इस रक्तदान शिविर में 165 यूनिट रक्त संग्रह हुआ।

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य प्रीता जॉन ने अपने संबोधन में रक्तदान की आवश्यकता व महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शुक्रवार के दिन हम सब एक नेक कार्य करने के लिए यहां उपस्थित हुए हैं ताकि हमारी छोटी सी प्रयास

किसी की जिंदगी को बचा सके। एचडीएफसी बैंक से आये लोगों ने कहा कि रक्तदान एक महादान है एवं इस पुनीत कार्य में सबको शामिल होना चाहिए।

छात्र-छात्राओं में दिखा उत्साह : शिविर का उद्घाटन संस्थान की प्राचार्य प्रीता जॉन एवं एचडीएफसी बैंक के अभिषेक घोष, कमलेंदु सिंह, हरि प्रधान, राज प्रकाश मंडल ने दीप प्रज्वलित कर किया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एनटीटीएफ गोलमुरी ने रक्तदान शिविर आयोजित कर इस पुनीत कार्य में सहयोग किया। छात्र-छात्राओं में रक्तदान के प्रति काफी उत्साह देखने को मिला एवं सभी ने भारी मात्रा में रक्तदान कर इस रक्तदान शिविर को सफल बनाया।

शिविर को सफल बनाने में संस्थान की फैकल्टी मेंबर, कर्मचारी,छात्र-छात्राओं और ब्लड बैंक के चिकित्सकों की सराहनीय भूमिका रही।

रक्तदान शिविर में रमेश राय, हरीश कुमार दीपक सरकार, प्रीति, मंजुला, रोहित कुमार सिंह मरीन कुमार, महतो पंकज, लक्ष्मण सोरेन हरेश एवं अन्य शिक्षक गण मौजूद थे।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन गिरिडीह के तहत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 अंतर्गत ग्रामीण समुदाय में घर-घर से कचड़ा प्रबंधन करने के लिए ई रिक्शा का वितरण उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा गिरिडीह के द्वारा किया गया। पेयजल स्वच्छता प्रमंडल संख्या-2 के तहत कुल 10 ई रिक्शा का वितरण निम्न बरनी- कपिलो, पीरटांड़-मधुबन, गिरिडीह-बजटों, डुमरी-कलहबर, मधगोपाली सरिया-पुरानीडीह, बगोदर-पंचायतों में किया गया। ग्रामीण समुदाय में सूखा कचड़ा एवं गीला कचड़ा को एकिकृत कर पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर किया जाना है।

धनबाद के स्कूल-कॉलेजों में लोस चुनाव को लेकर 24 तक चलेगा जागरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता। धनबाद
धनबाद के नये समाहरणालय भवन में लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप ने विभागीय अधिकारियों व कर्मियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने इस बार 80 प्रतिशत वोटिंग का लक्ष्य रखा है। इसके लिए प्रचार-प्रसार के साथ वोटरों को जागरूक किया जायेगा। इस बार महिलाओं, ट्रांसजेडर, कॉपोरेट और नये वोटरों पर विशेष फोकस करना है। इसके लिए 19 से 24 जनवरी तक सभी प्लस टू विद्यालय और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। इसमें जनसंपर्क

विभाग की महत्ववूर्ण भूमिका होगी। ट्रांसजेडर को बीसी टू का दर्जा प्राप्त हो चुका है। उन्हें भी इस अधिकार से परिचित कराना है, ताकि अधिक से अधिक संख्या में वे सभी मतदान में भाग ले सके। इसके अलावा हमलोग बूथ स्तर का सर्वे भी करेंगे। जिन बूथों पर वोटिंग की संख्या कम है। ऐसे बूथों को चिह्नित कर विशेष अभियान चलाया जायेगा। अक्सर देखा जाता है कि निर्धन लोग तो अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं, लेकिन वीआइपी और कारपोरेट जगत के लोग इसे जरूरी नहीं समझते हैं। बूथों पर इनकी संख्या कम रहती है। इसके लिए भी इस बार प्रयास होगा ताकि सभी लोग बढ़-चढ़ कर अपने मत का प्रयोग करे।

सामाजिक कार्यों में महिला शक्ति संगठन का योगदान सराहनीय : योगेंद्र

नवीन मेल संवाददाता। बेरमो
गोमिया एकता महिला शक्ति संगठन का संगठनात्मक कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो बतौर मुख्य अतिथि शरीक हुए। संगठन की सदस्यों ने उनका जोरदार स्वागत किया। महतो ने कहा कि गोमिया एकता महिला शक्ति संगठन अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन बेहतर तरीके से कर रहा है। वंचितों, जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दिलाने से लेकर समाज के उत्थान और विकास का जो बीड़ा इस संगठन ने उठाया है, वह काफी सराहनीय है। इस काम में उन्होंने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहाक महिलाएं अब अबला नहीं, सबला हैं। समाज, राज्य और देश के विकास में पुरुषों के बराबर भूमिका निभा रही हैं। स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बन रही हैं। मौके पर ससबेड़ा पूर्वी की मुखिया शांति देवी, खम्हरा मुखिया बंटी उरांव, गणक यादव, गणेश यादव, धनंजय सिंह, अमित पासवान, घनश्याम महतो, विशाल जायसवाल, दीपक रजक, विनोद यादव, विकास यादव आदि उपस्थित थे। आयोजन में संगठन की कार्यकारी अध्यक्ष ललिता देवी, सचिव सुनीता देवी, कोषाध्यक्ष पूजा देवी, लक्ष्मी देवी, लीला देवी, आशा देवी, सारिका देवी, बॉबी देवी, शुचिता देवी, देवंती देवी, वीणा देवी, शोभा देवी आदि का अहम योगदान रहा।

प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कतरास में राम भक्तों ने किया रक्तदान

नवीन मेल संवाददाता। कतरास
अयोध्या में राम मंदिर में प्रतिष्ठा के उलक्ष्य में कतरास हटिया स्थित राजस्थानी समाज भवन में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने किया।

मौके पर चिकित्सक डॉ बीएन चौधरी, डॉ उमाशंकर सिंह, मारवाड़ी महिला समिति की सुनीता अग्रवाल व यूथ ब्रिगेड के कुलदीप अग्रवाल मौजूद रहे। शिविर में राम भक्तों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। अंकित राजगढ़िया ने 57वी बार रक्तदान किया। उनके छोटे भाई संकेत राजगढ़िया ने भी रक्तदान किया।

शिविर को सफल बनाने में मारवाड़ी महिला समिति की राखी चौधरी, रितु अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, शिल्पा गोयल, मीना अग्रवाल, श्वेता खंडेलवाल, रूपा खंडेलवाल, अंशु अग्रवाल, कविता अग्रवाल, डॉ राजेंद्र प्रसाद सेवा संस्थान राजेंद्र क्लब के अध्यक्ष अशोक चौरसिया, बिनोद रजक, शिवेश विश्वकर्मा, मुकेश भट्ट मनोज राय, लायंस क्लब कतरास के डॉ। उमाशंकर सिंह, डॉ स्वतंत्र कुमार, डा मधुमाला, कृष्ण कन्हैया राय आदि का अहम योगदान रहा।

21 जनवरी को गोपाल मैदान में टुसू मेला का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर
जमशेदपुर के गोपाल मैदान में हर साल की तरह इस साल भी झारखंडवासी एकता मंच की ओर 21 जनवरी को टुसू मेला का आयोजन किया जायेगा। इस टुसू मेला में टुसू प्रतिमा चौड़ल लेकर आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दिये जाएंगे। साथ ही बूढ़ी गाड़ी नाच प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को भी नकद इनाम दिये जाएंगे। कुल मिलाकर मेला में आने वालों पर पुरस्कारों की बारिश होगी।

उक्त जानकारी मंच के संयोजक सह सांसद विद्युत वरण महतो और मुख्य संयोजक सह समाजसेवी आस्तिक महतो ने सोनारी स्थित निर्मल भवन में एक प्रेस वार्ता के दौरान दी।उन्होंने बताया कि इसकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। मेला में इस बार भी झारखंड के विभिन्न जिला सहित

पश्चिम बंगाल तथा उड़ीसा के कई जिलों से प्रतिभागी शामिल होंगे।

सांसद ने बताया कि सुबह 10 बजे से प्रतिभागियों का आगमन मैदान में आरंभ हो जायेगा। इस दौरान टुसू प्रतिमा, चौड़ल, बूढ़ी गाड़ी नाच के अलग-अलग श्रेणियों में प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार के अलावा सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया जायेगा।

उन्होंने बताया कि इसकी शुरूआत वर्ष 2006 में पूर्व सांसद सुनील महतो में की थी। तभी से लेकर आज तक झारखंड की संस्कृति और परंपरा को कायम रखने के लिए हर वर्ष 21 जनवरी को टुसू मेला का आयोजन किया जाता रहा है। इस मेला में आस-पास के राज्यों से भी टुसू प्रतिमा पहुंचती है। आस्तिक महतो ने बताया कि मेला में होनेवाली भीड़ को देखते हुए सभी सुरक्षात्मक उपाय किये जायेंगे। इसमे प्रशासन के साथ साथ मंच के कार्यकर्ता भी लोगों की सहूलियत अनुसार उपलब्ध रहेंगे।

संवाददाता सम्मेलन में विद्युत महतो, आस्तिक महतो के साथ फणीन्द्र महतो, सुखदेव महतो, बबलू महतो, करमु हांसदा, युगल किशोर मुखी, सचिन महतो, सत्यनारायण महतो, हसीन अहमद, गोपाल महतो, चुनका मार्डी, नारायण महतो, कमल महतो, विजय महतो, अशोक महतो, ओपा सिंह, कैलाश सिंह, दिलजय बोस सहित कई सदस्य मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

गणतंत्र दिवस को लेकर तिसरी में बैठक

गिरिडीह। तिसरी प्रखंड मुख्यालय में आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रभारी बीडीओ विनोद सिंह, प्रमुख राजकुमार यादव, थाना प्रभारी प्रदीप कुमार और डॉ देवरथ मुख्य रूप से मौजूद थे। इस बैठक में समयानुसार झंडोतोलन को लेकर चर्चा किया गया। प्रखंड में होने वाले झंडोतोलन की समय सारणी में बदलाव किया गया है। जिसमें प्रखंड मुख्यालय में सुबह 8:15 बजे, तीसरी थाना में 8:30 बजे, पंचायत भवन में 8:45 बजे, भारतीय स्टेट बैंक में 8:55 बजे, बैंक आफ इंडिया में 9:00 बजे, डाकघर में 9:10 बजे, विद्युत कार्यालय में 9:20 बजे, मिशन विद्यालय तीसरी में 9:25 बजे, वन विभाग तीसरी में 9:30 बजे, प्रखंड संसाधन केंद्र में 9:40 बजे, साक्षरता कार्यालय में 9:45 बजे, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी में 9:50 बजे, अग्रवाला उच्च विद्यालय तिसरी में 10:00 बजे, मॉडल विद्यालय तिसरी में 10:10 बजे और कस्तूरबा विद्यालय तीसरी में 10:25 बजे झंडोतोलन करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर प्रभारी बीईइओ रंजीत कुमार, वनपाल अमर विश्वकर्मा, अशोक यादव, कस्तूरबा वार्डन, मुखिया किशोरी साव, खिजुरी मुखिया निर्मला बेसरा, बीपीओ संजय कुमार, मोहन मरांडी, जितेन्द्र कुमार मौजूद थे।

मध्य विद्यालय टाटो में बच्चों के बीच किया गया ड्रेस का वितरण

गिरिडीह। बिरनी प्रखंड के बरमसिया पंचायत के अंतर्गत आने वाले उत्क्रमित मध्य विद्यालय टाटो में गुरुवार को बच्चों के बीच ड्रेस का वितरण किया गया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पहली कक्षा और दूसरी कक्षा के कुल 19 बच्चों के बीच ड्रेस, जूता-मौजा, स्वेटर का वितरण किया गया। बच्चे काफी खुश हुए। मौके पर सचिव महेंद्र प्रसाद, वार्ड सदस्य जितेंद्र प्रसाद, सहायक शिक्षक मनमोहन राय, प्रबंधन समिति अध्यक्ष नीतू कुमारी, श्याम सुंदर प्रसाद समेत और ग्रामीण उपस्थित थे।

कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री ने गांवा प्रखंड के गांवों का किया दौरा

गिरिडीह। गावां प्रखंड स्थित विभिन्न पंचायतों का कोडरमा सांसद सह शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने विभिन्न गांवों का दौरा किया व माल्डा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में भी भाग लिया। उन्होंने फीता काटकर उद्घाटन किया। उनके द्वारा उज्वला के तहत गैस सिलेंडर का भी वितरण किया गया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा पूरे देश मे कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही है। जिससे आमलोगों को काफी लाभ मिल रहा है। दबे-कुचले लोग, महिलाओं आदि के लिए भी प्रधानमंत्री ने योजना बनाई। पीएम ने सभी वर्गों के विकास का ध्यान रखा है। जिसके कारण काफी संख्या में लोग लाभान्वित हो रहे हैं। नमो एप्प एवं माई भारत पोर्टल से युवा जुड़कर अपनी सलाह प्रधानमंत्री तक पहुंचा सकते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से भारत सरकार लोगों के घर-घर तक पहुंचकर महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। आजादी का जब शताब्दी वर्ष हो तब हमारा देश पूर्ण विकसित हो ऐसा संकल्प हम सबको लेना है। मौके पर विचार व्यक्त करते हुए लक्ष्मण सिंह ने कहा कि भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में उभरे। इसके लिए हम सबों को मिलकर काम करना है। जिससे नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री का सपना पूर्ण हो। मोदी सरकार के द्वारा उज्वला योजना, आयुष्मान भारत जैसी दर्जनों योजना चलाया जा रहा है। जिससे काफी संख्या लोग लाभान्वित हो रहे हैं। भाजपा सभी वर्गों के विकास के लिए काम कर रही है। इधर माल्डा के बाद गदर पंचायत भवन में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उपरांत सांसद ने पटना, माल्डा, गावां, बिरने मंझने समेत कई गांवों का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनी व समाधान का आश्वासन दिया। भ्रमण के क्रम में वे मंझने गांव पहुंचकर सड़क दुर्घटना में मृत भाजपा कार्यकर्ता सह उपमुखिया सबिता देवी के पति अशोक पंडित के परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढ़स बंधाया। मौके पर जिलाध्यक्ष महादेव दूबे, गिरिडीह सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, गिरिडीह जिला महिला सांसद प्रतिनिधि उषा देवी, बीडीओ महेंद्र रविदास, सीओ अविनाश रंजन, मुखिया गायत्री देवी, अनिता देवी, मण्डल अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद, सांसद प्रतिनिधि अंकज सिंह, श्रीराम यादव, नन्दकिशोर सिन्हा, पिंटू कुमार, अजित तिवारी, प्रदीप राम, शमशाद आलम, भिखदेव पासवान समेत कई लोग उपस्थित थे।

खटपोंक पंचायत में निकला गया भव्य जुलूस

गिरिडीह। प्रभु श्री राम के बाल रूप नूतन विग्रह को श्री राम जन्मभूमि पर बने भव्य मंदिर के गर्भ गृह में पहुंचने और आगामी 22 जनवरी को होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश के सनातनियों में अपार हर्ष व्याप्त है। इसी क्रम में शुक्रवार को तिसरी प्रखंड के खटपोंक पंचायत में गाजे-बाजे के साथ जुलूस के रूप में शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा बाबूटोल, दीवानजोत,भोगताडीह, राणाडीह, दलपतडीह होते हुए तिसरी चौक पहुंची। शोभायात्रा का नेतृत्व खटपोंक के मुखिया जानकी यादव कर रहे थे जबकि मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि मनोज यादव उपस्थित थे। सभी सनातनियों से 22 जनवरी की शाम अपने-अपने घरों व मंदिरों में द्वीप जलाकर दीपोत्सव मनाने की भी अपील की। शोभा यात्रा में छोटू यादव, लक्ष्मण मोदी, विनोद वर्णवाल, भोला मोदी, मुरली वर्णवाल समेत कई लोग शामिल हुए।

नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन

गिरिडीह। महिला बाल एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग गिरिडीह के तत्वावधान में गावां थाना मोड़ समेत अन्य स्थानों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। टीम में शामिल कलाकारों ने डायन कुप्रथा के उन्मूलन हेतु नाटक का मंचन किया। नाटक के माध्यम से बताया गया कि किसी महिला को डायन कहना, उसके डायन का अफवाह फैलाना या डायन कहने के लिए किसी व्यक्ति को उकसाना अथवा किसी भी व्यक्ति को डायन घोषित कर उसे शारीरिक या मानसिक कष्ट देना दंडनीय अपराध है। इस अधिनियम की सभी धाराएं संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आते हैं। मौके पर संजू देवी, क्रांति देवी, खुशी कुमारी, चिंता देवी, शोभ देवी, कंचन देवी, सीमा देवी, सिमरन सिंह, विशाल कुमार राउत, मंजू कुमारी एवं मधु कुमारी समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि सेविका, सहायिका, सहिया आदि उपस्थित थे।

महान वैज्ञानिक एडीसन सफल होने से पहले 10000 बार असफल हुए थे। इसलिए बार- बार की असफलताओं से कतई निराश मत होइये : अज्ञात

चुनावी वर्ष में आर्थिक चुनौतियां

पीएम मोदी को आम चुनाव से पहले जनता के बीच अपनी आर्थिक रिपोर्ट भी देनी है। विपक्षी पार्टियों का इंडि-अलायन्स भी आर्थिक मोर्चे पर सरकार को घेरेगा जिसमें महंगाई और बेरोजगारी केंद्र बिंदु होंगे। सही मायने में देखें तो आर्थिक स्थिति एक बड़ा कारक है जो चुनावी परिणामों को प्रभावित कर सकता है। 2013-14 में कांग्रेस का केंद्र में डगमगाना कमजोर आर्थिक प्रदर्शन की वजह से भी हुआ था। इसलिए, यह देखना महत्वपूर्ण है कि मोदी सरकार के आर्थिक आकड़ें क्या कहानी कहते हैं। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में, भारत की आर्थिक विकास दर में उतार-चढ़ाव आया है। 2019-20 में कोविड-19 महामारी के कारण अर्थव्यवस्था में 5.8 प्रतिशत की गिरावट आई थी। हालांकि, 2021-22 में अर्थव्यवस्था में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो एक दशक में सबसे अधिक थी। इस वृद्धि ने ना सिर्फ दुनियां को चौंका दिया बल्कि रघुराम राजन जैसे तमाम बड़े अर्थशास्त्रियों के दावों को भी पूरी तरह गलत साबित कर दिया। 2023-24 के लिए विश्व बैंक ने भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान 6.3 प्रतिशत रखा है। लेकिन वर्तमान आकड़ें बताते हैं कि वृद्धि दर इससे अधिक रहे वाली है। जुलाई-सितंबर तिमाही में ही वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही है। कोविड के प्रभाव को छोड़कर, मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में आर्थिक विकास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। इसमें महत्वपूर्ण योगदान बढ़े हुए पूंजीगत खर्च का है। इस तथ्य से नहीं नाकारा जा सकता कि मोदी सरकार ने बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट पर खूब खर्च किया है। आप आज अपने शहर या गांव से 200 किलोमीटर की कोई यात्रा ट्रैन या सड़क मार्ग से कर लीजिये। आप पायेंगे कि किसी स्टेशन पर निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है तो कोई न कोई बड़ी सड़क बन रही होगी। आकड़ों में देखे तो 2019-20 में जो पूंजीगत खर्च 2,83,500 करोड़ रुपये था, जो 2023-24 के बजट में रिकॉर्ड 10,01,961 करोड़ रुपये तक पहुँच गया। इसलिए आज जब आम आदमी भारतीय अर्थव्यवस्था को देखेगा तो निश्चित रूप से पीएम मोदी की सराहना करेगा। क्योंकि इस पैमाने पर मोदी सरकार काफी मजबूत है और जो तेज विकास की जो गारंटी दी गई थी उसे निभाया गया है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान महंगाई लगातार एक चिंता का विषय रही है। गैस, पेट्रोल-डीजल, खाद्य तेल और रसोई जैसे जरुरी वस्तुओं कि मियतों में बढ़ोत्तरी हुई है। इसको रोकने के लिए सरकार ने भरपूर प्रयास किये है परन्तु अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। आज रसोई गैस के मूल्य में कटौती तो हुई है लेकिन पेट्रोल-डीजल के दामों में कटौती का इंतजार जनता कर रही है। आंकड़ों में ही देखे तो महंगाई अभी एक समस्या बनी हुई है। 2022 में, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर 6.70% थी, जो 2014 के बाद सबसे अधिक थी। वहीं तमाम अनुमानों का यही निष्कर्ष है कि 2024 में भी महंगाई 6% से ऊपर रहेगी। हालांकि पिछले पांच महीनों में महंगाई पर लगाम लगी है।

2019-20 में कोविड-19 महामारी के कारण अर्थव्यवस्था में 5.8 प्रतिशत की गिरावट आई थी। हालांकि, 2021-22 में अर्थव्यवस्था में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो एक दशक में सबसे अधिक थी। इस वृद्धि ने ना सिर्फ दुनियां को चौंका दिया बल्कि रघुराम राजन जैसे तमाम बड़े अर्थशास्त्रियों के दावों को भी पूरी तरह गलत साबित कर दिया। 2023-24 के लिए विश्व बैंक ने भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान 6.3 प्रतिशत रखा है। लेकिन वर्तमान आकड़ें बताते हैं कि वृद्धि दर इससे अधिक रहे वाली है। जुलाई-सितंबर तिमाही में ही वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही है।

इन दिनों

पीएम जनमन: कमजोर जनजातीय के लिए आशा की किरण

अर्जून मुंडा

'जनजातीय सशक्तिकरण, गौरवशाली भारत' के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने विगत दशक के कार्यकाल में जो उपलब्धियाँ हासिल की हैं, वे अतुलनीय हैं। आजादी के बाद सरकारें तो बदलती थीं पर उनके अजेंडे में अनुसूचित जनजातीय समाज दूर दूर तक कहीं नजर नहीं आता था। देश आगे बढ़ता गया और जनजातीय समाज वहीं का वहीं रह गया। मूलभूत सुविधाओं की कमी और राजनैतिक उपेक्षाओं के कारण जनजातीय समाज मुख्यधारा से दूर रह गया। देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने जनजातियों के हित में सोचा और अलग से जनजातीय मंत्रालय का गठन किया। उस काम को प्रधानमंत्री मोदी जी तेजी से आगे ले गए। जनजातीय समाज को राजनैतिक एवं सामाजिक ढ़ंग से सशक्त करना यदि किसी मायने में कोई कर पाया है तो वो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चिंतन हमेशा ऐसी योजनाओं को धरातल पर लाने का होता है, जिनका मूलभूत उद्देश्य पिछड़े और अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति को न्याय, समानता और मौलिक अधिकार दिलाना हो। इसी सोच के साथ प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मभूमि से जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर महा अभियान 'प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन)'का शुभारम्भ किया। यह एक ऐसी परियोजना है जिसकी कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। हमारी सरकार ने देश के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 23 हजार से ज्यादा गांवों में रह रहे ऐसे 75 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों की पहचान की, जो आदिवासियों में भी सबसे पीछे रह गये आदिवासी हैं, जिन्हें आजादी के 75 साल बाद भी मूल सुविधाएं प्राप्त नहीं हुई हैं। 'पीएम जन मन' के इस महान अभियान के द्वारा भारत सरकार इन समुदायों पर 24 हजार करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है । पीवीटीजी समुदाय अक्सर वन क्षेत्रों के सुदूर और दुर्गम बस्तियों में रहते हैं। पीएम जन मन अभियान को आरम्भ करते हुए प्रधानमंत्री जी ने कहा 'सरकारें पहले आंकड़ों को जोड़ने का काम करती थी लेकिन मैं आंकड़ों को नहीं बल्कि जिंदगी को जोड़ना चाहता हूँ।' यह प्रधानमंत्री जी की जनजातीय समुदायों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री जी के संकल्प को गति देते हुए भारत मंडपम, दिल्ली में पीएम-जनमन के कार्यान्वयन के लिए विस्तृत कार्य योजना को अंतिम रूप देने के लिए मंथन शिविर का आयोजन कर योजना के क्रियान्वयन एवं रोड मैप पर चर्चा की गई। जनजातीय मंत्रालय ने पीएम-जनमन के तहत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिवस 'सुशासन दिवस' के अवसर पर 25 दिसंबर से देश के जनजातीय बाहुल्य जिलों में पीवीटीजी परिवारों तक पहुंचने के उद्देश्य से, सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) अभियान की शुरूआत की है। पिछले तीन सप्ताह में मंत्रालय द्वारा 100 से अधिक जिलों में 8000 से अधिक कैंप लगाये गये, जिनमें आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जनधन खाते आदि खोले जा रहे हैं, ताकि उन्हें आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना जैसी योजनाओं से वंचित लोगों को इसका लाभ मिल सके। विभिन्न मंत्रालयों द्वारा विगत 2 माह में पीएम जनमन के तहत 4700 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गयी हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 1 लाख लाभार्थियों को पक्के घर और 400 से अधिक पीवीटीजी बाहुल्य बसाहटो में 1200 किलोमीटर सड़के बनाने की स्वीकृति दे दी गई है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा 100 छात्रावास, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 916 आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा 100 मोबाइल मेडिकल यूनिट, जनजातीय मंत्रालय द्वारा 450 मल्टीपर्पज सेंटर और 405 वनधन केंद्र, विद्युत मंत्रालय द्वारा 6500 से ज्यादा टोलो में 70000 से ज्यादा घरों में बिजली की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत भी हर घर नल पहुंचाने का कार्य भी तेजी से चल रहा है। जनजातीय समुदायों के उत्थान के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल में, ट्राइफेड ने फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी), एग्री बिजनेस, पेपरबोर्ड और पैकेजिंग में विशेषज्ञता रखने वाले एक प्रमुख भारतीय समूह आईटीसी के साथ एक रणनीतिक साझेदारी बनाई है। यह सहयोग न केवल जनजातीय समूहों की आर्थिक समृद्धि को बढ़ाने बल्कि घरेलू और वैश्विक स्तर पर उनके उत्पादों की बाजार पहुंच का विस्तार करने की भारत सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। ये केंद्र विशेष रूप से अति पिछड़े जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) सहित स्थानीय जनजातीय समुदायों को हल्दी जैसे उत्पादों के मूल्य को बढ़ाने में सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिससे बेहतर पारिश्रमिक हासिल किया जा सकेगा। वन धन विकास केंद्रों में अपनी व्यापक भागीदारी के साथ, कच्ची जैविक हल्दी की खरीद के लिए 15,000 से अधिक आदिवासियों के एकत्रीकरण की सुविधा प्रदान करने के लिए ट्राइफेड अग्रसर है। ट्राइफेड जैविक प्रमाणीकरण और ई-कॉमर्स प्रयासों के लिए वित्त पोषण का नेतृत्व करेगा, जबकि आईटीसी अपने स्थापित ग्राहक नेटवर्क के भीतर जैविक हल्दी को एक उप-ब्रांड के रूप में एकीकृत करेगा। बेहतर आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देने की एक अन्य पहल में, ट्राइफेड हंगरी, घाना, हांगकांग, साइप्रस, बांग्लादेश, नेपाल, ऑस्ट्रिया, वियतनाम, मॉरीशस, पोलैंड, लुसाका, संयुक्त अरब अमीरात और सेशेल्स में भारतीय दूतावासों को 10-15 पीवीटीजी उत्पादों की एक खेप भेज रहा है। क्यूआर कोड के साथ उत्पादों को विदेशों में इन भारतीय दूतावासों और मिशनों में प्रदर्शित किया जायेगा, जिससे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक विपणन मंच तैयार होगा। क्यूआर कोड को स्कैन करने पर, ग्राहकों को ट्राइफेड के समर्पित निर्यात पोर्टल, डब्लू-डब्लू, डब्लू डोट ट्रीबेस इण्डिया डोट ओर्ग पर निर्देशित किया जायेगा। यह पहल न केवल पीवीटीजी शिल्प कौशल को बढ़ावा देती है बल्कि विदेशों में भारतीय मिशनों के माध्यम से इन उत्पादों की मांग को भी प्रोत्साहित करती है। ट्राइफेड का प्रयास न केवल आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है बल्कि इन आदिवासी समुदायों द्वारा तैयार किये गये अद्वितीय उत्पादों के लिए वैश्विक उपस्थिति भी स्थापित करता है। 1000 स्प्रिंग्स पहल के अंतर्गत जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा पीवीटीजी बाहुल क्षेत्रों में सुरक्षित और पर्याप्त पानी तक पहुंच प्रदान करने के उद्देश्य से 100 जिलों के जनजातीय क्षेत्रों में 1000 प्राकृतिक झरनों को पुर्नजीवित करने का काम किया जायेगा। इस पहल के अंतर्गत जल शक्ति मंत्रालय और राज्य सरकारों के साथ तालमेल से इन क्षेत्रों के लोगों में इस विषय के प्रति जागरूकता पैदा करना, जनजातीय युवाओं को पैरा-हाइड्रोलॉजिस्ट के रूप में कौशल प्रदान करना, आदि शामिल होगा। जनजातीय समूहों को देश की मुख्यधारा में सम्मिलित करने हेतु 22 जून को एक ऐतिहासिक कदम में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में 75 पीवीटीजी समुदाय के अतिथियों का अभिनंदन किया। उनमें से बहुत से जनजातीय भाई बहन ऐसे थे जो पहली बार जंगल और गांव से बाहर निकले और शहर आये। जब उन्होंने राष्ट्रपति से बातचीत की और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें संबोधित किया तो सत्ता के गलियारे इन हाशिए पर मौजूद समुदायों की आवाज से गूंज उठे।

(केंद्रीय जनजातीय कार्य और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री)

पिछले तीन सप्ताह में मंत्रालय द्वारा 100 से अधिक जिलों में 8000 से अधिक कैंप लगाये गये, जिनमें आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जनधन खाते आदि खोले जा रहे हैं, ताकि उन्हें आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना जैसी योजनाओं से वंचित लोगों को इसका लाभ मिल सके। विगत 2 माह में पीएम जनमन के तहत 4700 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गयी हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 1 लाख लाभार्थियों को पक्के घर और 400 से अधिक पीवीटीजी बाहुल्य बसाहटो में 1200 किलोमीटर सड़के बनाने की स्वीकृति दे दी गई है।

आपकी बात

22 को मनायें सात्विक दिवस

देवेश कु. घोष

जनवरी, भगवान श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन को । मांसाहारी भोजन का त्याग कर,मदिरा को हाथ न लगाकर, मन से पवित्र होकर अपने अपने इष्ट देव की आराधना कर सात्विक दिन का आगाज करना मन को मजबूत बना देगा । । हंसी मजाक में भी उस दिन झूठ न बोलें और कोई गलत काम न करें बड़े बड़े संत महात्माओं के अनुसार 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूरे विश्व के लिए अच्छा सगुण साबित होने वाला है । पवित्र संकल्प लें, कोई बुरी आदत छोड़ने की शुरूआत करें । ईश्वर आपकी सहायता करेंगें । पुराने मित्रों, भूले भटके रिशेदारों से ह्यजय श्री रामह्न का अभिवादन कर संपर्क करना अच्छा होगा । शुभकामनायें दें और आशीर्वाद लें । बड़े बुजुर्गों द्वारा उचित और सुरक्षित स्थान पर पेड़ लगवाएँ जो इस शुभ दिन की निशानी होगी और भविष्य में याद दिलाती रहेगी । हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारा जन्म उस युग में हुआ जब भगवान श्री राम के जन्म स्थान पर मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है । इस ऐतिहासिक दिन को सात्विक दिवस मनाकर आप जीवन भर आनंद का अनुभव करेंगें और यह दिन आपको सब दिन शक्ति प्रदान करती रहेगी । हो सकता है यह दिन आपके भावी सात्विक जीवन की शुरूआत हो ? इस दिन का सात्विकता पालन आपके लिए शुभ दिन हो जाए और भाग्य का द्वार खोल दे? जय श्री राम !

शीतलहर से लोग परेशान

पलामू जिला शीतलहर की चपेट में है। कड़ाके के ठंड से जनजीवन बेहाल है। पूस की रात में इस बार जमकर पाला बरस रही है। पाला गिरने से कनकनी और ठंड का प्रकोप अपने पूरे शबाब पर है। पशु पक्षी और जीव जंतु पर यह ठंड भारी पड़ रहा है। अब तक ठंड लगने से दर्जनों जानवरों की मौत हो चुकी है। ठंड लगने से कई लोग बीमार पड़े हुए हैं। सर्दी खासी जुकाम से भी पीड़ित है। निजी और सरकारी अस्पताल में मरीजों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही है। ठंड से बचने के लिए लोग देर तक घरों में दुबके रहने को विवश हैं। जबकि शाम ढलते ही चौक-चौराहा और सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ नजर आ रहा है। इस बार ठंड से बचने के लिए चौक चौराहों पर प्रशासन की ओर से अलाव की भी व्यवस्था नहीं की गई है। ऐसे में खास कर राहगीरों को कहीं आने-जाने में परेशानी उठानी पड़ रही है।

- सुधीर कुमार यादव

अध्यात्म

जय श्रीराम, अब होगा प्राचीन भारतीय विज्ञान का पुनरुत्थान

प्रमोद भार्गव

अयोध्याधाम में श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ राम की पुरातन एवं सनातन ऐतिहासिकता के साथ-साथ सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की स्थापना भी हो जायेगी। अब विभिन्न रामायणों में दर्ज उस विज्ञान को भी मान्यता देने की जरूरत है, जिन्हें वामपंथी पूर्वाग्रहों के चलते वैज्ञानिक एवं बुद्धिजीवी न केवल नकारते रहे हैं, बल्कि इनकी ऐतिहासिकता को भी कपोल-कल्पित कहकर उपहास उड़ाते रहे हैं। अतैव यह समय प्राचीन भारतीय विज्ञान के पुनरुत्थान का भी काल है, क्योंकि रामायण और महाभारत कथाएं नाना लोक स्मृतियों और विविध आयामों में प्रचलित बनी रहकर वर्तमान हैं। इनका विस्तार भी सार्वभौमिक है। देश-दुनिया के जनमानस में राम-कृष्ण की मूर्त-अमूर्त छवि बनी हुई है। वाल्मीकि रामायण और उसके समकालीन ग्रंथों में 'इतिहास' को 'पुरावृत्त' कहा गया है। गोया, कालिदास के 'रघुवंश' में विश्वामित्र राम को पुरावृत्त सुनाते हैं। मार्क्सवादी चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने रामायण को महाकाव्यात्मक इतिहास की श्रेणी में रखा है। जबकि इन ग्रंथों में विज्ञानसम्मत अनेक ऐसे सूत्र मौजूद हैं, जिनके जरिए नये आविष्कार की दिशा में बढ़ा जा सकता है। विज्ञान सम्मत अंशों को संकलित कर पाठ्यक्रमों में शामिल करने की जरूरत है। ऐसा करने से मेधावी छात्रों में विज्ञानसम्मत महात्वाकांक्षा जागेगी और भारतीय जीवन-मूल्यों के इन आधार ग्रंथों से मिथकीय आध्यात्मिकता की धूल झाड़ने का काम भी संपन्न होगा। वैसे भी ज्यादातर रामायणों में उल्लेख है की भगवान राम लंका विजय के बाद माता सीता, भाई लक्ष्मण, हनुमान और सुग्रीव के साथ पुष्पक विमान में बैठकर अयोध्या पहुंचे थे। इतिहास तथ्य और घटनाओं के साथ मानव की विकास यात्रा की खोज भी है। यह तय है कि मानव, अपने विकास के अनुक्रम में ही वैज्ञानिक अनुसंधानों से सायास-अनायास जुड़ता रहा है। ये वैज्ञानिक उपलब्धियां या आविष्कार रामायण, महाभारतकाल मे उसी तरह चरमोत्कर्ष पर थे, जिस तरह ऋग्वेद के लेखन-संपादन काल के समय संस्कृत भाषायी विकास के शिखर पर थी।

देश-दुनिया के जनमानस में राम-कृष्ण की मूर्त-अमूर्त छवि बनी हुई है। वाल्मीकि रामायण और उसके समकालीन ग्रंथों में 'इतिहास' को 'पुरावृत्त' कहा गया है।

फेसबुक वॉल से

Surendra Kishore
9 h ·

महाराणा प्रताप की पुण्य तिथि पर

(9 मई 1540--19 जनवरी 1597)

सुरेंद्र किशोर

ब्रिटिश सरकार ने जार्ज पंचम के दिल्ली दरबार(सन 1911) हाजिर होने से सिर्फ महाराणा प्रताप के वंशज को छूट दी थी याद रहे कि सारे भारतीय राजाओं की यह मजबूरी होती थी ब्रिटिश किंग के सामने झुककर उन्हें नजराना दें।

चूंकि महाराणा के वंशज इसके लिए तैयार नहीं थे,इसलिए उन्हें यह छूट दे दी थी। किसी अन्य राजा-महाराजा को ऐसी छू मिली थी। (-एम.ओ.मथाई लिखित पुस्तक ''नेहरू के साथ वर्ष''से)

मध्यकाल के इतिहास लेखन के बारे में नेहरू युग के कम्युनिस्ट इतिहासकारों ने नये इतिहास लेखकों को यह निदेश दिया था महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी के त्याग, वीरता आदि चर्चा करते हुए इतिहास मत लिखो अन्यथा हिन्दू सांप्रदायिकता बढ़ेगी।

X - से

DC Palamu
@DC_Palamu

माननीय महोदय, मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारी से जांचोपरांत ज्ञात हुआ कि एक व्यक्ति(असनरायण पाल) का पहले से ही पेंशन की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है (1/2)

Translate post

Champai Soren @ChampaiSoren · 21h
. @DC_Palamu इनकी सहायता करें।

14:56 · 19 Jan 24 · **1,696** Views

1 Repost **1** Quote **21** Likes

DC Palamu @DC_Palamu · 4h
Replying to @DC_Palamu
तथा दूसरे व्यक्ति(राम प्रवेश सिंह) का आधार अपडेट की प्रक्रिया की जा रही है। आधार अपडेट होने के उपरांत उन्हें पेंशन योजना से लाभान्वित कर दिया जायेगा।(2/2)

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

अवध में फिर श्रीराम बिराजें- 13

।।।। बंदऊं नाम राम रघुवर को।।।।

डॉ. मयंक मुरारी
चिंतक और आध्यात्मिक लेखक

वैदिक ऋषियों ने जिन दिव्यता के विचार के साथ दर्शन के शिखर को स्पर्श किया, वह उनका अमूर्त या भावात्मक देव वर्ग का निर्माण है। ऋषियों ने यज्ञा के माध्यम से अनेक देवों के प्रति भावयुक्त अभिव्यक्ति की है। इसमें ऐक्य-भाव सर्वत्र द्रष्टव्य है। बाद में ऋषियों के विचार और चिंतन दृष्टि अमूर्त और भावात्मक देवताओं की ओर जाती है। कई देवता तो मनोभवों के मानवीकरण रूप है। ऋषियों का मानना रहा कि देव संबंधी भावनाएं अमूर्त रूप में साकार होती है। कालांतर में ये स्वतंत्र देवत्व प्राप्त कर लिये। यजुर्वेद में ऐसे भावात्मक और अमूर्त देवताओं की एक लंबी सूची है जिनमें काम, गर्भ, गुण, धर्म, चक्षु, प्रायश्चित, प्रश्न, द्वेष, मृत्यु, आशीर्वाद, स्तुति, यज्ञ, सुख, सीर, सीता, सुन्वन, शरीर अवयव, हृदय, अहोरात्र, अनुमति जैसे भावों को देवश्रेणी में स्थान दिया गया है। वाल्मीकि के काल में संबोधन से मनुष्य के व्यक्तित्व और उसके आंतरिक एवं बाहय गुणों का प्रदर्शन होता था। कुछ संबोधन व्यक्ति के वंश, परंपरा, कुल एवं कार्य के चरित्रगत लक्षण को भी प्रदर्शित करता है। इन संबोधन से वाल्मीकि के काल में व्यक्ति के गुणों, जन्मस्थानों एवं स्वभाव का भी बोध होता था। अब एक राम नाम के अर्थ अनेक हैं। तैत्तरीय अरण्यक के अनुसार राम शब्द का पुत्र है। इसमें पुत्र को राम कहा गया है। वही ब्राह्मण संहिताओं में रमन्ते सर्वत्र इति रामः यानी जो सभी जगहों पर रमा हुआ है। वह राम है। संस्कृत व्याकरण के अनुसार रमंते का अर्थ राम अर्थात जो सुंदर है, दर्शनीय है, वह राम है। इसी प्रकार मनोज्ञ शब्द को भी राम से जोड़ा जाता है। इसमें मनोज्ञ का अर्थ है मन को जानने वाला। यानी जो मन को जानता है, वह राम है। हिंदी में राम का अर्थ जो आनंद देनेवाला हो। संतुष्टि देने वाले को राम कहा जाता है। दशरथनंदन राम सहित चार भाईयों को चार पुरुषार्थ का प्रतीक बताया गया है। इसमें राम को मोक्ष, भरत को धर्म, लक्ष्मण को काम और शत्रुघन को अर्थ का पर्याय बताया गया है। राम का एक अर्थ र से रसातल यानी पाताल, अ से आकाश और म से मृत्युलोक यानी पृथ्वी। इस प्रकार जो धरती, आकाश और पाताल का स्वामी है। वह राम है। संस्कृत व्याकरण में रम धातु में प्रत्यय के योग से राम बनता है। रम धातु का अर्थ रमण यानी निवास करना है। वे प्राणियों के हृदय में रमण करते है।

ऋषियों ने यज्ञा के माध्यम से अनेक देवों के प्रति भावयुक्त अभिव्यक्ति की है। इसमें ऐक्य-भाव सर्वत्र द्रष्टव्य है। बाद में ऋषियों के विचार और चिंतन दृष्टि अमूर्त और भावात्मक देवताओं की ओर जाती है।

बोधि वृक्ष

कैलाश पर्वत की कथा, इतिहास व रहस्य

जिस कारण ये शक्तियां इस पर्वत पर चढ़ने से रोकती है अलौकिक शक्तियों के कारण कई बार आश्चर्यजनक घटनाए घटित हुई है तो कई बार साफ मौसम में एकदम तेज बर्फबारी हुई, तो कभी रास्ता ही गायब हो गया। कैलाश पर्वत की ऊपरी चोटी का आकार शिवलिंग के समान है। माना जाता है, कि इस पर्वत पर भगवान शिव की शिवलिंग स्थित है पर इस पर कोई भी वैज्ञानिक तर्क नहीं है। इस पर्वत की एक परिक्रमा से सभी पाप धुल जाते है। माना जाता है, कि मानसरोवर में कल्प वृक्ष स्थित है, इसलिए इस झील के 12 परिक्रम लगाने पर मोक्ष की प्राप्ति होती है। माना जाता है, कि इस पर्वत के भीतरी भाग से डमरू तथा ओउम की ध्वनियाँ उत्पन्न होती है जहाँ भगवान शिव इस पर्वत में मौजूद है, और वे डमरू बजा रहे है पर वैज्ञानिको के आधार पर ये ध्वनियाँ बर्फ के पिघलने से उत्पन्न होती है। कैलाश पर्वत पर समय बहुत तेजी से घटता है। पर्वतारोहियो का मानना है, कि यहाँ पर बाल और नाखून बहुत तेजी से बढ़ते है। तथा सामान्य समय में 7 दिन में नाखुनो की लम्बाई वहा मात्र 12 घंटो में बढ़ जाती है। ये सच्चाई है, पर इसके कारण के बारे में कोई वैज्ञानिक तर्क नहीं दिया गया है। पर्वत की इन अद्भुत शक्तियों से कारण कोई यात्री इस पर्वत को विजय नहीं कर पाया इसलिए चीन के सरकार ने 2001 में अपने अंतिम प्रयास के बाद इस पर्वत की चढ़ाई को प्रतिबंधित कर दिया और आज इसकी चढ़ाई करना गैरकानूनी अपराध है। कैलाश पर्वत दुनिया के दुर्गम पर्वतो में से एक है। हिमालय जैसे पर्वत पर भी कई बार सफल चढ़ाई की जा चुकी है, पर कैलाश अभी भी अजेय है और शायद अजेय ही रहेगा, पर एक अपवाद के रूप में माना जाता है, कि 1927 में एक यात्री ने सफलता पूर्वक कैलाश पर्वत की यात्रा की थी। **(क्रमशः)**

टेक वर्ल्ड

भारत का पहला ह्यूमन स्पेश

बता दें कि, इस मिशन के पहले क्रू मॉड्यूल के लिस्ये पहले डिवेलपमेंट फ्लाइट टेस्ट व्हीकल की तैयारी आखिरी चरण में है। इसरो ने बताया कि, टेस्ट व्हीकल एक सिंगल स्टेज लिक्विड रॉकेट है जिसे इस अबॉर्ट मिशन के लिए डिवेलप किया गया है। पैलोड में क्रू मॉड्यूल और क्रू एस्केप सिस्टम अपनी तेजी से कार्य करने वाली मोटर्स के साथ हैं। इसके अलावा सीएम फेयरिंग और इंटरफेस एडैप्टर्स हैं। **(समाप्त)**

मार्केट में आया दुनिया का सबसे छोटा Power bank, चुटकियों में चार्ज होगी 50 प्रतिशत बैटरी

Urbn ने दुनिया का सबसे छोटा पावर बैंक मार्केट में उतारा है। अर्बन नैनो के लॉन्च के साथ अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। लेटेस्ट पावर बैंक दो अलग-अलग क्षमताओं में मौजूद है। 10,000mAh और 20,000mAh दोनों ही प्रोडक्ट को कंपनी की प्रीमियम रेंज, ब्लैक एडिशन और सपोर्ट पावर डिलीवरी के तहत लॉन्च किया गया है। चार्जिंग सलूशन ब्रांड अर्बन ने दुनिया का सबसे छोटा पावर बैंक मार्केट में उतारा है। अर्बन नैनो के लॉन्च के साथ अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। लेटेस्ट पावर बैंक दो अलग-अलग क्षमताओं में मौजूद है। 10,000mAh और 20,000mAh दोनों ही प्रोडक्ट को कंपनी की प्रीमियम रेंज, ब्लैक एडिशन और सपोर्ट पावर डिलीवरी के तहत लॉन्च किया गया है जो केवल 30 मिनट में फोन को 0-50 प्रतिशत तक चार्ज करने का वादा करता है।

(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा से पहले अयोध्या पहुंचे सीएम योगी

एजेंसी। अयोध्या

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अयोध्या दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु श्रीरामभद्राचार्य से भी मुलाकात की। पद्म पुरस्कार से सम्मानित श्रीरामभद्राचार्य के 75वें जन्मदिवस पर अयोध्या के काशीराम कॉलोनी के पास अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया है। यह आयोजन 14 जनवरी से शुरू हुआ है, जो 22 जनवरी तक निरंतर चलेगा। आयोजन के छठवें दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी यहां पहुंचे। आयोजन स्थल पर चल रही 1008 कुंडीय हनुमन महायज्ञ में शामिल हुए। योगी आदित्यनाथ ने आहुति देकर सुखी स्वस्थ व समृद्ध उत्तर प्रदेश की कामना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबसे पहले जगदगुरु श्रीरामभद्राचार्य के पास पहुंचे। अंगवस्त्र ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। यहां सीएम ने श्रीरामभद्राचार्य का हालचाल भी जाना। आयोजन स्थल पर सीएम को देख उपस्थित श्रद्धालुओं व आगंतुकों ने अपने मोबाइल में फोटो व वीडियो बनाया। सभी सीएम की झलक पाने को बेताब दिखे। मुख्यमंत्री ने भी लोगों का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दर्शन-पूजन के उपरांत राम मंदिर भी पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री ने प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियों का जायजा लिया। इसके बाद शुक्रवार को पूजन में भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने यहां दिव्य-भव्य मंदिर का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम के मद्देनजर पूरे मंदिर परिसर का निरीक्षण किया।

पहले प्रदेश का किसान कर्ज में डूबा था, आज खुशहाल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गन्ना किसान संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कहा कि प्रदेश के 86 लाख किसानों का कर्ज माफ किया गया है। जबकि, वर्ष 2017 से पहले प्रदेश के किसान आत्महत्या करने को मजबूर थे। वह कर्ज में डूब हुए थे। खेती के लिए बिजली, खाद और सिंचाई की कोई व्यवस्था नहीं थी। पिछली सरकारों की अनदेखी से चीनी मील बंद हो रही थी। हमारी सरकार सत्ता में आई तो मुश्किल से 110 चीनी मिलें चल रही थी। उन पर भी वर्ष 2010 से 2017 के बीच गन्ना मूल्य का बकाया था। हमने सबसे पहले गन्ना किसानों के बकाया का भुगतान किया और 120 चीनी मिलों को संचालन कराया।इस दौरान किसानों ने योगी सरकार का गन्ने के एसएपी पर 20 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ोतरी पर खुशी जाहिर की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब हमारी सरकार आई तो गन्ना किसानों को गन्ने का समर्थन मूल्य 315 रुपये प्रति क्विंटल दिया जाता था, लेकिन, वह पैसा भी उनको नहीं मिल पाता था।

'उज्जैन और अयोध्या का संबंध दो हजार साल पुराना, निमंत्रण ठुकराने वाले अभागे'

मुख्यमंत्री ने अयोध्या के लिए रवाना की महाकालेश्वर मंदिर में तैयार लड्डू प्रसादी

एजेंसी। भोपाल

उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर मंदिर में तैयार किए गए पांच लाख लड्डुओं की प्रसादी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को अयोध्या भेजी। उन्होंने लड्डू प्रसादी के पांच कंटेनरों से भोपाल के मानस भवन से भगवा झंडी दिखाकर रवाना किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उज्जैन और अयोध्या का संबंध दो हजार साल पुराना है। उन्होंने इस मौके पर रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण ठुकराने वालों पर निशाना साधते हुए उन्हें अभागा निरुपित किया। दरअसल, अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर महाकालेश्वर मंदिर समिति ने एक करोड़ रुपये की लागत से पांच लाख लड्डुओं की प्रसादी तैयार की है, जो गुरुवार देर रात पांच कंटेनरों के माध्यम से भोपाल पहुंची थी। यह लड्डू प्रसादी 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में वितरित की जाएगी।

एक नजर

मंगलुरु-तुमकुर हाईवे के लिए दी गई 344 करोड़ की मंजूरी

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को बताया कि कर्नाटक में एनएच-73 के मंगलौर-मुदिगेरे-तुमकुर सेक्शन के विस्तार के लिए 343.74 करोड़ रुपये की राशि को मंजूरी दी गई है। यह परियोजना नेशनल हाईवे के इस सेक्शन को मजबूत आधार वाली दो लेन वाली सड़क में बदल देगी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि 10.8 किमी तक फैली यह परियोजना इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) मोड के तहत निष्पादन के लिए निर्धारित है। केंद्रीय मंत्री ने चुनौतीपूर्ण पहाड़ी, विशेष रूप से चारमाडी घाट के बारे में बताते हुए कहा कि यह पहल इस क्षेत्र में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगी।

बीएसएफ का सरहद पर शुरू हुआ ऑपरेशन अलर्ट

जैसलमेर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पाकिस्तान से लगी पश्चिमी सरहद पर ऑपरेशन अलर्ट शुक्रवार से शुरू कर दिया, जो जनवरी के अंत तक चलेगा। इस बार का ये अलर्ट ऑप्स अलर्ट है। इस दौरान बीएसएफ के जवान पाकिस्तान से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अपनी नियमित गश्त और बढ़ी हुई चौकसी के साथ अलर्ट पर रहेंगे। इस दौरान रात और दिन मिला कर 24 घंटे निगरानी तंत्र चौकस और मुस्तैद रहेगा। इस बार भी गणतंत्र दिवस तथा बदलते मौसम के चलते कड़ाके की ठंड और धुंध में सीमा पर तेज ठंडी हवाओं और कोहरे की स्थिति से निपटने को लेकर बीएसएफ अतिरिक्त निगरानी के साथ अलर्ट मोड पर रहेगी।

राजस्थान सरकार कांग्रेस की मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना की समीक्षा करेगी

जयपुर। राजस्थान की भजन लाल शर्मा सरकार राज्य में पूर्व की कांग्रेस सरकार की मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना और महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की समीक्षा करेगी। राज्यपाल कलराज मिश्र ने शुक्रवार को विधानसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व की गहलोत सरकार के घोटालों की भी जांच होगी, लेकिन कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं बंद नहीं की जाएंगी। राज्यपाल ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में राज्य का कर्ज 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ गया है और राज्य में प्रति व्यक्ति कर्ज लगभग 70,000 रुपये तक पहुंच गया है। राज्यपाल ने विधानसभा को बताया कि पूर्व की गहलोत सरकार की किन योजनाओं को लेकर भजन लाल सरकार आगे बढ़ेगी।

बिहार में सियासी सरगर्मी तेज, जदयू अध्यक्ष से मिलने पहुंचे लालू-तेजस्वी

एजेंसी। पटना

'इंडिया' गठबंधन में अब तक सीट बंटवारा नहीं होने से नाराज बताए जा रहे बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू के अध्यक्ष नीतीश कुमार से मिलने शुक्रवार को राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद तथा उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। इस मुलाकात के बाद प्रदेश में जहां सियासत गर्म हो गई है, वहीं, इन नेताओं की मुलाकात के बाद कई तरह के कयास लगाए जाने लगे हैं। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शुक्रवार की सुबह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पर भेंट की। इन नेताओं के बीच करीब 45 मिनट की मुलाकात को लेकर माना जा रहा है कि नीतीश की नाराजगी को दूर करने लालू पहुंचे। मुलाकात के बाद बाहर निकले लालू प्रसाद तो कुछ नहीं बोले, लेकिन, तेजस्वी ने

इसे सामान्य मुलाकात बताया। तेजस्वी ने पत्रकारों के प्रश्न के उत्तर में कहा कि महागठबंधन में सब कुछ ठीक है। हम लोग मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में मिलकर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हम लोग सब लोग मजबूती के साथ आपस में मिलकर काम कर रहे हैं। एक-एक करके जितने वादे किए हैं, सारे पूरे कर रहे हैं। जब से लालू जी और नीतीश जी एक हुए हैं।

हम लोग मजबूती के साथ मिलकर काम कर रहे : तेजस्वी यादव

पटना। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शुक्रवार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पर मुलाकात की। मुलाकात के बाद तेजस्वी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हम लोग मजबूती के साथ आपस में मिलकर काम कर रहे हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं और मैं उप मुख्यमंत्री हूं। इसलिए हमारे बीच मुलाकात तो होते रहती है। इसमें कोई बड़ी बात नहीं है। इसके कोई अलग मायने निकलना कहीं से भी उचित नहीं है। हम लोग सब लोग मजबूती के साथ आपस में मिलकर काम कर रहे हैं।

बिहार में सियासी परिदृश्य बदलने के मांझी ने दिए संकेत,

पटना। बिहार में राजनीतिक परिदृश्य बदलने की चर्चा जोरों पर है। इसी बीच, एनडीए में सहयोगी दल हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने इसके संकेत भी दे दिए हैं। मांझी ने शुक्रवार को एक्स पर इस बदलाव के संकेत देते हुए अपने विधायकों को 25 जनवरी तक पटना में ही रहने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि दिल्ली में रहने के बावजूद बिहार के वर्तमान राजनीतिक हालात पर मेरी नजर है। राज्य के राजनीतिक हालात को ध्यान में रखते हुए मैंने अपने सभी विधायकों को आगामी 25 जनवरी तक पटना में ही रहने का निर्देश दिया है। जो भी हो, राज्यहित में होगा। मांझी के इस बयान को लेकर यह कहा जाने लगा है कि शायद बिहार में सियासी उलटफेर का कोई खेल हो सकता है।

शाह ने असम राइफल्स के बहादुरों को श्रद्धांजलि दी

शिलांग। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को शिलांग में असम राइफल्स के महानिदेशालय मुख्यालय का दौरा किया और बहादुर जवानों को उनके बलिदान के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, अमित शाह को शहर के लैटकोर क्षेत्र में तैयार की गई चौकी का विंडशील्ड दौरा कराया गया। उन्होंने युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। एक्स पर एक पोस्ट में केंद्रीय मंत्री ने कहा, "हमारे राष्ट्र की सुरक्षा के लिए असम राइफल्स के बहादुरों द्वारा दिया गया बलिदान अद्वितीय है। असम राइफल्स महानिदेशालय के मुख्यालय में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन शहीदों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। केंद्रीय मंत्री उत्तर पूर्व परिषद (एनईसी) के 71वें पूर्ण सत्र में भाग लेने के लिए शिलांग का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यालय में साइबर सुरक्षा संचालन केंद्र का भी उद्घाटन किया, जो बल को साइबर हमलों से बचने के लिए लड़ाई में बढ़त प्रदान करेगा।

गुजरात कांग्रेस विधायक चावड़ा ने दिया इस्तीफा

अहमदाबाद। गुजरात में कांग्रेस को झटका देते हुए उसके वरिष्ठ सदस्य और विजापुर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक सीजे चावड़ा ने शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। इस कदम को चावड़ा के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के रूप में देखा जा रहा है। उनका इस्तीफा

औपचारिक रूप से गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी को गांधीनगर में उनके आधिकारिक आवास पर सौंपा गया। उनका पार्टी छोड़ना गुजरात विधानसभा में कांग्रेस के प्रतिनिधित्व में उल्लेखनीय कमी का प्रतीक है, जो अब 182 सीटों वाली विधायिका में 15 रह गई है। इससे पहले पूर्व कांग्रेस विधायक चिराग पटेल ने भी पार्टी छोड़ दी थी। वो भी जल्द ही भाजपा का दामन थाम सकते हैं। चावड़ा, जो दो बार विधानसभा के सदस्य के रूप में कार्य कर चुके हैं, कांग्रेस पार्टी में एक अनुभवी नेता थे। उन्होंने पहले गांधीनगर उत्तर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए विधानसभा में मुख्य सचेतक की भूमिका निभाई थी। 2022 के चुनावों में, उन्होंने अपना राजनीतिक युद्धक्षेत्र मेहसाणा जिले में स्थित विजापुर में स्थानांतरित कर दिया था।

प्रबोधन कार्यक्रम का ओम बिरला करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शनिवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम का समापन रविवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के भाषण के साथ होगा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री, छत्तीसगढ़ विधानसभा के विधायक, लोकसभा के महासचिव और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। छत्तीसगढ़ विधान सभा के नवनिर्वाचित सदस्य 20 एवं 21 जनवरी 2024 को आयोजित किए जा रहे इस दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम में शामिल होंगे। बता दें कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विधायकों को विधायी ढांचे में स्वयं को ढालने में उनकी सहायता करना और उन्हें विधानमंडल के कामकाज और इसकी प्रक्रियाओं से परिचित कराना है। कार्यक्रम में सदस्यों को प्रेरक संवाद, ज्ञानवर्धक आदान-प्रदान तथा संसद और राज्य विधानमंडलों के कार्यकरण के पिछले उदाहरणों के माध्यम से व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी।

अलग राज्य के लिए विरोध प्रदर्शन, ट्रेन सेवाएं ठप

कोलकाता। अलग कामतापुर राज्य की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों द्वारा रेल पटरियों को अवरुद्ध करने के बाद शुक्रवार को उत्तर बंगाल के कुछ हिस्सों में ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं। रेल-नाकाबंदी विरोध प्रदर्शन कामतापुर पीपुल्स पार्टी (यूनाइटेड) और

ऑल कामतापुर स्टूडेंट यूनियन (एकेएसयू) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। आंदोलनकारियों ने न्यू मयनागुड़ी और बेटगरा स्टेशनों के बीच जलढाका रेलवे पुल के पास ट्रैक को अवरुद्ध कर दिया है, जो उत्तर बंगाल और असम के बीच एक महत्वपूर्ण क्रॉसओवर प्वाइंट है। जिसके चलते, वंदे भारत एक्सप्रेस और कामरूप एक्सप्रेस वर्तमान में जलपाईगुड़ी जिले के बेटगरा रेलवे स्टेशन पर फंसी हुई हैं। यहां तक कि लोकल ट्रेन सेवाएं भी बाधित हो गई हैं। प्रभावित क्षेत्र से गुजरने वाली कुछ ट्रेनों का रूट डायवर्ट करना पड़ा। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस, सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के कर्मियों सहित सुरक्षा बलों की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गई है।

हिंदुओं के मार्ग दर्शक शंकराचार्य या चंपत राय

भोपाल। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सवाल उठाए हैं और पूछा है कि हिंदुओं को कौन मार्ग दिखाए, शंकराचार्य या चंपत राय। पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने एक्स पर कई सवाल पूछे हैं। उन्होंने लिखा, आज जनमानस में कुछ प्रश्न उपस्थित हो गये हैं। भगवान राम बड़े या मोदी जी? हिंदू

धर्मशास्त्र में हिंदुओं को कौन मार्ग दिखाये शंकराचार्य या चंपत राय। सनातन धर्म की मान्यताओं का पालन किसने किया। महात्मा गांधी ने या नाथूराम गोड्से ने। क्या निमार्णाधीन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की जा सकती है। राम भगवान का जन्म रामनवमी पर हुआ था। क्या प्राण प्रतिष्ठा उसी दिन नहीं हो सकती थी। क्या मुझे इनका उत्तर मिलेगा। पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने आगे लिखा, मैं तो शुरू से यही कह रहा हूं, जिस रामलला की मूर्ति रखे जाने पर विवाद हुआ, विध्वंस हुआ, वह कहां है। दूसरी मूर्ति की क्या आवश्यकता थी। हमारे गुरु द्वारिका व जोशीमठ में शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद महाराज ने यह भी सुझाव दिया था कि राम जन्म भूमि मंदिर में भगवान राम की मूर्ति बाल स्वरूप होकर मां कौशल्या की गोद में होना चाहिए।

रामलला प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन मस्जिद में चादर चढ़ाएंगी ममता

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन राजधानी कोलकाता सहित पूरे राज्य में सद्भावना रैली निकालने की घोषणा की है। कोलकाता में रैली का नेतृत्व वह खुद करेंगी और स्कूटर पर सवार होकर मस्जिद में चादर चढ़ाने जाएंगी। तृणमूल कांग्रेस के एक नेता ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीएम आवास से थोड़ी दूरी पर हाजरा मोड़ से यह रैली शुरू होगी और पार्क सर्कस मैदान में खत्म होगी। रैली शुरू होने से पहले वह कालीघाट मंदिर में पूजा पाठ करेंगी। इसके बाद रैली का नेतृत्व करना शुरू करेंगी। अपराह्न 3:30 हाजरा रोड होते हुए मुस्लिम बहुल क्षेत्र पार्क सर्कस इलाके में

पहुंचेंगी। यहां हजरा लॉ कॉलेज के पास मस्जिद में जाने के लिए ममता स्कूटर का सहारा लेंगी और चादर चढ़ाएंगी। उसके बाद फिर रैली में वापस आ जाएंगी। यही करीब में एक चर्च है। वहां भी जाकर वह प्रार्थना करेंगी। मुख्य रैली मुस्लिम बहुल क्षेत्र पार्क सर्कस के मैदान में होनी है जहां ममता संबोधन भी करेंगी। उल्लेखनीय है कि 22 जनवरी को सद्भावना रैली के जरिए मुख्यमंत्री ने सभी धर्मों को एक साथ लेकर चलने का संदेश देने की कोशिश की है।

भाजपा ने ममता को लिखा पत्र, 22 जनवरी को छुट्टी घोषित की जाए

कोलकाता। भारतीय जनता पार्टी ने 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन पश्चिम बंगाल में सार्वजनिक छुट्टी घोषित करने की मांग की है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इस संबंध में पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि 22 जनवरी का दिन भारत की ऐतिहासिक परंपराओं को गौरवान्वित करने वाला दिन है। इसलिए पश्चिम बंगाल में छुट्टी घोषित चाहिए। सुकांत ने लिखा है कि इसके जरिए नई पीढ़ी को अपने देश की सभ्यता और संस्कृति के प्रति गौरवान्वित होने का मौका मिलेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन राजधानी कोलकाता सहित पूरे राज्य में सद्भावना रैली करने की घोषणा की है। उस दिन राज्य के कई हिस्सों में भगवान राम को केंद्रित कर कई कार्यक्रम होने हैं।

19 असाधारण बच्चों को सम्मानित करेंगी राष्ट्रपति

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देशभर के असाधारण उपलब्धि करने वाले 19 बच्चों को विज्ञान भवन में 22 जनवरी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 से सम्मानित करेंगे। इन पुरस्कार पाने वाले बच्चों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 जनवरी को बातचीत करेंगे। सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 (पीएमआरबीपी) के लिए कला और संस्कृति के लिए सात, बहादुरी के लिए एक, नवाचार के लिए एक, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए एक, सामाजिक सेवा के लिए चार और खेल के लिए पांच बच्चों को चुना गया। इन्हें असाधारण उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार पाने वालों में दो आकांक्षी जिलों सहित 18 राज्यों और केंद्र शासित

प्रदेशों से नौ लड़के और दस लड़कियां शामिल हैं। पीएमआरबीपी पुरस्कार विजेता को एक पदक और प्रमाण पत्र दिया जाएगा। महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी भी बच्चों के साथ बातचीत भी करेंगी और राज्यमंत्री डॉ. मुंजपारा महेंद्रभाई की उपस्थिति में उन्हें सम्मानित करेंगी। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान करती है।

फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी स्थापित करने पर विचार कर

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य में अपना खुद का फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय स्थापित करने का फैसला किया है। राज्य सरकार के सूत्रों ने कहा कि इस संबंध में एक विधेयक आगामी बजट सत्र के दौरान पश्चिम बंगाल विधानसभा में रखा जाएगा, जो 5 फरवरी से शुरू होकर 17 फरवरी तक चलेगा। सूत्रों ने कहा कि प्रस्तावित विश्वविद्यालय की स्थापना का निर्णय फॉरेंसिक वैज्ञानिकों की गतिविधियों के दायरे में भारी वृद्धि के बाद लिया गया है। अक्सर असाइनमेंट का दबाव इतना अधिक होता है कि दूसरे राज्यों से फॉरेंसिक वैज्ञानिकों को बुलाने की भी नौबत आ जाती है। "पश्चिम बंगाल में संबंधित क्षेत्र में मौजूदा वैज्ञानिकों पर दबाव कम करने के साथ-साथ बाहर से संबंधित विशेषज्ञों को आमंत्रित करने से बचने के लिए विश्वविद्यालय की स्थापना के मामले पर काफी समय से चर्चा की गई थी।

एनएच एक्ट में अनिवार्य मध्यस्थता को चुनौती देने वाली याचिका स्वीकृत

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम के तहत भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में मुआवजे के निर्धारण के लिए अनिवार्य मध्यस्थता कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट विचार करने के लिए सहमत हो गया है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने मामले में केंद्र सरकार, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के परियोजना निदेशक और अन्य को नोटिस जारी किया। याचिका में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 की धारा 3जी में भूमि खोने वाले पर पूर्व-निर्धारित मध्यस्थ के साथ अनिवार्य मध्यस्थता कार्यवाही थोपना संविधान के अनुच्छेद 14 का

स्पष्ट उल्लंघन है। वकील मधुस्मिता बोरा के माध्यम से दायर रिट याचिका में धारा 3जे की संवैधानिक वैधता को भी चुनौती दी गई है, जिसमें कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही फैसले में इसे असंवैधानिक और अनुच्छेद 14 का उल्लंघन घोषित कर दिया है। वर्तमान राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम के तहत, यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित मुआवजे की राशि भूमि मालिक को स्वीकार्य नहीं है, तो धारा 3 जी (5) के तहत एक आवेदन दिया जा सकता है जो केवल मध्यस्थ को मुआवजे की राशि निर्धारित करने का अधिकार देता है। साथ ही, मुआवजे के विवाद को अदालतों के अधिकार क्षेत्र से बाहर रखा गया है, जिससे भूमि खोने वाले पर अनिवार्य मध्यस्थता कार्यवाही थोप दी जाती है।

ओडिशा में तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में आठ लोगों की मौत

भुवनेश्वर। ओडिशा के गंजम जिले में एक सड़क दुर्घटना में स्कूटर और बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर में बिजली विभाग के दो कर्मचारियों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, यह दुर्घटना गुरुवार देर रात हुई। पुलिस ने बताया कि बिजली विभाग के दो आउटसोर्सिंग कर्मचारियों समेत तीन लोग गुरुवार देर रात केशरीपटना गांव में कुछ मरम्मत का काम खत्म करने के बाद अपने स्कूटर से सोराडा लौट रहे थे। इसी बीच, विपरीत दिशा से आ रहे वाहन से जोरदार टक्कर हो गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को बचाया और सोराडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने तीन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि दो अन्य ने सोराडा अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

गोधरा जैसी घटना वाली टिप्पणी के लिए हरिप्रसाद से हुई पूछताछ

कहा मुझे पता नहीं कि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है या आरएसएस की

मैं अपने पहले के बयान पर कायम हूं, श्रद्धालुओं को उचित सुरक्षा दी जानी चाहिए

एजेंसी। बेंगलुरु

कर्नाटक में गोधरा जैसी घटना दोहराई जा सकती है वाली टिप्पणी के लिए शुक्रवार को राज्य पुलिस ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता बीके हरिप्रसाद से पूछताछ की। कुछ समय पहले हरिप्रसाद ने कहा था कि कर्नाटक में गोधरा जैसी घटना दोहराये जाने की संभावना है। उन्होंने राज्य सरकार से

आने वाले दिनों में अयोध्या की यात्रा करने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया था। इसके बाद हरिप्रसाद ने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उन्हें पता नहीं चल रहा कि यह कांग्रेस की सरकार है या आरएसएस के नेतृत्व वाली सरकार। हरिप्रसाद ने पुलिस से कहा कि मैं वीआईपी ट्रीटमेंट नहीं चाहता, अगर जरूरत पड़ी तो आप मुझे गिरफ्तार कर सकते हैं। उन्होंने कहा, मैंने पुलिस से कहा है कि यदि आवश्यक हो तो मेरा पॉलीग्राफ टेस्ट (झूठ पकड़ने वाला परीक्षण) किया जाए। वे मुझे थाने ले जाएं और पूछताछ करें। मेरे साथ-साथ, उन्हें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र का भी पॉलीग्राफ परीक्षण करने दें। यदि मेरी ऐसी दुर्दशा है, तो सामान्य कांग्रेस कार्यकताओं की क्या दुर्गति होगी? हरिप्रसाद ने कहा कि सरकार ने आरएसएस पदाधिकारी कल्लडका प्रभाकर भट के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है, जिन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक बयान जारी किया था। भाजपा के कारवार सांसद अनंतकुमार हेगड़े के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिन्होंने मुख्यमंत्री को 'बेटा' कहकर संबोधित किया था।'

जोशीमठ-मलारी हाईवे पर बने नए पुल का राजनाथ ने किया लोकार्पण

देहरादून। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को जोशीमठ के ढाक पहुंचे। रक्षा मंत्री ने यहां भारत-चीन सीमा को जोड़ने वाले जोशीमठ-मलारी हाईवे पर बनाए गए पुल सहित देश के विभिन्न जगहों की कई परियोजनाओं लोकार्पण किया। कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे। रक्षा मंत्री ने बीआरओ की ओर से जोशीमठ-मलारी हाईवे पर बनाए गए पुल का लोकार्पण किया। फिर यहीं से बीआरओ की ओर से देश के विभिन्न जगह पर बनाए गए 28 पुल और छह सड़कों का वर्चुअली लोकार्पण भी किया। रक्षा मंत्री के दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था रही।

ईडी ने चेन्नई में रियल्टी ग्रुप के परिसरों पर की छापेमारी

एजेंसी। चेन्नई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को चेन्नई में ओशन लाइफस्पेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिवानस किंग पीटर के परिसरों पर तलाशी शुरू की। तमिलनाडु पुलिस के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि एजेंसी ने सिवानस पीटर के खिलाफ चेन्नई पुलिस की केंद्रीय अपराध शाखा द्वारा दर्ज मामले के आधार पर प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) खोली है। सीसीबी ने 14 अगस्त, 2023 को बालासुब्रमण्यम श्रीराम द्वारा दर्ज की गई एक शिकायत के आधार पर सिवानस पीटर के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जिन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें कंपनी के प्रमोटरों द्वारा धोखा दिया गया था और उन्हें ओशन लाइफस्पेस इंडिया के निदेशक के पद

से हटा दिया गया। शिकायतकर्ता ने कंपनी के निदेशक पद से हटाए जाने को चुनौती देते हुए राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण का रुख भी किया था। कंपनी के निदेशकों ने एफआईआर को रद्द करने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय का रुख किया। हालांकि, मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जी. जयचंद्रन ने एफआईआर को रद्द करने से इनकार कर दिया और इसके बजाय 15 दिसंबर, 2023 को अपराध शाखा सीआईडी द्वारा पुलिस अधीक्षक के पद से नीचे के अधिकारी द्वारा जांच का आदेश दिया।

अनीसा, शकेरा, किशोना और किसिया ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी। एंटीगुआ

वेस्टइंडीज की महिला क्रिकेटर अनीसा मोहम्मद, शकेरा सेल्मन, किशिया नाइट और किशोना नाइट ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। ये चारों 2016 टी20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा थीं।

ऑफस्पिनर अनीसा, जिन्होंने 2003 में 15 साल की उम्र में वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया था, वनडे और टी20 दोनों में वेस्टइंडीज के लिए अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में सेवानिवृत्त हुईं। उन्होंने 141 वनडे में 180 विकेट और 117 टी20आई में 125 विकेट लिए। वह 100 टी-20आई विकेट लेने वाली पहली क्रिकेटर (पुरुष या महिला), और टी-20आई हैट्रिक लेने वाली पहली वेस्टइंडीज महिला क्रिकेटर भी थीं।

अनीसा पांच वनडे विश्व कप और सात टी20 विश्व कप का हिस्सा थीं। उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच मार्च 2022 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप सेमीफाइनल था।

अनीसा ने कहा पिछले 20 साल सचमुच अद्भुत रहे हैं, मैंने इसके हर एक मिनट का आनंद लिया है। मेरा मानना है कि अब समय आ गया है कि मैं खेल से दूर जाऊं और युवा खिलाड़ियों को उनके सपने जीने की इजाजत दूं, जैसे मैंने अपने सपने देखे हैं। मुझे मेरे करियर में 258 बार मैरून रंग पहनकर मैदान पर उतरने का सौभाग्य मिला है।

मध्यम गति की गेंदबाज सेल्मन का अंतरराष्ट्रीय करियर 2008 में डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय मैच से शुरू हुआ। उनके नाम 100 वनडे में 82 विकेट और 96 टी20आई में 51 विकेट हैं। वह आखिरी बार वेस्टइंडीज के लिए फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका में टी20 विश्व कप में खेली थीं।

सेल्मन ने कहा मुझे दिग्गजों के साथ और उनके खिलाफ खेलने पर गर्व है और मैं भाग्यशाली हूं कि मैंने कुछ दिग्गजों को आउट किया। मेरा उद्देश्य हमेशा दूसरों को उनके सपनों में प्रेरित करना और उनकी सहायता करना था। जैसे-जैसे मैं अपने करियर के अगले चरण में प्रवेश कर रही हूं, मैं खेल के प्रति अपने जुनून को नए तरीकों से साझा करना जारी रखने के लिए उत्सुक हूं।

जुड़वां किसिया और किशोना, जो अगले महीने 32 साल की हो जाएंगी। क्रमशः 2011 और 2013 में वेस्टइंडीज के लिए पदार्पण किया। विकेटकीपर-बल्लेबाज किशिया ने 87 वनडे में 1327 रन और 70 टी20आई में 801 रन बनाये हैं। मध्यक्रम की बल्लेबाज किशोना के नाम 51 वनडे में 851 रन और 55 टी20 में 546 रन हैं। वे दोनों वेस्टइंडीज के लिए आखिरी बार दिसंबर 2022 में ब्रिजटाउन में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 मैच में खेली थीं। नाइट्स बहनों ने कहा चूंकि यह एक सुखद और अद्भुत यात्रा के अंत का प्रतीक है, हम इस समय अपने परिवार, दोस्तों, टीम के साथियों और समर्थकों को वर्षों से जारी प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं। आप लोगों के समर्थन और प्यार के बिना यह संभव हो सका है और इसके लिए हम हमेशा आभारी हैं। अंत में दिये गये अवसरों और यादों के लिए सीडब्ल्यूआई को धन्यवाद जिन्हें हमेशा संजोकर रखा जायेगा।

एंड्रीवा ने पैरी को हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया

एजेंसी। मेलबर्न

सोलह वर्षीय मीरा एंड्रीवा ने शुक्रवार को तीसरे दौर में उल्लेखनीय वापसी करके ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा। अंतिम सेट में 1-5 से पिछड़ने और मैच प्वाइंट का सामना करने के बाद, उन्होंने अविश्वसनीय कौशल का प्रदर्शन करते हुए फ्रांस की डायने पैरी को 1-6, 6-1, 7-6 (10-5) से हरा दिया।

अपने पहले ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने के लिए, उसका सामना 2021 रौलां गैरो चैंपियन बारबोरा क्रेजिसिकोवा, जिसे उसने पिछले साल दो बार हराया था, और ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर स्टॉर्म हंटर के बीच शुक्रवार रात के मैच की विजेता से होगा।

आधे घंटे के शुरूआती सेट में पैरी का खेल अपने चरम पर था, जिसमें बेसलाइन पर उसके भारी फोरहैंड, नेट पर आराम और कुल मिलाकर सभी कोर्ट कौशल के संयोजन ने एंड्रीवा को भ्रमित कर दिया। सेट दो में, एंड्रीवा ने आखिरी पांच गेम जीतकर और आखिरी 22 में से 18 अंक हासिल करके वापसी की। दो तेज-तर्रार सेटों के बाद, रोमांचक तीसरे सेट में मैच ने नाटकीय मोड़ ले लिया। पैरी ने जीत के लिए दो बार सर्विस की और एंड्रीवा की सर्विस पर 5-2, 30-40 का मैच प्वाइंट हासिल किया। हालांकि, एंड्रीवा ने लगातार पांच गेम जीतकर प्रभावशाली वापसी की।

निर्णायक 10-पॉइंट टाईब्रेक में, एंड्रीवा ने जल्दी से नियंत्रण हासिल कर लिया और शुरूआती झटके के बाद लगातार तीन अंक जीते।

इटली को परास्त कर पांचवें पोजिशन पर पहुंचा न्यूजीलैंड

एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजधानी रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में चल रहे एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर-2024 में शुक्रवार को दूसरा मुकाबला न्यूजीलैंड और इटली के बीच हुआ।

मोरहाबादी में खेले गए इस मैच में 2-1 से जीत हासिल कर न्यूजीलैंड ने पांचवां पोजीशन भी हासिल किया। आठ देशों की इस प्रतियोगिता में इटली को छठा स्थान नसीब हुआ। मैच में न्यूजीलैंड की ओर से पहले ही क्वार्टर में कप्तान ओलिविया मेरी और रोज टिनान ने एक-एक गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। हालांकि, दूसरे क्वार्टर में इवाना पेसिना ने एक गोल कर अंतर 2-1 कर दिया। इसके बाद तीसरे क्वार्टर में ही न्यूजीलैंड के लिए हन्ना कोटर ने एक गोल कर अपनी टीम की बढ़त 3-1 कर दी।

चिली से हारकर आखिरी पायदान पर रही चेक रिपब्लिक की टीम

रांची। राजधानी रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में चल रहे एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर-2024 में शुक्रवार को आखिरी दिन पहला मुकाबला चिली और चेक रिपब्लिक के बीच हुआ। क्वालिफायर मुकाबले में शामिल आठ देशों के बीच सातवें और आठवें स्थान के लिए दोनों टीम आमने सामने हुईं। इसमें फर्स्ट हॉफ तक ही चिली टीम 1-0 से आगे हो गई थी। चिली की ओर से विलेग्रान फर्नांडा ने दूसरे क्वार्टर में एक गोल किया। इसके अलावा एक भी गोल किसी भी टीम की ओर से देखने को नहीं मिला। अंततः मैच 1-0 पर छूटा। इस जीत के साथ चिली इस प्रतियोगिता में सातवें और चेक गणराज्य की टीम आठवें पायदान पर रही। चेक गणराज्य की टीम पूरे टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं जीत सकी।

आर्थर और पुटिक ने पीसीबी में अपनी भूमिकाओं से दिया इस्तीफा

एजेंसी। लाहौर

ग्रांट ब्रैडबर्न द्वारा पीसीबी के साथ अपना कार्यकाल समाप्त करने के बाद, मिकी आर्थर और एंड्रयू पुटिक ने भी लाहौर में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। इन तीनों को 2023 वनडे वर्ल्ड कप के बाद नया पोर्टफोलियो दिया गया था।

आर्थर अप्रैल 2023 में पाकिस्तान पुरुष टीम के निदेशक के रूप में शामिल हुए थे, जबकि ब्रैडबर्न और पुटिक को क्रमशः मुख्य कोच और बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया था।

पीसीबी ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में कहा सभी तीन व्यक्तियों ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को जनवरी 2024 के अंत तक अपनी-अपनी नौकरी छोड़ने के फैसले की जानकारी दी। यह निर्णय सभी हितधारकों के बीच सौहार्दपूर्ण ढंग से लिया गया।

आर्थर डबीर्शायर के मुख्य कोच के रूप में अपनी भूमिका जारी रखेंगे, यह नौकरी उन्होंने पाकिस्तान टीम के साथ अपने कर्तव्यों के साथ निभाई। पिछले हफ्ते, ब्रैडबर्न ने ग्लैमरगन के मुख्य कोच के रूप में और पुटिक ने अफगानिस्तान के बल्लेबाजी कोच के रूप में तीन साल के समझौते पर हस्ताक्षर किए।





पाकिस्तान के 2023 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने में विफल रहने के बाद, ये तीनों अधर में थे क्योंकि पीसीबी की अस्थायी प्रबंधन समिति के पास उन्हें उनके कर्तव्यों से मुक्त करने का अधिकार नहीं था।

उन्हें अपनी भूमिकाएं फिर से सौंपी गई हैं और उनमें से किसी ने भी ऑस्ट्रेलिया के हालिया टेस्ट दौरे के लिए टीम के साथ यात्रा नहीं की। मोहम्मद हफीज टीम निदेशक और मुख्य कोच दोनों के रूप में कार्य कर रहे हैं और एडम हॉलिओक बल्लेबाजी कोच के रूप में कार्य कर रहे हैं। पाकिस्तान वहां तीनों टेस्ट हार गया। फिलहाल टीम पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड में है और 3-0 से पीछे चल रही है।

एएफसी एशियन कप

ऑस्ट्रेलिया ने सीरिया और उज्बेकिस्तान ने भारत को हराया

दोहा। मिडफील्डर जैक्सन इर्विन के एकमात्र गोल की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को यहां ग्रुप बी में सीरिया को 1-0 से हराकर मौजूदा एएफसी एशियाई कप के राउंड-16 में जगह पक्की कर ली। इर्विन ने 59वें मिनट में निर्णायक गोल किया। ग्रुप के पहले गेम में भारत पर 2-0 की जीत में पहला गोल करने के बाद यह टूर्नामेंट में उनका दूसरा गोल था। उज्बेकिस्तान, जिसने पहले दौर में सीरिया को 0-0 से बराबरी पर रोका था,अंतिम मैच में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। यदि सीरिया अगले मैच में भारत को हरा देता है तो वह सर्वश्रेष्ठ-तीसरी टीमों में से एक के रूप में अगले दौर के लिए क्वालीफाई कर सकता है, जबकि भारत के पास भी एक बाहरी मौका है। ग्रुप सी में संयुक्त अरब अमीरात को गुरुवार को फिलिस्तीन ने 1-1 से ड्रा पर रोका।एशियाई कप में कुल 24 टीमें छह समूहों में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं।

कोविड के कारण डेवोन कॉनवे चौथे टी-20 से हुए बाहर

एजेंसी। क्राइस्टचर्च

न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे को कोविड-19 के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद हेगले ओवल में पाकिस्तान के खिलाफ चौथे टी20 मैच से बाहर कर दिया गया है।

पाकिस्तान के खिलाफ अब तक के पहले तीन मैचों में कॉनवे का स्कोर 0, 20 और 7 था और चौथे टी20 के लिए विल यंग ने प्लेइंग-11 में उनकी जगह ली है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक्स पर लिखा डेवोन कॉनवे का कोविड टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद पाकिस्तान के खिलाफ उन्हें चौथे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच से बाहर कर दिया गया है।'

गुरुवार शाम को उनकी रिपोर्ट आने के बाद से उन्हें क्राइस्टचर्च के टीम होटल में क्वारंटाइन किया गया है। उनकी जगह कैंटरबरी किंग्स के बल्लेबाज चाड बोवेस को टीम में शामिल किया गया है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने यह भी कहा कि गेंदबाजी कोच आंद्रे एडम्स का भी कोविड-19 टेस्ट पॉजिटिव आया है और वह भी टीम के होटल में ही रहेंगे।

इसमें कहा गया है कि

एमआई अमीरात में शामिल हुए टिम डेविड

नई दिल्ली। टिम डेविड आईएलटी20 में एमआई अमीरात में शामिल हो गये हैं लेकिन अगर अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20ई श्रृंखला के लिए वह ऑस्ट्रेलिया की टीम में चुने जाते हैं तो उन्हें टूर्नामेंट जल्दी छोड़ना पड़ सकता है। होबार्ट हरिकेंस के फाइनल में जगह बनाने में असफल रहने के बाद डेविड का बीबीएल सीजन पूरा हो गया है, इसलिए उनके पास यूएई में खेलने के लिए एक विंडो है और उन्हें टूर्नामेंट के वाइल्डकार्ड सिस्टम के तहत लाया गया है, जो टीमों को 22 की मूल सीमा से परे दो अतिरिक्त खिलाड़ियों को साइन करने की अनुमति देता है। डेविड आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए और एमएलसी में एमआई न्यूयॉर्क के लिए खेलते हैं, सभी एक ही समूह के स्वामित्व में हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट में वेस्टइंडीज को 10 विकेट से हराया

एजेंसी। एडिलेड

ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को एडिलेड में वेस्टइंडीज को 10 विकेट से हराकर दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली।

मिचेल स्टार्क की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण को तीसरी सुबह वेस्टइंडीज को समेटने में सिर्फ एक घंटे से अधिक का समय लगा, जबकि केमर रोच (नाबाद 11) और शमर जोसेफ (15) ने आखिरी विकेट के लिए 26 रनों की साझेदारी कर वेस्टइंडीज को पारी की हार से बचाया। ऑस्ट्रेलिया ने 26 रनों के लक्ष्य को बिना कोई विकेट खोए हासिल कर लिया।

दूसरे दिन की समाप्ति पर अपनी दूसरी पारी में केवल 73 रनो पर 6 विकेट खोकर वेस्टइंडीज को तीसरे दिन किसी चमत्कार की जरुरत थी। हालांकि मिचेल स्टार्क ने अपने शुरूआती स्पैल में कुछ त्वरित विकेट हासिल करके अपनी टीम के लिए शुरूआत में ही माहौल तैयार कर दिया।

मैच में अब तक अल्जारी जोसेफ ने ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों के खिलाफ बीच में अपना समय बिताने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया, हालांकि स्टार्क ने उन्हें कीपर के हाथों कैच कराकर उनकी पारी का अंत किया। जोसेफ ने 16 रन बनाए। जोश हेजलवुड ने गुडाकेश मोती (03) के ऑफ-स्टंप को गिराकर अपना पांचवां विकेट पूरा किया, उन्होंने पिछली शाम चार विकेट लेकर वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम की कमर तोड़ दी थी।

ख्वाजा बाउंसर लगने के बाद जबड़े के फ्रैक्चर से ठीक हुए, कन्कशन टेस्ट पास किया

एजेंसी। नई दिल्ली

सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया द्वारा वेस्टइंडीज पर 10 विकेट की निर्णायक जीत हासिल करने से कुछ देर पहले शमर जोसेफ के जोरदार झटके के बाद संभावित टूटे हुए जबड़े और पहले कनकशन टेस्ट से पास कर दिया गया है।

ख्वाजा ने शमर की एक शॉर्ट गेंद को गलत समझा और जब उन्होंने अपना सिर मोड़ने का प्रयास किया तो गेंद उनकी छाती से टकराकर ठुड्डी पर लग गई। पहले टेस्ट के दौरान स्कोर बराबर होने पर रिटायर हर्ट होने से पहले मैदान पर डॉक्टर ने उनका मूल्यांकन किया था।

मेडिकल स्टॉफ के साथ एडिलेड ओवल छोड़ने से पहले ख्वाजा को खून थूकते देखा गया था, यह जांचने के लिए कि उसके जबड़े में कोई संरचनात्मक क्षति तो नहीं है, उसे स्कैन के लिए अस्पताल भेजा गया।

क्रिकेट.कॉम.एयू की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि, 37 वर्षीय खिलाड़ी ने पहला कन्कशन टेस्ट पास कर लिया, कुछ घंटों बाद उनके जबड़े में फ्रैक्चर की समस्या दूर हो गई।

हालांकि, चिकित्सा कर्मचारी विलंबित मस्तिष्काघात के लक्षणों के लिए उसकी निगरानी करते रहेंगे और 24 घंटे में उसका दूसरा परीक्षण करेंगे। अगर उन्हें चोट लगती है तो उन्हें 25 जनवरी से गाबा में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से बाहर कर दिया जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा वह ठीक लग रहा है लेकिन उस पर नजर रखी जाएगी।

जरूरत पड़ने पर ब्रिस्बेन में ख्वाजा के प्रतिस्थापन के लिए रेनशॉ सबसे संभावित खिलाड़ी हैं, उन्होंने डेविड वार्नर के संन्यास के बाद टेस्ट टीम में जगह बनाने के लिए कैमरून बैनक्रॉफ्ट और मार्कस हैरिस को पछाड़ दिया है।

खबरें व्यापार जगत की

2030 तक बिजली क्षमता गैर-जीवाश्म ईंधन का योगदान 65 प्रतिशत तक पहुंच जायेगा : मंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली



बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने शुक्रवार को कहा कि देश की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ रही है और 2030 तक बिजली क्षमता में 65 प्रतिशत का योगदान गैर-जीवाश्म ईंधन का होने की संभावना है। मंत्री ने कहा कि भारत एक ऐसे देश के रूप में उभरा है जो ऊर्जा परिवर्तन में सबसे आगे है। सिंह राष्ट्रीय राजधानी में एक मीडिया कार्यक्रम में कहा, हमने प्रतिज्ञा की थी कि 2030 तक हम अपनी 40 प्रतिशत क्षमता गैर-जीवाश्म-ईंधन से प्राप्त करेंगे, और आज, हमारी 44% क्षमता गैर-जीवाश्म-ईंधन स्रोतों से है। हमने अब अपना लक्ष्य बढ़ा दिया है और हालाँकि हमने 2030 तक अपनी क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म-ईंधन स्रोतों से प्राप्त करने का वादा किया है, लेकिन हम 2030 तक अपनी क्षमता का 65 प्रतिशत गैर-जीवाश्म-स्रोतों से प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि देश पहले ही 187 गीगावॉट नवीकरणीय क्षमता स्थापित कर चुका है। मंत्री ने उद्योग को सूचित किया कि पिछले नौ वर्षों में बिजली क्षेत्र में किया गया कुल निवेश लगभग 17 लाख करोड़ रुपये है, और निमार्णाधीन क्षमता में 17.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश शामिल है।

सिंह ने बताया, हमारे पास लगभग 99 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता निमार्णाधीन है और लगभग 32 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा बोली चरण के तहत है। हम हर साल लगभग 40-50 गीगावॉट नवीकरणीय क्षमता की बोली लगाएंगे। थर्मल क्षमता में, हमारे पास लगभग 27 गीगावॉट निमार्णाधीन है, हमने अतिरिक्त 12 गीगावॉट की बोली लगाई है, 21 गीगावॉट से अधिक सर्वेक्षण और जांच के तहत और 22 गीगावॉट प्रारंभिक चरणों के तहत है। हमारे पास 47 गीगावॉट जलविद्युत क्षमता स्थापित है, 18 गीगावॉट निमार्णाधीन है और 13 गीगावॉट सर्वेक्षण और जांच के विभिन्न चरणों में है।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का मुनाफा 57 फीसदी बढ़कर 718 करोड़ रुपये पर पहुंचा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बैंक का मुनाफा 57 फीसदी बढ़कर 718 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में बैंक का मुनाफा 458 करोड़ रुपये रहा था।सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 तिमाही में उसका मुनाफा 57 फीसदी बढ़कर 718 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में बैंक को 458 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। बैंक के मुताबिक इस अवधि में उसकी कुल आय बढ़कर 9,139 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 7,636 करोड़ रुपये थी। बैंक के मुताबिक उसकी शुद्ध ब्याज आय घटकर 3,152 करोड़ रुपये रह गई है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 3,285 करोड़ रुपये थी। तीसरी तिमाही में बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) घटकर कुल कर्ज का 4.50 फीसदी रह गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में एनपीए कुल कर्ज का 8.85 फीसदी रहा था। इसके अलावा चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दिसंबर तिमाही में बैंक का शुद्ध एनपीए भी घटकर 1.27 फीसदी रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 2.09 फीसदी था।

निफ्टी में तीन दिन से जारी गिरावट का सिलसिला टूटा

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार में राहत मिलने से निफ्टी में तीन दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला शुक्रवार को थम गया। निफ्टी 160 अंक (0.8 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 21,622 पर बंद हुआ। सभी सेक्टर हरे निशान में बंद हुए। ऑयल एंड गैस, मेटल और फाइनेंशियल शेयरों में खरीददारी देखी गई। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, निवेशक सप्ताहांत में जारी होने वाले रिलायंस, एचयूएल, आईसीआईसीआई बैंक और कोटक बैंक जैसे प्रमुख दिग्गजों के नतीजों पर नजर रखेंगे। बोनान्जा पोर्टफोलियो के शोध विश्लेषक वैभव विदवानी ने कहा कि निफ्टी हरे निशान में बंद हुआ, जबकि अधिकांश सेक्टर बढ़त में रहे। निफ्टी ऑयल एंड गैस और निफ्टी इंफ्रा में क्रमशः 1.66 फीसदी और 1.61 फीसदी की तेजी रही। कंपनियों द्वारा बताए गए मजबूत आंकड़ों ने बाजार में उम्मीदों को बढ़ा दिया है। अदानी पोर्ट्स, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, डिविस लैब और ओएनजीसी निफ्टी में शीर्ष लाभ में रहे, जबकि एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस घाटे में रहे।

कच्चा तेल 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 79 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई फेरबदल नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 90.08 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.22 डॉलर यानी 0.28 फीसदी की गिरावट के साथ 78.88 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) भी क्रूड 0.06 डॉलर यानी 0.08 फीसदी लुढ़ककर 74.02 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

ओडिशा विस का बजट सत्र 5 फरवरी से

भुवनेश्वर। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि ओडिशा विधानसभा का बजट सत्र 5 फरवरी से शुरू होगा। सप्ताह भर चलने वाला सत्र राज्यपाल रघुवर दास के अभिभाषण के साथ शुरू होगा और 13 फरवरी तक चलेगा। पांच कार्यदिवस वाले सत्र के दौरान राज्य के वित्त मंत्री बिक्रम केशरी अरुखा 8 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश करेंगे। लेखानुदान के लिए विनियोग विधेयक 9 फरवरी को पेश किया जाएगा। विधानसभा चुनाव से पहले 16वीं ओडिशा विधानसभा का यह आखिरी सत्र होगा।

तेलंगाना में टाटा, उबर ने अपने परिचालन का विस्तार करने की बनाई योजना

हैदराबाद। टाटा समूह और उबर ने तेलंगाना में अपने परिचालन का विस्तार करने की योजना बनाई है, वहीं सिस्ट्रा समूह एक डिजिटल केंद्र स्थापित करने पर विचार कर रहा है। दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के मौके पर मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में तेलंगाना प्रतिनिधिमंडल की इन कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठकों में यह फैसला हुआ।

एक नजर

उर्दू प्रशिक्षित सहायक शिक्षक की बहाली पर रोक का किया विरोध

मेराल। उर्दू प्रशिक्षित सहायक शिक्षक की सीधी बहाली सरकार द्वारा बंद करने पर गढ़वा जिला राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के लोगों ने दुलदुल्वा गांव से शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। इस संबंध में राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के अध्यक्ष मोहम्मद फिरोज अंसारी ने बताया कि राज्य के वर्तमान सरकार द्वारा उर्दू प्रशिक्षित सहायक शिक्षक की सीधी नियुक्ति होनी थी हेमंत सरकार ने इसको बंद कर दिया है, जिससे उर्दू विषय पढ़ने वाले बच्चे विद्यालय में वंचित हो जाएंगे। साथ ही बहाली बंद करने से उर्दू विषय से बहाल होने वाले छात्र-छात्राओं का भविष्य भी खतरे में पड़ गया है। उन्होंने हेमंत सरकार से पुनः सीधी बहाली को बहाल करने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन में फिरोज अंसारी, रशीद अंसारी, हाजी अकलीम अंसारी, हाजी निजामुद्दीन अंसारी, शमीम अंसारी, अहमद अंसारी, हाफिज कासिम अंसारी, हकीमुद्दीन अंसारी, बदरुद्दीन अंसारी आदि मौजूद थे।

22 के कार्यक्रमों को लेकर हुई बैठक

मेराल। मां शायर देवी धाम संचालन समिति की बैठक संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत तथा सचिव कृष्ण प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित होने वाले श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण, मंदिर परिसर से झांकी निकालने, दीपोत्सव में 551 दीप जलाने, संध्या काल में भजन कीर्तन आयोजित करने तथा झांकी के साथ बाइक रैली निकालने तथा भंडारा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुखिया राम सागर महतो, प्रेमचंद प्रसाद, मोतीचंद प्रसाद, अशोक राम, संदीप कुमार, रामप्रीत ठाकुर, दशरथ प्रसाद, विनोद प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, विजय, अजय प्रसाद गुप्ता, कुलदीप बियार प्रसाद, मनोज जायसवाल, अरविंद महतो, प्रमोद महाजन, सुरेश शाह, अरविंदा सिंह, अंबिका यादव, राजेंद्र शाह, राजेंद्र प्रसाद आदि शामिल थे।

समिति की बैठक

भवनाथपुर। पहाड़ी शिव मंदिर के प्रांगण में शुक्रवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के तत्वाधान में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता शिव पारस बियार ने की। इसमें विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की कमी, भ्रष्टाचार, स्वास्थ्य, शिक्षा और पलायन पर विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक में जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो, विजय महतो, अतुल गुप्ता, अनिल गुप्ता, विकास पासवान, आनंद पासवान, अगस्त कुमार, शत्रुघन कुमार, धर्मेंद्र कोरवा, विकास बियार, जयप्रकाश पासवान, अमित कुमार, शैलेश गुप्ता, शिवकुमार गुप्ता, दिलीप पासवान आदि उपस्थित थे।

डा. अंबेडकर युवा क्लब ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

खेल में खेल भावना की भूमिका अहम

नवीन मेल संवाददाता

ऊंटारी रोड। प्रखंड के पांडेपूर में डा. अंबेडकर युवा क्लब के तत्वावधान में आयोजित क्रिक्रेट टूर्नामेंट का समापन शुक्रवार को किया गया। फाइनल मैच नौगढ व पांडेपुर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पांडेपुर की टीम ने निर्धारित सोलह ओवर में 134 रन बनाये। जबाबी पाली खेलने उतरी नौगढ़ की टीम ने निर्धारित ओवर में सात विकेट खोकर मात्र 75 रन ही बना पायी। इससे पूर्व बतौर मुख्य अतिथि बसपा के प्रदेश अध्यक्ष सह विधानसभा प्रत्याशी राजन मेहता ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल में खेल भावना की भूमिका अहम होती है। खेल से शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास होता है।उन्होंने कमेटी के पहल की सराहना करते हुये विजेता व उप विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। मौके पर मुरमाखूर्द मुखिया डॉ. रामबचन राम , बसपा के प्रखण्ड अध्यक्ष विजय राम,बिंदु राम,धनंजय रवि, विकास रवि, शायबिहारी, दसरथ पासवान, संजय मेहता, बबलु मेहता, राष्ट्रीय नाई महासभा के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर उपस्थित थे।

विजेता टीम को ट्रॉफी देते मुख्य अतिथि

रेशमा आंगनबाडी सेविका चयनित

हरिहरगंज। प्रखंड अंतर्गत खड़गपुर आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-एक में ग्रामसभा का आयोजन कर सेविका का चयन किया गया। हरिहरगंज सीओ सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी यामुन रविदास ने बताया कि संपन्न चुनाव में आंगनबाड़ी सेविका में अव्वल अभ्यर्थी रेशमा कुमारी का चयन किया गया। उक्त आमसभा में सेविका पद के लिए चार अभ्यार्थियों ने आवेदन दिया था। वरीयता सूची के आधार पर रेशमा कुमारी को उपयुक्त पाया गया। मौके पर आंगनवाड़ी महिला प्रवेशिका सुमित्रा कुमारी, प्रधानाध्यापक हरिद्वार प्रसाद , अनुसेवक पारस राम के अलावे ग्रामीण सत्येंद्र मेहता, अवधेश राम, अरविंद शर्मा, एएनएम रचना सिंह, अम्बिका मेहता, संतोष मेहता, संजय वर्मा मौजूद थे।

छठ पोखरा पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने का किया आह्वान

एनसीपी कार्यकर्ताओं ने किया प्राण-प्रतिष्ठा निमंत्रण पत्र का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। एनसीपी कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को अयोध्या से आये श्रीराम मंदिर प्राण -प्रतिष्ठा के लिये निमंत्रण पत्र का वितरण किया। शहर के खादी भंडार व नहर मोड़ समेत कई स्थानों पर दुकानदारों व लोगों को घर-घर जाकर निमंत्रण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही सभी लोगों से 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के दिन घरों और पास के मंदिरों में दीप जलाकर दिवाली मनाने की अपील की। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह व प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा के दिन शहर के जेपी चौक स्थित छठ पोखरा घाट पर 11 हजार दीप प्रज्ज्वलित किये जायेंगे। उन्होंने सभी राम भक्तों से आग्रह किया है कि वह भी इस भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर एक दिया प्रभु श्रीराम के नाम पर जलायें। मौके पर विनय पासवान, राजकुमार ठाकुर,पप्पू सिंह, बबन सिंह, शंकर ठाकुर, रोहित बैठा, चंदन सिंह, रतन लाल, रविन्द्र कांस्यकार, ब्रह्मदेव राम, सत्येंद्र सिंह, दिलीप सिंह,देवन्द्र सिंह मौजूद थे।

निमंत्रण पत्र वितरित करते एनसीपी कार्यकर्ता

बड़ेपुर मंदिर में होगा अखण्ड कीर्तन

हुसैनाबाद। अयोध्या में 22 जनवरी को नवनिर्मित राम मंदिर में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा का दिन जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है। वैसे-वैसे पूरा देश राममय होता जा रहा है। प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर मंदिरों की साफ-सफाई की जा रही है। वहीं प्रखंड के बड़ेपुर गांव स्थित मंदिर में 24 घण्टे का अखण्ड कीर्तन का आयोजन किया जायेगा। इससे पूर्व कलश स्थापना कर रामचरित मानस का पाठ किया जायेगा। ततपश्चात बिक्रमगंज रोहतास से मनमोहन तिवारी टीम के सदस्यों द्वारा अखण्ड पाठ प्रारंभ किया जायेगा। इसमें शिवजी तिवारी, अमन पांडेय, बिट्टू, मनोज,गौरी, धनंजय कुमार आदि कलाकार रहेंगे। इस आशय की जानकारी अशोक कुमार सिंह ने दी है।

अयोध्या पहुंचे विहिप के जिला पदाधिकारी

हुसैनाबाद। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिये विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह आधा दर्जन कार्यकर्ताओं के साथ अयोध्या धाम में संत-महापुरुषों की सेवा में लगे हैं। उन्होंने अयोध्या से मोबाइल फोन पर बताया कि यहां आकर वे खुद को भाग्यशाली मान रहे हैं। उनके साथ सुनील कुमार सिंह, अमित कुमार, मुकेश कुमार, राहुल कुमार, संजय कुमार, अवध कुमार, विमलेश कुमार भी अयोध्या गये हैं।

व्यवसायी की हत्या के विरोध में बंद रहा हरिहरगंज व पिपरा, सड़क जाम

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। व्यवसायी शुभम गुप्ता की गुरुवार को हुयी हत्या के बाद शुक्रवार को विरोध में हरिहरगंज तथा पिपरा बाजार पूरी तरह से बंद रहा। मृतक के परिजन, व्यवसायियों सहित स्थानीय लोगों में घटना को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है। हत्यारों की गिरफ्तारी और घटना को स्पष्ट करने की मांग को लेकर पुराने बस स्टैंड स्थित सिनेमा मोड़ के समीप एनएच-98 पर जाम कर सभी ने अपने रोष का इजहार किया। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। हालांकि प्रशासन के आश्वासन के बाद जाम को तो समाप्त कर दिया गया है, किंतु दुकान व प्रतिष्ठा बंद रहे। हरिहरगंज और पिपरा में बंद का व्यापक असर रहा। छतरपुर डीएसपी अजय कुमार तथा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास लोगों को समझाने में लगे रहे।

शरीर पर नौ जगह गोलियों के निशान : विदित हो कि गुरूवार की दोपहर अपने पिता शंकर गुप्ता के साथ छतरपुर बाजार में कलेक्शन के लिए आये शुभम की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। मौके पर पहुंचे बाइक सवार तीन अपराधियों ने कार का शीशा उतरवा कर ड्राइवर सीट के बगल में बैठे शुभम को करीब से नौ गोली मारी थी। देर रात शुभम के शव का एमआरएमसीएच में पोस्टमार्टम किया गया। उसके शरीर में नौ जगह गोली लगने के निशान पाये गए हैं। जबकि तीन बुलेट शरीर में फंसी मिलीं।

पूर्व मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान : घटना के बाद पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने परिजनों से दूरभाष पर बात कर दोषियों को सजा दिलाने की बात कही। वहीं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र सिंह, पूर्व विधायक शिवपूजन मेहता, भाजपा नेता कर्नल संजय सिंह, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, राजद नेता कमलेश यादव, एनसीपी नेता सरोज कुशवाहा, मनीष सिंह, बसपा नेता प्रमोद रवि, राजकुमार गौतम, वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष गंगा जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष भोला गुप्ता सहित कई नेताओं ने मृतक के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की।

जल्द नतीजे पर पहुंचेंगे: एसडीपीओ : एसडीपीओ अजय कुमार ने बताया कि मामले में छानबीन तेज है। लीड मिली है, जल्द नतीजे पर पहुंचेंगे।

सड़क जाम करते लोग

शुभम की हत्या से व्यवसायियों में आक्रोश हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग

हुसैनाबाद। हरिहरगंज निवासी शुभम गुप्ता की दिनदहाड़े अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या को लेकर हुसैनाबाद शहर के व्यावसायियों में काफी आक्रोश है। इस घटना को लेकर शहर के रुद्रा होटल परिसर में व्यवसायियों की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुऐ भाजपा के वरिष्ठ नेता और व्यवसायी रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड की हेमन्त सोरेन की सरकार में अपराधियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। वहीं रौनियार वैश्य समाज के अध्यक्ष मदन गुप्ता ने कहा कि पुलिस प्रशासन अगर तीन दिनों के अंदर शुभम के हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया तो शहर के सभी व्यवसायी आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। जिसकी सारी जवाबदेही प्रशासन की होगी। इस बैठक में नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शशि कुमार भी मौजूद रहे। अंत में सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सह व्यवसायी अजय प्रसाद गुप्ता, सचिन आनंद, ध्रुवनारायण गुप्ता, संतोष गुप्ता, रंजन गुप्ता, दिलीप गुप्ता, संतोष कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

सतबरवा में मना ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती का सालाना उर्स

सतबरवा। शहर के अंसार मोहल्ला में गुरुवार की रात ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के 812वें सालाना उर्स के मौके पर जश्ने ख्वाजा गरीब नवाज कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस मौके पर जामा मस्जिद के इमाम मौलाना तौफीक आलम मिस्बाही मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के जीवनकाल के संदर्भ में तकरीर की। उन्होंने बताया कि किस तरह ख्वाजा समाज कल्याण सेवा में समर्पित थे। इस महफिल में युवाओं से दहेज नही लेने की अपील की गई। साथ ही बारात में बारातियों की संख्या अधिकतम 40 रखने की हिदायत दी गई। सतबरवा ताहा मस्जिद के इमाम मौलाना सरफराज रहबर ने मुस्लिम युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में अपनी भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। महफिल में ताबर के इमाम सगीर अहमद, कारी कुतुदुद्दीन ने नात शरीफ का एहतमाम किया। आयोजन में अरबाज अंसारी, तालिब अंसारी, वसीम इराकी, मोनिश अंसारी, दानिश अंसारी, बाबू खान, समीर आलम, मो. अनीस, मुस्ताक खान, जैनुल्लाह अंसारी उपस्थित थे।

सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही पुलिस , खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज

शुभम गुप्ता हत्याकांड में छापेमारी तेज, एसआईटी का गठन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। छतरपुर में चीनी कारोबारी शुभम हत्याकांड मामले में पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के निर्देशन पर एसआईटी का गठन किया गया है। एसपी ने बताया कि मामले में गहन छानबीन की जा रही है। कई इलाकों में छापेमारी जारी है। मामले में छतरपुर एसडीपीओ अजय कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है। टीम में छतरपुर एसडीपीओ अजय कुमार, छतरपुर इंस्पेक्टर बीर सिंह मुंडा, हरिहरगंज थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार, नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमन कुमार, पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार, एसआई रंजीत कुमार और प्रियरंजन कुमार शामिल हैं। पुलिस ने घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान मौके से तीन खोखा बरामद किया है। हत्याकांड में पलामू पुलिस बिहार सहित कई इलाकों में छापेमारी कर रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर तकनीकी माध्यमों से भी अपराधियों के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रही है। फिलहाल हत्याकांड के कारणों के बारे में पता नहीं चल पाया है। विदित हो कि गुरुवार को छतरपुर में हरिहरगंज के चीनी कारोबारी शुभम गुप्ता की बाइक सवार अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर हत्या कर दी थी। इसके बाद भड़के स्थानीय कारोबारियों ने छतरपुर और हरिहरगंज बाजार बंद कर नेशनल हाईवे-98 पर प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

24 घंटे में गिरफ्तारी नहीं होने पर चक्का जाम की दी चेतावनी

राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने जताया रोष

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। छतरपुर में युवा व्यवसायी की दिनदहाड़े हत्या पर विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने गहरा रोष जताया है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष ज्योति पांडे ने कहा कि जिले में आये दिन व्यवसायियों एवं आम जनों को अपराधियों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। किसी भी मामले में कार्रवाई नहीं होने से जहां अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। वहीं आम नागरिक दहशत के वातावरण में जी रहे हैं। थाने से महज 200 मीटर की दूरी पर निर्मम हत्या सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा रहा है। डेढ़ वर्ष के अंतराल में छतरपुर में चार हत्याएं हो चुकी हैं। महामंत्री श्वेतांक गर्ग ने कहा कि जब से राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार आई है,तब से दिन प्रतिदिन अपराध में बढ़ोतरी हुई है। बहुजन समाज पार्टी के लोकसभा प्रभारी विनोद कुमार सोनी एवं जिला अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने कहा कि हत्या अत्यंत दुखद है। अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार किया जाये। ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच के संयोजक रामदास साहू, ब्रह्मदेव प्रसाद एवं विनोद कुमार हत्या की कड़ी निंदा की है। उन्होंने हत्यारोपितों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने, व्यवसाइयों की सुरक्षा और पीड़ित परिवार को एक करोड़ मुआवजा देने की मांग सरकार और प्रशासन से की है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से व्यवसाइयों को टारगेट किया जा रहा है। उससे अगले कुछ वर्षों में यहां से व्यवसायी पूरी तरह से पलायन कर जाएंगे। 24 घंटे के भीतर पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार नहीं करती है तो चक्का जाम किया जाएगा। सुरक्षा को लिये आवश्यकता पड़ी तो प्रदेशव्यापी आंदोलन भी किया जायेगा।

एलएडीसी के डिप्टी चीफ ने केंद्रीय कारा में बंदियों को किया जागरूक

वंचितों को मुहैया करायी जा रही मुफ्त विधिक सेवा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। समाज के वंचित वर्गों को मुफ्त कानूनी सेवायें प्रदान करायी जा रही है। डालसा के निर्देशन में कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली एलएडीसी इसके लिए कार्य कर रहा है। डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने शुक्रवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में कैदियों के बीच डालसा से प्रदत विधिक सहायता व सेवाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आपराधिक मामले में कानूनी सहायता से लेकर मामले के समापन तक पेशेवर तरीके से कानूनी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। आर्थिक कारणों से लोग अब न्याय से वंचित नहीं रहेंगे। पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली से जुड़े अधिवक्ता पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिन बंदियों का वकील नहीं है। उनका काम कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली से जुड़े अधिवक्ता के द्वारा किया जाएगा। जिन बंदियों का अभी तक जमानत की अर्जी दाखिल नहीं की गई है। उनका आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकार में भेजवाने का काम करें। डालसा के सचिव अर्पित श्रीवास्तव के द्वारा भी अधिक से अधिक जरूरत मन्द लोगो को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति डालसा में आकर सादे कागज पर अपना आवेदन देकर समस्या रख सकता है। इस दौरान बन्दियों ने निःशुल्क विधिक सहायता पाने के लिए बन्दी आवेदन भी दिया।

मालगाड़ी की चपेट मे आने से महिला की मौत

विश्रामपुर। रेहला थाना क्षेत्र के गुरहा गांव में मालगाड़ी की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। घटना गुरुवार देर शाम की बताई जा रही है। मृतका वरीय भाजपा नेता कृष्ण मुरारी सिंह की पुत्री है। मिली जानकारी के अनुसार मृतका स्वाति देवी (32) गांव के ही कुछ महिलाओं के साथ फोर लेन बाईपास रोड की तरफ घूमने गई थी। घर वापस आने के दौरान वह रेलवे ट्रैक पार कर रही थी। इसी दौरान वह एक मालगाड़ी के चपेट में आ गई। जिससे घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। मृतका दो बच्चों की मां थीं। मौके पर पहुंची रेहला थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से गांव में शोक ब्याप्त है।

आदिम पहाड़िया समुदाय के लोगों की मोतियाबिंद जांच कर किया इलाज

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले के विभिन्न पीवीटीजी बाहुल्य ग्रामों में चिकित्सा शिविर लगाकर लोगों का मुफ्त इलाज किया जा रहा है। इसी कड़ी में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन के आदेशानुसार शुक्रवार को पांकी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अन्तर्गत सभी पीवीटीजी गांवों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा गठित चिकित्सा दल ने शिविर में पीवीटीजी समुदाय के लोगों की स्वास्थ्य जांच की। इस दौरान विशेष रूप से नेत्र सहायक द्वारा पहाड़िया समुदाय के लोगों के मोतियाबिंद की जांच की गयी। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि विगत दिनों ग्राम जीरो, बघमरी में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत लगे शिविर में पहाड़िया समुदाय के 11 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया था। इनमें से आठ मरीजों को गांव से लाकर मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया गया एवं उन्हें सभी तरह की मुफ्त दवा व चश्मा देकर एम्बुलेंस से घर पंहुचाया गया। इस कार्य में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार प्रसाद, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अनुज कुमार, नेत्र सहायक कुमार विनोद, संस्था के संचालक शशि भूषण पासवान एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी लगे रहे।

पेज एक के शेष

रांची स्मार्ट सिटी को मिला ...

रूप में कई कदम उठाए गए हैं। पूरे क्षेत्र में कुल तीन लाख अलग-अलग किस्म के पौधे लगाए गए हैं। मास्टर प्लान के हिसाब से 37 प्रतिशत क्षेत्र को ओपन स्पेस ओर ग्रीन एरिया के रूप में रखा गया है। सभी मुख्य मार्गों के दोनों तरफ सेफ और डेडिकेटेड साईकिल लेन और फुटपाथ बनाए गए हैं, जो नॉनमोटराईज ट्रांसपोर्ट को प्रोत्साहित करेंगे। वेस्ट वाटर को रीसाइकिल कर पुनः सेकेंड्री वाटर के रूप में आपूर्ति की व्यवस्था की गयी है। पूरे स्मार्ट सिटी में सोलर एनर्जी को प्रोत्साहित किया गया है। यह अवार्ड भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन और एक्जिबिशन इंडिया की ओर से रांची को दिया गया है। सम्मान समारोह से पहले शुक्रवार को पूर्वाह्न 10:15 से 11:00 बजे के बीच स्मार्ट सिटी से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें सफल स्मार्ट सिटी के लिए परियोजना का चयन और उसके क्रियान्वयन, स्मार्ट सिटी की परियोजनाओं की सफलता और सफलता से सीखना,शहरों के विभिन्न योजनाओं से दूसरे शहरों की ओर से सीखने की प्रक्रिया इत्यादि विषय पर कार्यक्रम में परिचर्चा हुयी। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में रांची स्मार्ट सिटी के सीईओ अमित कुमार ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में रांची स्मार्ट सिटी के सीईओ के साथ न्यू टाउन कोलकाता, श्रीनगर, कानपुर, इंफाल स्मार्ट सिटी के सीईओ भी मौजूद थे।

रामराज्य से मिली सबका ...

जब हमारे भगवान राम अपने भव्य मंदिर में विराजेंगे। हमारे आराध्य के दर्शन टेंट में करने की दशकों पुरानी पीड़ा अब दूर होने जा रही है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले कुछ संतों के मार्ग दर्शन में मैं अपने यम नियमों में व्यस्त हूं और मैं उसका कठोरता से पालन कर रहा हूं। ये भी संयोग है कि मेरे अनुष्ठान की शुरूआत नासिक जिले के पंचवटी की भूमि से हुई। मोदी ने कहा कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है और आत्मनिर्भर भारत बनाने में हमारे छोटे, लघु और कुटीर उद्योगों की बहुत बड़ी भागीदारी है। इसलिए केंद्र सरकार, एमएसएमई को, छोटे उद्योगों को लगातार बढ़ावा दे रही है। केंद्र में हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत, दुनिया की टॉप-3 अर्थव्यवस्था में शामिल होने वाला है। मैंने देशवासियों को गारंटी दी है कि आने वाले मेरे टर्म में, मैं भारत को दुनिया के पहले तीन देशों में लाकर खड़ा करूंगा।

बैठक

आइसा का यंग इंडिया महासम्मेलन पाटन में 30 जनवरी को

45 साल के उच्चतम स्तर पर बेरोजगारी : राष्ट्रीय अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन आइसा पलामू जिला कमिटी की बैठक मेदिनीनगर स्थित भाकपा माले जिला कार्यालय में हुई। इस बैठक में मुख्य अथिति आइसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीलाशिस बोस एवं आइसा राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ मौजूद थे। सर्वप्रथम तमाम शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई । साथ ही बेहतर शिक्षा व्यवस्था को लेकर आंदोलन तेज करने का संकल्प लिया गया। बैठक की अध्यक्षता राज्य उपाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह और संचालन जिलाध्यक्ष गुड्डू भुइयां ने किया। नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के अनियमित सत्र, परीक्षा परिणाम त्रुटि आदि पर चर्चा करते हुए केंद्र सरकार की शिक्षा विरोधी नीति को लेकर जिले के पाटन प्रखंड में 30 जनवरी को छात्र व युवाओं को बड़ी तादाद में यंग इंडिया महाजुटान करने का निर्णय लिया गया। मौके पर आइसा राष्ट्रीय अध्यक्ष निलासलिश बोस ने कहा कि मोदी सरकार के 10 साल, यंग इंडिया के 10 सवाल पर राष्ट्रीय हस्ताक्षर अभियान पूरे देश भर में छात्र नौजवानों के बीच चलाया जा रहा है। झारखंड के सभी जिलों में भी हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। देश भर में मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों का आइसा पदार्फाश कर रही है। देश में नेप 2020 लाकर फीस वृद्धि और सार्वजनिक शिक्षा को आम छात्रों की पहुंच से दूर कर दिया गया है। हेफा के जरिए ऋण आधारित मॉडल शिक्षा थोपी जा रही है। जिससे लगातार फीस वृद्धि ,सीट कटौती, फंड कटौती हो रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 45 साल के उच्चतम स्तर पर बेरोजगारी है। 10 सालों में 22 करोड लोगों ने आवेदन किए हैं, लेकिन मात्र 7 लाख लोगों को ही सरकार नौकरी दे पाई है। मौके पर आइसा राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ, राज्य परिषद सदस्य सह जीएलए कॉलेज प्रभारी अभय सिंह, जिला उपाध्यक्ष ममता कुमारी, मिन्नत प्रवीण, कंचन कुमार, विकास कुमार, चंदन कुमार, चंद्रकांती कुमारी, निखिल कुमार, मनीष उपस्थित रहे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

एक नजर

पंजाब सीएम मान के विश्वासपात्र मुख्य सूचना आयुक्त नियुक्त

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के विश्वासपात्र 60 वर्षीय वरिष्ठ अधिवक्ता इंद्रपाल सिंह को शुक्रवार को राज्य का मुख्य सूचना आयुक्त नियुक्त किया गया। सिंह ने सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी और पूर्व पुलिस महानिदेशक सुरेश अरोड़ा का स्थान लिया, जिनका कार्यकाल तीन महीने पहले समाप्त हो गया था। उनके नामांकन को राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने मंजूरी दे दी है। हालांकि, शपथ ग्रहण समारोह की तारीख की घोषणा अभी बाकी है।

महुआ मोइत्रा ने खाली किया बंगला

नई दिल्ली। टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा ने सरकारी बंगला नंबर 9 बी टेलीग्राफ लेन को शुक्रवार सुबह 10 बजे खाली कर दिया। मकान को संपदा निदेशालय को सौंप दिया गया है। टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा कार्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक मकान अधिकारियों के आने से पहले ही खाली कर दिया गया था और जबरन कोई निष्कासन नहीं हुआ। लोकसभा से सदस्यता जाने के बाद टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा को आवंटित सरकारी बंगला खाली करने के लिए नोटिस भेजा गया था। इसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

भारी बर्फबारी के चलते जर्मनी में 320 से ज्यादा उड़ानें रद्द

बर्लिन। जर्मनी के सबसे बड़े फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे पर बर्फबारी के चलते 320 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार सुबह हवाई अड्डे के प्रबंधक फ्रापोर्ट एजी ने घोषणा की कि फ्लाइट्स में व्यवधान और रद्द होने की आशंका है। फ्रापोर्ट के प्रवक्ता ने गुरुवार देर रात कहा, "टेक-ऑफ और लैंडिंग अब फिर से संभव है।" भारी बर्फबारी के कारण बुधवार दोपहर से फ्लाइट्स बाधित हो गई है। फ्रापोर्ट एजी ने कहा कि ऑपरेशन्स शुक्रवार तक सामान्य हो जाना चाहिए।

रामलला की पहली तस्वीर आते ही सोशल मीडिया पर 'धमाका'

एजेंसी। अयोध्या/लखनऊ

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। इसका संपूर्ण विश्व खासकर भारत के लोगों को खास इंतजार है। इसी कड़ी में अयोध्या में चल रही प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों की तस्वीरें तो आप रोज देख रहे हैं। आइये अब आपको आपके हम सबके प्रभु राम लला की पहली तस्वीर दिखाते हैं। ये तस्वीर इतनी औलौकिक है कि आपका दिन बन जाएगा। रामलला की पहली तस्वीर आते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इस तस्वीर को कोई फेसबुक तो कोई अपनी डीपी में लगा रहा है। लोग इस तस्वीर को देखकर बहुत आनंदित हो रहे हैं। तस्वीर में साफ दिख रहा है कि रामलला की यह मूर्ति पत्थर की बनी है और इसका रंग श्याम वर्ण है। अभी इस मूर्ति पर फिलहाल कपड़ा लगा हुआ है जो पीला वस्त्र है। वहीं प्रभु रामलला का शरीर सफेद वस्त्र से ढका दिख रहा है। इस मूर्ति को वहां पर काम कर रहे हमारे श्रमजीवी भाई निहार रहे हैं और कौतुहल से भगवान राम को देख रहे हैं। जो भी इस तस्वीर को देख रहा है वो इसको देखता ही जा रहा है।

रामभक्त इसकी डीपी लगाने में जुटे, आप भी करिये प्रभु के दर्शन!

रामलला विग्रह का पूजन शुरू, अरणिमंथन से प्रकट हुई अग्नि

रामनगरी अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर के गर्भगृह में शुक्रवार सुबह आसन पर विराजमान रामलला विग्रह की मनमोहक श्यामल प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा से पहले अनुष्ठान की प्रक्रिया देश भर से यहां पधारे 121 प्रकांड विद्वानों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शुरू की। इससे पहले गुरुवार को गर्भगृह से भगवान राम के बालरूप मूर्ति की पहली तस्वीर आई सामने आ चुकी है। इस तस्वीर में रामलला प्रतिमा की आंख पट्टी से बांधी है, जिसे 22 जनवरी को शुभ मूहुर्त में खोला जाएगा। हालांकि, मूर्ति अभी ढकी हुई है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले सात दिवसीय अनुष्ठान शुरू हो गए हैं। शुक्रवार को अनुष्ठान के चौथे दिन काशी से पधारे आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित, अरुण दीक्षित, सुनील दीक्षित, अशोक वैदिक, पुरुषोत्तम वैदिक के अलावा महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु समेत देश के विभिन्न प्रांतो के 121 पंडितों ने प्रातःकाल नौ बजे अरणिमन्थन से अग्नि प्रकट करायी। इसी अग्नि से यज्ञादि मांगलिक कार्य संपन्न होंगे। इसके पहले गणपति आदि स्थापित देवताओं का पूजन, द्वारपालों द्वारा सभी शाखाओं का वेदपारायण, देवप्रबोधन, औषधाधिवास, केसराधिवास, घृताधिवास, कुण्डपूजन, पञ्चभूसंस्कार संपन्न हुआ। अरणिमन्थन द्वारा प्रगट हुई अग्नि की कुण्ड में स्थापना, ग्रहस्थापन, असंख्यात रुद्रपीठस्थापन, प्रधानदेवतास्थापन, राजाराम - भद्र - श्रीरामयन्त्र - बीठदेवता - अङ्गदेवता - आवरणदेवता - महापूजा, वारुणमण्डल, योगिनीमण्डलस्थापन, क्षेत्रपालमण्डलस्थापन, ग्रहहोम, स्थाप्यदेवहोम, प्रासाद वास्तुश्शान्ति, धान्याधिवास सायंकालिक पूजन एवं आरती की जायेगी। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार राम मंदिर के गर्भगृह में आज रामलला विग्रह को औषधिवास, केसराधिवास, घृताधिवास और सायंकाल धान्याधिवास को मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न कराया जा रहा है। इस अनुष्ठान में काशी के श्रद्धेय गणेश शास्त्री, द्रविड़ एवं प्रमुख आचार्य श्री लक्ष्मीकांत दीक्षित शामिल हैं। गौरतलब है कि मूर्तिकार अरुण योगीराज के द्वारा तराशी गयी 51 इंच की प्रतिमा श्याम रंग की है, जिसका वजन दो टन बताया गया है। मूर्ति को 21 जनवरी तक जीवनदायी तत्वों से सुवासित कराया जाएगा। गर्भगृह में भगवान चल के साथ अचल स्वरूप में भी विराजमान होंगे। दोनों प्रतिमा बुधवार को ही परिसर में पहुंच चुकी हैं। सुवासित का क्रम गुरुवार से प्रारंभ हो चुका है।

प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त

रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पौष माह के द्वादशी तिथि (22 जनवरी 2024) को अभिजीत मुहूर्त, इंद्र योग, मृगशिरा नक्षत्र, मेष लग्न एवं वृश्चिक नवांश को होगा। यह शुभ मुहूर्त दिन के 12 बजकर 29 मिनट और 08 सेकंड से 12 बजकर 30 मिनट और 32 सेकंड तक का रहेगा। यानि प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त 84 सेकंड का होगा।

क्या होता है यम नियम अनुष्ठान

पीएम ने 11 दिनों तक यम नियम के पालन करने का संकल्प लिया है और वे 12 जनवरी से इस नियम का पालन कर रहे हैं। शास्त्रों के अनुसार मूर्ति स्थापना या मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को पवित्र प्रक्रिया माना जाता है। अष्टांग योग के आठ भाग (यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, भजन और समाधि) में यम नियम सबसे पहला नियम है। कुछ लोग यम नियम को बोद्ध धर्म के पांच सिद्धांत (अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह) भी मानते हैं. यम नियम में प्रतिदिन स्नान, अन्न त्याग, बिस्तर पर सोने का त्याग आदि जैसे कठोर नियम होते हैं।

अनुष्ठान

- 20 जनवरी, प्रात : -शर्कराधिवास, फलाधिवास
- 20 जनवरी, सायं- पुष्पाधिवास
- 21 जनवरी, प्रातः - मध्याधिवास
- 21 जनवरी, सायं- शय्याधिवास

पहुंचने लगे अतिथि, एनआरआई श्रद्धालु भी बने यजमान

अयोध्या राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में अनिवासी भारतीय (एनआरआई) भी अयोध्या पहुंच गये है। कई अन्य अतिथियों का आगमन मुख्य आयोजन के चार दिन पूर्व पहले ही प्रारंभ हो गया है। यहां पहुंचने वालों में अधिकांश संत हैं। अभी तक लगभग 35 अतिथियों का आगमन हो चुका है। इसमें से 26 देश के प्रख्यात संत महात्मा हैं। इन सभी को तीर्थक्षेत्रपुरम के संत नगर में ठहराया गया है। एनआरआई श्रद्धालु भी रामघाट स्थित संकटमोचन शनि धाम में श्रीराम महायज्ञ व श्रीराम कथा का आयोजन के यजमान बने हैं। सिडनी आस्ट्रेलिया व फिजी के अलावा न्यूजीलैंड के इन श्रद्धालुओं का कहना है कि राम मंदिर निर्माण निर्विघ्न पूर्ण करने के संकल्प के साथ इस महायज्ञ में आए हैं। इधर, अयोध्या नरेश विमलेन्द्र मोहन प्रताप मिश्र आज कुलदेवी को न्योता देंगे। बड़ी देवकाली माता व छोटी देवकाली माता को आज राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का स्नेह निमंत्रण जाएगा। बता दें कि बड़ी देवकाली माता भगवान राम की कुलदेवी हैं तो छोटी देवकाली माता देवी सीता की कुलदेवी हैं।

श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र सदस्य व अयोध्या नरेश विमलेन्द्र मोहन प्रताप मिश्र आज कुलदेवी को न्योता देंगे

अमरावती से अयोध्या भेजी गई 500 किग्रा कुमकुम की पत्तियां

नागपुर। अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में 22 जनवरी को होने जा रहे भगवान राम के बाल स्वरूप के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए महाराष्ट्र के अमरावती से 500 किलोग्राम कुमकुम की पत्तियां भेजी गई हैं। आध्यात्मिक नेता राजेश्वर मौली और जितेंद्रनाथ महाराज के हाथों कुमकुम की पत्तियां अयोध्या भेजी गई हैं। कुमकुम की पत्तियां अयोध्या रवाना करने के संबंध में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में सांसद नवनीत राणा शामिल हुईं। भारत में कुमकुम की पत्तियों का गहरा सामाजिक और धार्मिक महत्व है।

पीएम ने चुनिंदा राम भजनों की प्ले लिस्ट साझा की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने ट्विटर हैंडल पर शुक्रवार को श्रीराम भजनों की सूची साझा की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से कई लोग अपना पसंदीदा श्री रामभजन शेयर कर रहे हैं। उनमें से कुछ को शामिल करते हुए वे एक प्ले-लिस्ट साझा कर रहे हैं। श्री राम की सार्वभौमिक अपील का अनुभव करें, क्योंकि प्रत्येक भजन भाषा से परे है, हम सभी को श्रद्धा में एकजुट करता है। प्रधानमंत्री ने श्रीराम भजन की जो सूची साझा किया है। उसमें मंगल भवन अमंगल हारी सहित 62 भजन शामिल हैं।

सुरेश वाडेकर के भक्ति संगीत को सोशल मीडिया पर किया साझा

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को सुरेश वाडेकर के भक्ति संगीत को सोशल मीडिया एक्स पर साझा किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने ट्विटर हैंडल पर प्रतिक्रया देते हुए कहा है कि अयोध्या में होने वाली प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पूरा देश प्रभु श्रीराम की भक्ति के रंग में सराबोर है। इसी भाव को सुरेश वाडेकर जी और आर्या आंबेकर जी ने अपने सुमधुर सुरों में पिरोया है।

पीएम ने सूरीनाम, त्रिनिदाद व टोबैगो के भजन सोशल मीडिया पर किए साझा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार सोशल मीडिया एक्स पर सूरीनाम, त्रिनिदाद एवं टोबैगो के भजन साझा किए हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर लिखा है कि भजनों में रामायण का शाश्वत संदेश है। रामायण के संदेश ने दुनिया भर के लोगों को प्रेरित किया है। यहां सूरीनाम और त्रिनिदाद और टोबैगो से कुछ भजन हैं।

बिलकिस बानो केस मामला

11 दोषियों को नहीं मिली राहत, 21 तक करें सरेंडर

एजेंसी। नई दिल्ली

2002 के गुजरात दंगों की पीड़िता बिलकिस बानो मामले के 11 दोषियों-को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। मामले के सभी दोषियों के सरेंडर करने से पहले और वक्त देने को लेकर दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। गुजरात में 2002 के दंगों के दौरान बिलकीस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले के दोषियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर आत्मसमर्पण के लिए वक्त देने का अनुरोध किया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने पुराने आदेश के मुताबिक, सभी आरोपियों को 21 जनवरी तक सरेंडर करने का आदेश दिया है। बानो केस के दोषियों ने सुप्रीम कोर्ट के सामने खुद के स्वास्थ्य के साथ-साथ बूढ़े मां-बाप सहित कई पारिवारिक जिम्मेदारियों का हवाला दिया था। बता दें कि 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले ये सभी दोषी आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे, अगस्त 2022 में गुजरात सरकार ने उनकी सजा माफ कर दी थी।

राम रहीम को फिर मिली 50 दिनों की पैरोल, जल्द आएंगे जेल से बाहर

चंड़ीगढ़। रोहतक जिले की सुनारिया जेल में बंद डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को एक बार फिर 50 दिन की पैरोल मिल गई है। वो आज या कल में जेल से बाहर आ सकता है। बता दें कि गुरमीत राम रहीम इस समय रोहतक की सुनारिया जेल में 20 साल की जेल की सजा काट रहा है। 29 दिन पहले ही राम रहीम पैरोल काट दोबारा जेल लौटे थे। लेकिन अब एक बार फिर से वह जेल से बाहर आएंगे। जानकारी के अनुसार, हरियाणा सरकार ने बाबा राम रहीम को 50 दिन की पैरोल दी है। इस दौरान वह यूपी बागपत के बरनावा आश्रम में रहेगा। शुक्रवार शाम या फिर शनिवार सुबह राम रहीम रोहतक जेल से बाहर निकलेगा।

राहुल गांधी की लोस सदस्यता बहाली के खिलाफ याचिका पर एससी ने लगाया 1 लाख का जुर्माना

एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता की बहाली को चुनौती देने वाली जनहित याचिका दायर करने के लिए लखनऊ के एक वकील पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस तरह की तुच्छ याचिकाएं दायर करने से न केवल अदालत का बल्कि पूरे सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री का कीमती समय बर्बाद होता है। न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता अशोक पांडे के कहने पर मामले को पहले भी दो बार स्थगित किया जा चुका है। अपनी याचिका में, अशोक पांडे ने तर्क दिया था कि एक बार संसद या राज्य विधानमंडल का कोई सदस्य कानून के तहत अपना पद खो देता है, तो वह तब तक अयोग्य रहेगा जब तक वह अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों से बरी नहीं हो जाता। उन्होंने संविधान पीठ से यह तय करने का अनुरोध किया कि क्या दोषसिद्धि पर रोक के आधार पर कानून के तहत अयोग्यता झेलने वाला व्यक्ति संसद या राज्य विधानमंडल का सदस्य चुने जाने या बनने के योग्य हो जाएगा। पिछले साल अगस्त में, सुप्रीम कोर्ट ने 'मोदी उपनाम' मानहानि मामले में राहुल गांधी की सजा पर रोक लगा दी थी, यह कहते हुए कि ट्रायल जज ने दो साल की अधिकतम सजा देने के लिए कोई कारण नहीं बताया था। सुप्रीम कोर्ट के स्थगन आदेश के बाद, लोकसभा सचिवालय ने 7 अगस्त 2023 को संसद में उनकी सदस्यता बहाल कर दी थी। राहुल गांधी को मार्च 2023 में एक सांसद के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था, जब सूरत की एक अदालत ने राहुल गांधी को अप्रैल 2019 में कर्नाटक में एक चुनावी रैली के दौरान की गई टिप्पणी 'सभी चोरों का उपनाम मोदी कैसे है' के लिए दो साल की जेल की सजा सुनाई थी।

तुर्किये, स्वीडन और इटली ने भी अंतरिक्ष की ओर बढ़ाए कदम

केप कैनावेरल। तुर्किये, स्वीडन और इटली के अंतरिक्ष यात्रियों ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी। इन यात्रियों के पास सैन्य पायलट होने का अनुभव है। सभी अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। संभावना है कि उनका कैप्सूल शनिवार को अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंच जाएगा। नासा की विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। इस यात्रा के लिए प्रति व्यक्ति का अनुमानित खर्च तीनों देशों में से प्रत्येक का लगभग 55 मिलियन डॉलर या अधिक है। ह्यूस्टन कंपनी एक्सिओम स्पेस, नासा और स्पेसएक्स ने इस यात्रा का आयोजन किया है। रूस दो दशकों से अधिक समय से अंतरिक्ष स्टेशन पर सशुल्क आगंतुकों का स्वागत करता रहा है।

हमास का नन्हा बंधक एक साल का हुआ, मनाया गया जन्मदिन

एजेंसी। तेल अवीव

हमास की कैद में सबसे कम उम्र के बंधक केफिर बिबास के परिवार ने उसका पहला जन्मदिन दुखद तरीके से मनाया। केफिर बिबास को उसके माता-पिता यार्डन और शिरी और चार साल के भाई एरियल के साथ 7 अक्टूबर 2023 को किबुत्ज नीर ओज से हमास आतंकवादियों द्वारा अपहरण कर लिया गया था। गुरुवार को तेल अवीव में होस्टेज स्क्वायर पर एक बड़ी भीड़ उमड़ी, जिसमें कई लोगों ने केफिर के लिए नारंगी गुब्बारे पकड़ रखे थे। वहां एक बड़ी स्क्रीन भी थी जिसमें दिखाया गया था कि गाजा में बंधकों को कितने दिनों तक रखा गया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में गली टार्शन्स्की (13), जिसे हमास ने पकड़ लिया था और 29 नवंबर 2023 को एक सप्ताह के युद्धविराम समझौते के हिस्से के रूप में रिहा कर दिया गया था, उसने लिखा, प्यारा केफिर जन्मदिन मुबारक हो। हम आपके सुरक्षित और शीघ्र लौटने का इंतजार कर रहे हैं और हम केक और उपहारों के साथ जश्न मनाएंगे, जैसे एक साल के बच्चे को मनाना चाहिए।" हमास की कैद से लौटे बच्चों ने जन्मदिन मनाने के लिए ग्रीटिंग कार्ड तैयार किए। चार वर्षीय उड़िया ब्रोडच, जिसका उसके माता-पिता के साथ अपहरण कर लिया गया था और 26 नवंबर, 2023 को रिहा कर दिया गया था, ने लिखाः जन्मदिन मुबारक हो, आप जल्द ही घर लौटें। एमिली हैंड (9) का भी अपहरण कर लिया गया था और बाद में 26 नवंबर को रिहा कर दिया गया, उन्होंने लिखा, मुझे उम्मीद है कि आप जितनी जल्दी हो सके वहां से निकल जाएंगे।

गणतंत्र दिवस : दो महिला पायलट उड़ाएंगी फाइटर जेट

झांकी में सूडान से भारतीय निकासी प्रयास 'ऑपरेशन कावेरी' को दिखाया गया है

वायुसेना 1971 में पाकिस्तान पर विजय के प्रसिद्ध टैंगेल एयरड्रॉप को दिखाएगी

एजेंसी। नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस परेड में इस बार वायु सेना के फ्लाईपास्ट का हिस्सा महिला लड़ाकू पायलट भी होंगी। सी-295 परिवहन विमान पहली बार गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेगा। भारतीय वायु सेना 1971 में पाकिस्तान पर विजय के प्रसिद्ध टैंगेल एयरड्रॉप को भी चित्रित करेगी, जिसमें एक डकोटा विमान और दो डोर्नियर टैंगेल फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। परेड में कुल 51 विमान भाग लेंगे, जिनमें 29 लड़ाकू, 8 परिवहन, 13 हेलीकॉप्टर और एक विरासत विमान शामिल होंगे।

भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर आशीष मोघे ने बताया कि एलसीए तेजस फॉर्मेशन गणतंत्र दिवस परेड में अपनी शुरूआत करेगा, जिनमें से चार परेड में तेजस फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। परेड में कुल 51 विमान भाग लेंगे, जिसमें फ्लाईपास्ट का हिस्सा महिला लड़ाकू पायलट भी होंगी। इनमें सुखोई-30 को फ्लाइंग ऑफिसर अस्मा शेख और फ्लाइट लेफ्टिनेंट अनन्या शर्मा उड़ाएंगी। सी-295 परिवहन विमान पहली बार गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेगा। भारतीय वायुसेना 1971 में पाकिस्तान पर विजय के प्रसिद्ध टैंगेल एयरड्रॉप को भी चित्रित करेगी, जिसमें एक डकोटा विमान और दो डोर्नियर टैंगेल फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। भारतीय वायुसेना के मुताबिक गणतंत्र दिवस परेड में 29 लड़ाकू विमान, 8 परिवहन और 13 हेलीकॉप्टर और एक विरासत विमान शामिल होंगे। चार विमान भारतीय सेना के और एक भारतीय नौसेना से होगा। परेड में 6 राफेल वज्रांग फॉर्मेशन इनवर्टेड वाइन ग्लास फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। फ्लाईपास्ट का दूसरा भाग परेड के बाद लगभग 11:50 बजे शुरू होगा और 12:05 बजे समाप्त होगा। इस वर्ष गणतंत्र दिवस के लिए भारतीय वायुसेना की झांकी में सूडान से भारतीय निकासी प्रयास 'ऑपरेशन कावेरी' को दिखाया गया है। झांकी को सक्षम, सशक्त और आत्मनिर्भर कैप्शन दिया गया है। इस बार 48 अग्निवीर वायु महिलाएं परेड में हिस्सा ले रही हैं। परेड में 144 सदस्यीय भारतीय वायुसेना के मार्चिंग दल का नेतृत्व स्क्वाड्रन लीडर रश्मि ठाकुर, स्क्वाड्रन लीडर सुनीता यादव, स्क्वाड्रन लीडर प्रतीति अहलूवालिया और फ्लाइट लेफ्टिनेंट कीर्ति रोहिल करेंगी। मार्चिंग दल का नेतृत्व करने वाली स्क्वाड्रन लीडर सुनीता यादव ने पिछले साल पेरिस में 'बैस्टिल डे' परेड में हिस्सा लिया था। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'बैस्टिल दिवस' पर मुख्य अतिथि थे और इस साल इमैनुएल मैक्रॉन भारत के 75वें गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे। उस समय भारतीय राफेल जेट और भारतीय सशस्त्र बलों की टुकड़ी ने पेरिस में चैंप्स-एलिसीस में मार्च किया था।

फिल्म जगत

'अन्नपूर्णी' विवाद पर नयनतारा ने मांगी माफी, फिल्म को नेटफ्लिक्स से हटाया गया

साउथ सिने इंडस्ट्री में लेडी सुपरस्टार के तौर पर पहचानी जाने वाली एक्ट्रेस नयनतारा ने अपनी फिल्म 'अन्नपूर्णी' में प्रभु रामचन्द्र को लेकर विवादित बयान दिये थे। मेकर्स के खिलाफ इस आधार पर शिकायत भी दर्ज कराई गई थी कि इससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। बढ़ते विवाद के कारण नेटफ्लिक्स ने फिल्म को हटा दिया। इसके बाद नयनतारा ने माफी मांगी है। नयनतारा ने इंस्टाग्राम पर माफी मांगी। उस बयान में बड़े-बड़े अक्षरों में जय श्री राम लिखा हुआ है। मेरी फिल्म 'अन्नपूर्णी' सिर्फ आर्थिक लाभ के लिए नहीं बनाई गई थी, हम इस फिल्म के जरिए एक सकारात्मक संदेश देना चाहते थे, लेकिन अनजाने में कुछ लोगों की भावनाएं आहत हो गईं। हमने नहीं सोचा था कि सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म को सेंसर बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद ओटीटी से हटा दिया जाएगा। न तो मेरी टीम और न ही मेरा इरादा लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का था। नयनतारा ने लिखा, मेरे दो दशक के फिल्मी करियर में मेरा लक्ष्य सकारात्मकता फैलाना रहा है। फिल्म 'अन्नपूर्णी' 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसके बाद 29 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। फिल्म पर हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगा था, जिसके बाद फिल्म को नेटफ्लिक्स से हटा दिया गया। इतना ही नहीं, फिल्म के प्रोड्यूसर्स और नयनतारा के खिलाफ शिकायत भी दर्ज कराई गई थी।